मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 42.0 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 41.6 | 24.2 |
| डालटनगंज | 39.4 | 22.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




चुनावी समर 2024

रविवार 07 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 348

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## कांग्रेस ने कमीशनखोरी को प्राथमिकता दी: मोदी

**सहारनपुर।** 'इंडिया' गठबंधन का लक्ष्य सत्ता में आने के बाद 'कमीशन' कमाना है. कांग्रेस जितने साल सत्ता में रही, उसने कमीशन खाने को प्राथमिकता दी. वहीं भाजपा और एनडीए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन में जुटे हैं. ये बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कही. मोदी ने कहा कि कि मैं देश का पहला ऐसा चुनाव देख रहा हूं, जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा है, बल्कि इसलिए चुनाव लड़ रहा है, ताकि भाजपा की सीट 370 से कम और एनडीए की सीट 400 से कम की जा सकें. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने तीन तलाक के कानून की परंपरा को खत्म कर के सिर्फ मुस्लिम महिला ही नहीं, बल्कि पूरे मुस्लिम परिवार को बचाने का काम किया है.



## देश की मर्यादा का चीरहरण कर रहे पीएम मोदी: सोनिया

**जयपुर।** विद्याधर नगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि मोदी खुद को महान मान कर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं. सोनिया ने कहा कि आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है. संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है. मेहनत से खड़ी की गई लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता के हथियार से बर्बाद किया जा रहा है. लेकिन, यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, हम सबका है. सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि देश से ऊपर खुद को सोचने वालों को देश की जनता सबक सिखा देती है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश में एक ऐसी सरकार है, जिसने देशवासियों को हताशा से भर दिया है.



## झारखंड के साथ सौतेला रवैया अपना रही केंद्र सरकार: कल्पना

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी व गांडेय विधानसभा उपचुनान में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन शनिवार को पहली बार झामुमो के रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंचीं. उन्होंने 21 अप्रैल को धुर्वा के शहीद मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की महारैली को लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. केंद्रीय कार्यालय से बाहर निकलते समय कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत जी के सपने को केंद्र सरकार ने बीच में बाधित कर दिया. उलगुलान के साथ आगे बढ़ कर पूरे देश को बताएंगे कि किस तरह केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. कहा कि इन लोगों ने संवैधानिक पद पर बैठे हेमंत जी और अरविंद केजरीवाल जी को जेल में डाला है. यह उलगुलान 'इंडिया' गठबंधन की रैली को मजबूती देने के लिए है.




## राम का नाम लेकर गोडसे का एजेंडा बढ़ा रही भाजपा: कन्हैया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने शनिवार को एक साक्षात्कार में भाजपा पर आरोप लगाया कि भगवान राम का नाम लेकर नाथूराम गोडसे के सांप्रदायिक और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने की राजनीतिक चाल चल रही है. कुमार ने यह भी दावा किया कि भाजपा, हिंदू धर्म की महानता को कम करने का प्रयास कर रही है. राम की संकल्पना में किसी के लिए नफरत का कोई स्थान नहीं है. कुमार ने कांग्रेस पर लगने वाले परिवारवाद के आरोपों को लेकर भाजपा और पीएम मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि व्यक्तिवाद, परिवारवाद से ज्यादा खतरनाक है. वहीं, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से देश में राम मंदिर लहर पर कहा, अगर राम जी की लहर है तो यह बुरी बात नहीं है. बुरा तब होता जब महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे की लहर होती.



### ब्रीफ खबरें

#### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए



**छत्तीसगढ़।** राज्य नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा गांव के जंगलों में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच सुबह करीब साढ़े पांच बजे मुठभेड़ हुई. सुरक्षा बलों की जबावी कार्रवाई में तीन नक्सलियों का शव, एक एलएमजी, एक एके-47 समेत कई हथियार बरामद किए गए.

#### नफरत फैला रही विपक्ष की गारंटी: राजनाथ सिंह

**सिंगरौली (मप्र)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भाजपा अपनी बात पर चलती है और पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी नागरिकों को कठिनाई से बचाने की है, जबकि विपक्ष नफरत फैला रहा है. एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी लोगों को परेशानी और कठिनाई से बचाना है. वहीं, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की गारंटी नफरत फैला रही है.

#### मोदी को अपने इतिहास का पता नहीं: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी पीएम नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे.

#### एनआईए ने ही ग्रामीणों पर हमला किया: ममता


**बालुरघाट।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया. एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद भी नहीं ली. आखिर उसने इस तरह हमला क्यों किया?

#### भारतीय पुरुष हॉकी टीम की करारी हार

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम से उम्मीद की जा रही थी कि वह ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देगी. लेकिन शनिवार को यहां पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला और मेहमान टीम को 1-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा.

#### स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन जीता

**चंडीगढ़।** भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेल कर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया. उनके नाम चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया. भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा.



### चतरा के आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला उठाव के नाम पर प्रति टन आठ रुपये की वसूली

# डिस्पैच ऑफिसर ने कहा- बिना पैसे दिए काम नहीं

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

- रिश्वत लेने की शिकायत पर सीबीआई ने की थी कार्रवाई

सौरभ सिंह। रांची

चतरा की आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला उठाव के नाम पर प्रति टन आठ रुपये की वसूली होती है. पैसा दिए बिना कोई भी डीओ होल्डर कोयले का उठाव नहीं कर सकता. इसकी शिकायत मिलने पर बीते चार अप्रैल को आम्रपाली परियोजना में सीबीआई ने छापेमारी की थी. सीबीआई ने डिस्पैच अधिकारी सुधांशु कुमार शर्मा व क्लर्क जीतेन गंझू को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था.

टंडवा थाना क्षेत्र के बुकरु गांव निवासी डीओ होल्डर कृष्णा कुमार ने सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद सीबीआई ने यह कार्रवाई की थी. कृष्णा गुप्ता ने सीबीआई को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपा था. इसके मुताबिक कोयला का उठाव करने के बदले हर कोयला कारोबारी को आठ रुपये प्रति टन देने पड़ते हैं. पैसा नहीं देने पर कोयले का उठाव करने नहीं दिया जाता है. तरह-तरह की परेशानियां उत्पन्न की जाती हैं. 'लगातार न्यूज नेटवर्क' के पास ऑडियो का स्क्रिप्ट उपलब्ध है, जिसके मुताबिक डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा ने डीओ होल्डर कृष्णा से साफ कहा था कि बिना पैसे दिए काम नहीं होगा.



### डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा व डीओ होल्डर कृष्णा के बीच बातचीत के अंश

**डीओ होल्डर:** सर कितना हुआ?
**डिस्पैच ऑफिसर:** तुम्हारा कौन डीओ है?
**डीओ होल्डर:** 1003 और 1002.
**डिस्पैच ऑफिसर:** ये सब डीओ कौन उठाया?
**डीओ होल्डर:** कौन सा?
**डिस्पैच ऑफिसर:** 702 या श्याम सेल.
**डीओ होल्डर :** हां.
**डिस्पैच ऑफिसर:** 828, 691 टन शुभ.. कृष्णा किशोर.
**डीओ होल्डर:** मेरा नहीं है. 702 मेरा था, जो हम भेजवाए थे, पैसा लास्ट में रोहित के हाथ से 30 हजार रुपया.
**डिस्पैच ऑफिसर:** कब भेजवाए थे?
**डीओ होल्डर:** आप से बात किए थे, एक बार जब हमलोग रांची में थे. बोले थे, हम रांची में हिसाब कर रहे हैं, फिर आके हिसाब करेंगे. फिर 12 हजार रुपया बचा था. 12 हजार भर दिया, जब साइन करवाने आए थे आप से.
**डिस्पैच ऑफिसर:** इससे पहले आधुनिक प्रेम उठाया था.
**डीओ होल्डर:** हां प्रेम उठाया था.
**डिस्पैच ऑफिसर:** 951 कौन उठाया था?
**डीओ होल्डर:** नहीं पता सर
**डिस्पैच ऑफिसर:** 1000 टन कौन किशोर?
**डीओ होल्डर:** नहीं पता सर.
**डीओ होल्डर:** 3798 टन दो डीओ है.
**डिस्पैच ऑफिसर:** कितना बचा है, काम खत्म हो गया.
**डीओ होल्डर:** लास्ट है.
**डीओ होल्डर :** कितना हो गया सर?
**डिस्पैच ऑफिसर:** 8000 हुआ न दोनों मिलाकर.
**डीओ होल्डर:** 7596, 3798 टन कर के कितना हो जाएगा सर?
**डिस्पैच ऑफिसर:** 91,000.
**डीओ होल्डर:** 91,000 फिलहाल कितना पड़ेगा?
**डिस्पैच ऑफिसर :** पूरा, तभी काम बढ़ेगा.
**डीओ होल्डर:** 91,000 हजार देना पड़ेगा.
डिस्पैच ऑफिसर : हां.

### बोकारो : सेल प्लांट में जहरीली गैस का रिसाव

# 26 कर्मी दम घुटने से बीमार



बड़ा हादसा टला

संवाददाता। बोकारो

- कर्मियों की हालत स्थिर, री-हीटिंग फरनेस में लगी थी आग
- मच गई थी अफरा-तफरी, काम छोड़ कर भागने लगे थे मजदूर

सेल के बोकारो स्टील प्लांट के हॉट स्ट्रिप प्लांट में शनिवार सुबह करीब नौ बजे अचानक जहरीली गैस की पाइप फट जाने से गैस का रिसाव होने लगा. इसकी सूचना के तुरंत बाद प्लांट में कार्यरत हजारों कर्मियों में अफरा तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार, बोकारो स्टील प्लांट के मिक्स्ड गैस पाइप लाइन जिससे हॉट स्ट्रिप मिल के री-हीटिंग फरनेस में गैस सप्लाई की जाती है.उसमें शनिवार सुबह पहले से ही तय प्रोग्राम के अनुसार मेंटेनस का काम चल रहा था. पाइप लाइन बंद था और इसमें कोई गैस नहीं थी.

मेंटेनस के तहत एक कम्पोनसेटर भी बदला जाना था, जिसके लिए पाइप लाइन में कटिंग एवं वेल्डिंग का काम हो रहा था.



वेल्डिंग से निकलने वाले चिंगारी से पाइप लाइन के अंदर जमा नेपथा और सल्फर गैस आग पकड़ लिया और तेज धुंआ निकलने लगा, जो पाइप लाइन के माध्यम से हॉट स्ट्रिप मिल तक फैल गया. (शेष पेज 7 पर)

# गुजरात: क्या भाजपा को भारी पड़ेगी क्षत्रियों की नाराजगी?

- क्षत्रिय समाज की महिलाओं की बढ़ाई गई सुरक्षा, पुलिस-प्रशासन अलर्ट
- राजपूत समाज ने बुलाई संकलन समिति की बैठक, धाधंका में सम्मेलन आज




### भड़के क्षत्रिय

शुभम संदेश नेवर्क। अहमदाबाद

पिछले एक सप्ताह से, गुजरात में सौराष्ट्र क्षेत्र उबाल पर है, जहां क्षत्रियों पर केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला की टिप्पणी को लेकर प्रभावशाली राजपूत समुदाय द्वारा भाजपा का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखा जा रहा है. राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार रूपाला द्वारा कई बार माफी मांगने के बावजूद विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है. राजकोट की सड़कों पर समुदाय के प्रदर्शनकारियों को देखा गया है, जो हमेशा राज्य में भाजपा के पीछे खड़े रहे हैं. वे बैनर लेकर नारे लगा रहे थे और मांग कर रहे थे कि रूपाला को लोकसभा की दौड़ से बाहर कर दिया जाए. पिछले हफ्ते रूपाला के आवास के पास उनका पुतला जलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

इस बीच, क्षत्रिय समाज की सात महिलाओं ने रानी पद्मावती और उनकी दासियों की तर्ज पर स्वाभिमान की रक्षा के लिए जौहर (आत्महत्या) करने तक की धमकी दे डाली है. इसके बाद राजकोट के साथ पूरे गुजरात की राजनीति गरमा गई है. क्षत्रिय समाज की तरफ से लगातार यह मांग की जा रही है कि भाजपा राजकोट से किसी और को चुनाव लड़ाए. क्षत्रिय समाज का अपमान करने वाले रूपाला की टिकट वापसी के लिए अब महिलाएं सामने आ गई हैं. (शेष पेज 7 पर)

### महिलाओं पर पुलिस का पहरा

क्षत्रिय समाज की मांग है की भाजपा रूपाला के टिकट को वापस ले. विरोध के 13वें दिन राजकोट में क्षत्रिय समाज की बैठक हो रही है. इसमें आगे की रणनीति बना जा रही है, तो वहीं दूसरी क्षत्रिय समाज की जिन महिलाओं ने रूपाला के खिलाफ भाजपा के राजकोट पार्टी ऑफिस के बाहर जौहर (आग लगाकर जान देना) की धमकी दी है, उन सभी को नजरबंद कर दिया गया है. इन महिलाओं के वीडियो सामने आने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. रूपाला एक तरफ जहां प्रचार शुरू कर चुके हैं, तो वहीं शहर में उनके खिलाफ बॉयकॉट पोस्टर सामने आ रहे हैं. एक अन्य घटनाक्रम में गुजरात भाजपा के नेता सीआर पाटिल का द्वारका जिले जाम खंभालिया में विरोध भी सामने आया है. कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के युवाओं ने हंगामा किया और कुर्सियां उछालीं. रूपाला की टिप्पणी पर भाजपा को गुजरात में राजपूतों के गुस्से का सामना क्यों करना पड़ रहा है? क्षत्रियों पर केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला की टिप्पणी पर गुजरात में राजपूत समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया. विवाद आखिर किस बारे में है? क्या विरोध प्रदर्शन का असर भाजपा पर पड़ेगा?

### आख़िर विवाद क्या है?

राज्यसभा सांसद परषोत्तम रूपाला ने 22 मार्च को एक दलित कार्यक्रम में यह कह कर विवाद खड़ा कर दिया कि तत्कालीन 'महाराजाओं' ने अंग्रेजों से नाता जोड़ लिया था और अपनी बेटियों की शादी भी उनसे कर दी थी. यह वीडियो वायरल हो गया, जिसने विभिन्न क्षत्रिय संगठनों और राजपूतों, जो सौराष्ट्र के पूर्व शाही या राजसी परिवारों के वंशज हैं, के क्रोध को आमंत्रित किया गया. रूपाला ने कहा कि राजाओं और राजघरानों ने भी अंग्रेजों के सामने घुटने टेक दिए, उनके साथ पारिवारिक संबंध बनाए, उनके साथ रोटी तोड़ी और यहां तक कि अपनी बेटियों की शादी भी उनसे की. लेकिन हमारे रुखी समाज (एक दलित समुदाय) ने न तो अपना धर्म बदला और न ही ऐसे संबंध स्थापित किए. हालांकि उन्हें सबसे अधिक सताया गया. जैसे ही रूपाला की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया हुई, रूपाला, जो उच्च जाति कड़वा पाटीदार समुदाय से हैं, ने अगले दिन माफी मांगी. 29 मार्च को राजकोट के गोंडल शहर में राजपूत समुदाय के नेताओं की एक सभा में हाथ जोड़ कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी. रूपाला ने कहा, मैंने पहले ही माफी मांगते हुए कहा था कि ''मैंने जो कहा उसका मतलब कभी नहीं था. यह मेरे लिए बहुत अफसोस की बात है कि मेरे मुंह से ऐसे शब्द निकले. हालांकि, माफी मांगने से राजपूतों पर असर नहीं पड़ा है, जिन्होंने भाजपा से रूपाला की उम्मीदवारी वापस लेने या 7 मई के लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने का आग्रह किया है.

### राजपूत समाज ने कैसी प्रतिक्रिया दी

राजपूत समुदाय के सदस्यों ने नरम पड़ने से इनकार कर दिया है और अपना विरोध तेज कर दिया है. समुदाय ने रूपाला को लोकसभा उम्मीदवार के रूप में नहीं हटाए जाने पर हर जिले में उनका पुतला जलाने की कसम खाई है. समुदाय ने आशंका व्यक्त की है कि रूपाला चुनाव के बाद वही भाषा बोल सकते हैं. हालांकि, राजपूत समुदाय के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि वे केवल रूपाला के खिलाफ थे और भाजपा द्वारा उनकी जगह किसी अन्य पाटीदार उम्मीदवार को लाने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है. क्षत्रिय समुदाय के नेता राज शेखावत के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद शनिवार को भाजपा को बड़ा झटका लगा है. शेखावत, जो करणी सेना के एक गुट के अध्यक्ष भी हैं, ने दावा किया कि चुनाव के लिए टिकट वितरण में भाजपा द्वारा समुदाय की उपेक्षा की जा रही है.

**खरी-खरी** लोकसभा चुनाव से पहले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्युडिशियरी को दिया मंत्र

# किसी दल विशेष के नहीं, संविधान के वफादार बनिये

एजेंसियां। नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वकीलों और जजों को किसी दल विशेष की जगह संविधान के प्रति वफादार होना चाहिए. जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस बात पर जोर दिया कि जजों को गैर-पक्षपातपूर्ण होना जरूरी है. जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नागपुर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में कहा, हमारे जैसे जीवंत और तर्कपूर्ण लोकतंत्र में, ज्यादातर लोगों का झुकाव किसी न किसी राजनीतिक विचारधारा की तरफ होता है. अरस्तू



ने कहा था कि मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं, और वकील-जज कोई अपवाद नहीं हैं. हालांकि, बार के सदस्यों को अदालत और संविधान के साथ पक्षपातपूर्ण नहीं होना चाहिए. सीजेआई ने कहा कि एक संस्था के रूप में, हमारे कंधे चौड़े हैं. हम तारीफ और आलोचना, दोनों को स्वीकार करते हैं.

### हमारी निष्ठा केवल संविधान के लिए होनी चाहिए

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और बहस करने वाले लोकतंत्र में, ज्यादातर लोगों का कोई न कोई राजनीतिक विचार या झुकाव होता है. सीजेआई ने आगे कहा कि वकीलों के लिए सबसे ज्यादा वफादारी किसी पार्टी के हितों के लिए नहीं बल्कि अदालत और संविधान के लिए होनी चाहिए. चंद्रचूड़ ने दोहराया कि न्यायपालिका ने अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपात को बनाए रखने, कार्यपालिका, विधायिका और राजनीतिक स्वार्थों से सत्ता के पृथक्करण को सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम किया है. साथ ही इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच एक गहरा संबंध है.

#### हम प्रशंसा, आलोचना दोनों के लिए तैयार

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठों के फैसले कड़ी कार्यवाही, गहन कानूनी विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के पालन का नतीजा होते हैं. उन्होंने कहा कि एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद, यह सार्वजनिक संपत्ति बन जाती है. एक संस्था के रूप में, हमारे कंधे मजबूत हैं. हम पत्रकारिता लेखों, राजनीतिक टिप्पणियों या सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशंसा और आलोचना, दोनों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं. उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में, मैं वकील संघों के सदस्यों की ओर से लंबित मामलों और फैसलों पर टिप्पणी करने की प्रवृत्ति से बहुत परेशान हूं. आप सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अदालत के अधिकारी हैं और हमारे कानूनी विचार-विमर्श की सच्चाई और गरिमा आपके हाथों में है.

# पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा दोषी करार

संवाददाता। रांची

तोरपा के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप की मुश्किलें बढ़ सकती है. वर्ष 2013 में तोरपा में पुलिस मुखबिरी के आरोप में दो लोगों की हत्या मामले में अदालत ने तोरपा के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को दोषी करार दिया है. बताते चलें कि पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं. अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी. वहीं, अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रही तीन महिलाओं और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. सुनवाई के दौरान जेठा कच्छप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गोड्डा जेल से कोर्ट के समक्ष उपस्थित था, वहीं, पौलुस सुरीन सशरीर उपस्थित थे.



**खास बात**

- सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को होगी सुनवाई

**क्या है मामला :** पुलिस मुखबिरी के आरोप में भूषण सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गई थी. मामले में पौलुस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो और 3 महिला समेत 6 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे. इसी मामले में पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस कर रहा है.

**ब्रीफ खबरें**

### झारखंड पार्टी ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** झारखंड पार्टी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जा कर दी है. यह सूची पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत के हस्ताक्षर से जारी की है. स्टार प्रचारकों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, अशोक कुमार भगत, अजीत कुमार, रिजवान अहमद, चित्रसेन सिन्कु, किरण कुमार आइन्द,अर्पणा हंस, ऐनुल हक अंसारी, संदेश विभव एक्का, आइरिन एक्का, महेंद्र हांसदा और अतीश कुमार सिंह शामिल हैं.

### मुस्लिम लीग इंडिया गठबंधन के साथ : हुसैन

**रांची।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ हुसैन ने कहा कि राष्ट्रीय कमिटी के निर्देशानुसार झारखंड राज्य में कुल 14 लोकसभा सीटों के लिए हमारी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमिटी अपना कोई भी उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं उतारेगी. हमारी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के साथ है, उसे ध्यान में रखते हुए इस लोकसभा चुनाव में झारखंड राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्र में सभी गठबंधन के उम्मीदवारों को विजय बनाने के लिए हमारी पार्टी के कार्यकर्ता भी संयुक्त रूप से मेहनत करेंगे, ताकि गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो सके और केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार की स्थापना हो सके.

### येचुरी का दावा- माकपा के खाते भी फ्रीज हो गए

**रांची।** कांग्रेस के बाद माकपा के बैंक खाते भी फ्रीज कर दिये गये हैं. पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने ये दावा किया है. येचुरी ने कहा कि एक साजिश के तहत केंद्र के इशारे पर माकपा के खाते सीज कर लिये गये हैं. कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता बैंक से रकम की निकासी नहीं कर पा रहे. उन्होंने कहा कि पार्टी इस बैन के खिलाफ कानूनी कदम उठाने के लिए वकीलों से सलाह कर रही है. बता दें कि इससे पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है.

पहली दफा पार्टी कार्यालय पहुंचीं कल्पना, नेताओं-कार्यकर्ताओं से खुलकर बात की

# हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में रांची में 21 को उमड़ेगा जनसैलाब : कल्पना

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन शनिवार को झामुमो कैंप कार्यालय पहुंचीं. यह पहला अवसर था, जब कल्पना पार्टी के कैंप कार्यालय में 21 अप्रैल की न्याय उलगुलान रैली की तैयारी को लेकर आहूत बैठक में शामिल हुईं. पार्टी कार्यालय में अलग-अलग जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे थे. बैठक में रैली को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया. कार्यकर्ताओं से मिल कर कल्पना काफी खुश और मजबूत नजर आ रही थीं. उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार आवाज में हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे भी लगाए. कल्पना ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से खुल कर बातचीत की, पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हेमंत जी का जो सपना अपनी माटी और पार्टी को लेकर था, उसे बीच में बाधित करने का काम किया गया है.

**आदिवासी-मूलवासियों के लिए सरकार कर रही मजबूती से काम :** कल्पना ने कहा कि झारखंड के आदिवासी और मूलवासियों को लेकर हेमंत सरकार नें मजबूती के साथ काम किया है और लगातार काम कर भी रही है. अब उस काम को हमारी सरकार आगे बढाने का काम कर रही है. हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत विपक्ष के लोगों ने घबरा कर जेल में डाला है. उन्हें जेल बंद रखा गया है. पार्टी के कार्यकर्ताओं की ताकत से वह मजबूती के साथ संघर्ष कर रहे हैं. यही ताकत आपलोगों को न्याय उलगुलान रैली में दिखानी होगी. आनेवाले चुनावों में समाज को बांटने वाले लोगों को झारखंड की जनता करारा जबाब देगी. पार्टी के हर कार्यकर्ता को राज्य को खुशहाल बनाने का हेमंत जी के सपने को पूरा करने में जुट जाना है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. केंद्र में बैठे लोगों ने संवैधानिक पद पर बैठे हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है. इसके विरोध में आवाज उठाने के लिए हर कार्यकर्ता रैली की तैयारी में जुट जाएं. आने वाले चुनावों में समाज को बांटने वाले लोगो पर वोट से चोट करना है. मौके पर हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार रहे अभिषेक कुमार पिंटू भी मौजूद थे.





**न्याय के लिए झारखंड से उलगुलान होगा** | झामुमो की बैठक में हिस्सा लेने विभिन्न जिलों से आये पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुभम संदेश संवाददाता से बातचीत कर दावा किया कि झामुमो की न्याय उलगुलान रैली ऐतिहासिक होगी. कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद लोगों में काफी आक्रोश है. रैली में पूरे देश से भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा. न्याय के लिए झारखंड से उलगुलान होगा. लोगों का एक-एक वोट भाजपा के लिए चोट होगा.

### कल्पना ने एक्स पर लिखा-हम लड़ेंगे-हम जीतेंगे

पार्टी कार्यालयमें कार्यकर्ताओं संग बैठक कर निकलने के बाद उन्होंने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि हम लड़ेंगे- हम जीतेंगे. आज रांची स्थित पार्टी कार्यालय में संघर्ष के साथियों के साथ. जय जोहार! जय झारखंड ! हेमंत सोरेन जिंदाबाद.

क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार, रास चुनाव 2016 हॉर्स ट्रेडिंग मामला

# डीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार पर अब नहीं चलेगा केस

**संवाददाता।रांची**

राज्यसभा चुनाव-2016 हॉर्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और रघुवर दास के प्रेस सलाहकार रहे अजय कुमार पर अब केस नहीं चलेगा. जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में दायर क्लोजर रिपोर्ट पर एसीबी की अदालत में शिकायतकर्ता गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर ने शनिवार को अपना पक्ष रखा. उन्होंने पुलिस के अनुसंधान को सही बताया. साथ ही जगन्नाथपुर पुलिस द्वारा दायर क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति नहीं जतायी. इसके बाद एसीबी की विशेष अदालत ने पुलिस के क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया.



### अनुराग गुप्ता को विभागीय जांच में मिल चुकी थी क्लीन चिट

बता दें कि हॉर्स ट्रेडिंग मामले में जगन्नाथपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आरोपित एडीजी अनुराग गुप्ता पर चल रही विभागीय जांच सितंबर 2021 में पूरी हो गयी थी. विभागीय कार्रवाई संचालन पदाधिकारी डीजी एमवी राव ने (सेवानिवृत्ति) 30 सितंबर 2021 को राज्य सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी. इस रिपोर्ट में एडीजी अनुराग गुप्ता के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिलने के कारण उन्हें क्लीन चिट मिल गयी.

### निर्वाचन आयोग के निर्देश और झाविमो की शिकायत पर दर्ज की गई थी प्राथमिकी

विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता पर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगा था. भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच करायी थी. आयोग ने प्रथम दृष्ट्या आरोप को सही पाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था. हॉर्स ट्रेडिंग मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) जोड़ने का आदेश भारत निर्वाचन आयोग का ही था. भारत निर्वाचन आयोग ने सुनवाई के बाद 2017 में ही हॉर्स ट्रेडिंग मामले में धारा 171बी व 171सी भारतीय दंड विधान के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम भी लगाने का आदेश दिया था. तब राज्य में रघुवर दास के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी. उस वक्त सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम लगाने की अनुमति नहीं दी थी. 29 मार्च 2018 को केवल तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता और मुख्यमंत्री के सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ जमानतीय धारा 171बी व 171सी में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी.

**क्लोजर रिपोर्ट दायर कर कोर्ट से किया था इस केस को बंद करने का आग्रह** | इस मामले की जांच कर रहे आईओ ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट दायर कर इस केस को बंद करने का आग्रह कोर्ट से किया था. इसको लेकर अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था और अपना पक्ष रखने को कहा था. बता दें कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च 2018 को जगन्नाथपुर थाना में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. बाद में रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था.

# अर्जुन मुंडा पर हाईकोर्ट ने लगाया सवा लाख का जुर्माना

**संवाददाता।रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर सवा लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. अदालत ने यह जुर्माना याचिका में बिना त्रुटि दूर किए सुनवाई के लिए मेंशन करने की एवज में लगाया है. सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है. इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया. साथ ही अदालत ने जुर्माना की इस राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन, झारखंड हाईकोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है.

हालांकि कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है. मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होनी है. बताते चलें कि 11 अप्रैल 2023 को सचिवालय मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी. मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था. इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल, समीर उरांव, सांसद निशिकांत दुबे सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अर्जुन मुंडा की ओर से इसी प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया है.

**खास बातें**

- याचिका को बिना त्रुटि दूर किए सुनवाई के लिए मेंशन किया गया
- कोर्ट ने मुंडा के खिलाफ पीड़क कार्रवाई करने पर रोक लगायी



अगले तीन दिनों के बाद गिरेगा पारा


# गर्मी ने दिखाई झलक, तपा झारखंड, पारा पहुंचा 42 पार

**हीट वेव से मिलेगी राहत, बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन**

**संवाददाता।रांची**

झारखंड में गर्मी ने अपनी झलक दिखानी शुरू कर दी है. झारखंड में पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है. कई जिलों में तापमान 41 डिग्री से अधिक हो गया है. रांची मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को राज्य में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है. सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां जिले में दर्ज किया गया. यहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं राज्य के पूर्वी भागों में सात से आठ अप्रैल को कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिलों में पड़ने की संभावना है.

**गर्मी से मिलेगी राहत :** मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के पूर्वी हिस्से में कुछ जगहों पर उष्ण लहर की स्थिति देखी जा रही है. लेकिन, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन से लोगों को राहत मिलेगी. अगले तीन दिनों में गरज के साथ बारिश होगी, जिससे गर्मी से थोड़ी निजात मिलेगी. कहीं-कहीं वज्रपात, 7 अप्रैल को तेज हवाएं चलेंगी, जिसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर के बीच हो सकती है. 9 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं तेज हवाएं चलेंगी. गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं. वज्रपात भी हो सकता है.



**अगले तीन दिनों के बाद गिरेगा पारा**

रांची मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. इसके बाद अगले 3 दिनों के दौरान इसमें 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है.

**किस जिले में कितना रहा अधिकतम तापमान**

| जिला | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| बोकारो | 38.4 |
| चतरा | 37.3 |
| देवघर | 40 |
| गढ़वा | 39.1 |
| गिरिडीह | 38.5 |
| गोड्डा | 41.8 |
| खूंटी | 38.6 |
| पाकुड़ | 41.2 |
| सरायकेला | 42.2 |
| रांची | 36 |
| सिमडेगा | 39.5 |
| सिमडेगा | 39.5 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 39.9 |
| पलामू | 39.9 |
| रामगढ़ | 38 |
| साहिबगंज | 38.1 |

(डिग्री सेल्सियस)

### आरोपी आईएफएस की फाइल दबाये बैठे रहे डिप्टी सेक्रेट्री को निंदन की सजा

**रांची।** रिटायर्ड आईएफएस नरेंद्र मिश्रा के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल को ढाई साल दबा कर रखने पर डिप्टी सेक्रेट्री रैंक के अफसर विजय कुमार भगत को निंदन की सजा दी गई है. विजय कुमार भगत सचिवालय सेवा के अफसर हैं. काफी लंबे समय तक विजय कुमार भगत वन विभाग में पदस्थापित रहे थे. उन पर आरोप है कि वन विभाग में अवर सचिव के पद पर रहते हुए रिटायर्ड आईएफएस नरेंद्र मिश्रा के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल लगभग ढाई साल तक दाए रखी, जिससे राजस्व की क्षति भी हुई. विजय कुमार से इस मामले में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है, जिसमें उन्होंने बचाववाला बयान दिया. यह बात सामने आयी कि उन्होंने जानबूझ कर फाइल नहीं दबायी थी. सीधे-सीधे सिर्फ उन पर आरोप प्रमाणित नहीं किया जा सकता. ऐसे में मामले की समीक्षा के बाद झारखंड सचिवालय सेवा के उक्त पदाधिकारी को निदंन की सजा दी गयी है. वर्तमान में विजय कुमार भगत ग्रामीण कार्य विभाग में डिप्टी सेक्रेट्री के पद पर पदस्थापित हैं. कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है.

- मिली सिर्फ निंदन की सजा

अमन साहू गिरोह का नया कारनामा

# बर्बरीक कंपनी धमकी-काम नहीं करने देंगे

**सौरभ सिंह।रांची**

अमन साहू गिरोह का आतंक पुलिस के दावे के विपरीत बढ़ रहा है. अमन साहू गिरोह लगातार कोयला कारोबारी, ठेकेदार व अन्य कारोबारियों को धमकी दे रहे हैं. इसी दौरान सोशल मीडिया पर अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने ओरमांझी में भारत माला सड़क निर्माण करा रही बर्बरीक कंपनी को धमकी दी है. मयंक सिंह ने कहा है कि बर्बरीक कंपनी के लिए मेरा मैसेज है कि अपना काम धंधा समेट कर छत्तीसगढ़ चले जाये. झारखंड में कंपनी को किसी प्रकार का कोई काम करने नहीं दिया जाएगा. इस कंपनी से जुड़े अधिकारी कर्मचारी जो जहां मिलेंगे, उनकी खोपड़ी खोल दी जाएगी. इस पूरे घटनाक्रम को गैंग चुनौती के रूप में लेता है.

**रांची पुलिस ने लेवी वसूलने आये दो अपराधियों को किया था गिरफ्तार :** 50 लाख लेवी देने से आनाकानी करने पर भारत माला सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी की हत्या की योजना थी. इस मामले में एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची पुलिस ने अमन साहू गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया था. जिनमें पतरातु थाना क्षेत्र स्थित साकुल गांव का रहने वाला प्रमोद सिंह और अमजद शामिल है. इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मयंक सिंह ने कहा है कि रांची पुलिस ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में जिन चीजों का उल्लेख किया है वो सत्य से परे है. प्रमोद सिंह और अमजद की गिरफ्तारी ओरमांझी क्षेत्र से करीब 2.30 बजे की गयी है. गिरफ्तारी के वक्त इन लोगों के पास से किसी प्रकार का कोई हथियार की बरामदगी नहीं हुई है. रांची पुलिस ने हथियार प्लांट किया और केस का स्क्रिप्ट खुद लिखा. कंपनी के अधिकारियों ने रांची पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तारी करायी है. गैंग के सदस्य चंदन साहु के भाई और अमन साहु के भाई का नाम जान बुझकर प्रमोद और अमजद के बयान में डाला गया है, जिनका किसी भी तरीके से गैंग से कोई लेना देना नहीं है.



### पुलिस के दावे के विपरीत बढ़ रहा अमन साहू गिरोह का दबदबा

*अमन साहू गिरोह का दबदबा पुलिस के दावे के विपरीत बढ़ता ही जा रहा है. अमन साहू गिरोह कभी व्यवसायियों को धमकी, तो कहीं घर के बाहर फायरिंग कर चुनौती देते नजर आ रहे हैं. वह खुलेआम नाम लेकर कहता है कि अगला निशाना कौन होगा. कुछ हद तक निशाने पर वार भी करते हैं. ऐसे में व्यवसायी वर्ग खौफ में हैं.*



Mayank Singh is with Aman Sahu

प्रेस विज्ञप्ति (04/04/2024)

रांची पुलिस के द्वारा अपने प्रेस विज्ञप्ति में जिन चीजों का उल्लेख किया गया है वो सत्य से परे है!

दिनांक 02/04/2024 को प्रमोद सिंह और अमजद की गिरफ्तारी ओरमांझी क्षेत्र से लगभग 2.30 बजे की गयी है!
गिरफ्तारी के वक्त इन लोगों के पास से किसी प्रकार का कोई हथियार की बरामदगी नहीं की हुई है!
रांची पुलिस के द्वारा हथियार प्लांट करके और केस का स्क्रिप्ट खुद लिखा गया है! कंपनी के अधिकारियों ने रांची पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तारी करायी है!
गैंग के सदस्य चंदन साहु के भाई और अमन साहु के भाई का नाम जान बुझकर प्रमोद और अमजद के बयान में डाला गया है जिनका किसी भी तरीके से गैंग से कोई लेना देना नहीं है! राहुल दुबे और अगत @ लकी की भी इस पूरे घटनाक्रम में कहीं से कोई संलिप्तता नहीं है! बेवजह इन लोगों को इस घटना में पुलिस घसीट रही है!
बर्बरीक कंपनी के लिए मेरा मैसेज है कि अपना काम धन्धा समेट

रणनीति | तकनीकी और बेहतर रणनीति बनाने में कॉर्पोरेट के अफसर करेंगे सहयोग

# राज्य के टॉप ब्यूरोक्रेट्स करेंगे अफसरों के साथ काम

**रवि भारती।रांची**

अब झारखंड के मुख्य सचिव सहित पांच विभागों के प्रधान सचिव और सचिव को रणनीति बनाने व तकनीकी सहायता देने के लिए वरिष्ठ कॉर्पोरेट अफसरों की नियुक्ति की जाएगी. तकनीकी और रणनीतिक सहायता देने के लिए कॉर्पोरेट अफसरों को प्रतिमाह 75 हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा. पांच कॉर्पोरेट अफसरों की नियुक्त की जाएगी. इसके लिए मेसर्स नज्ज लाइफस्किल्स फाउंडेशन से एमओयू भी किया जाएगा. राज्य सरकार ने पांच वरिष्ठ कॉर्पोरेट अफसरों को भारतीय प्रशासनिक फेलोशिप के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए मेसर्स नज्ज लाइफस्किल्स फाउंडेशन का चयन किया है.



**75** हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा मानदेय

- चीफ सेक्रेटरी सहित पांच विभागों में होगी कॉर्पोरेट अफसरों की नियुक्ति

### इन विभागों में काम करेंगे कॉर्पोरेट अफसर

कॉर्पोरेट अफसरों को मुख्य सचिव कार्यालय, प्रधान सचिव या सचिव, वित्त विभाग, प्रधान सचिव या सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, प्रधान सचिव या सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं प्रधान सचिव या सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यालयों में पदस्थापित किया जाएगा. कॉर्पोरेट अफसरों की कार्य अवधि को 18-18 महीने के दो हिस्सों में विभाजित किया जाएगा. पहले 18 महीने तक कार्य करने वाले अफसरों का चयन इस संकल्प के जारी होने की तिथि से तीन महीने के अंदर कर लिया जाएगा.

### कॉर्पोरेट अफसरों को मिलेगा निदेशक का पद

कॉर्पोरेट अफसरों को स्थानीय एवं बाहर की यात्रा के लिए वाहन यात्रा एवं अन्य व्यय सरकार के नियमों के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा. साथ ही राज्य सरकार में उन्हें निदेशक का भी पद दिया जाएगा. उनके खर्च के लिए संबंधित विभाग का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा. यात्रा इत्यादि खर्च का भुगतान संबंधित विभाग अपने बजट के अंतर्गत करेंगे.

फिर भी टिकट देने में सबने की कोताही

# आदिवासी सीटों पर महिला वोटर अधिक

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला के तौर पर आसीन है, लेकिन राजनीतिक दल आदिवासी महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारने में हिचकते हैं. यह स्थिति तब है, जब कि राज्य की पांच सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं. चार लोस सीटों में महिला वोटरों की संख्या भी पुरुषों से ज्यादा है. जिन आदिवासी रिजर्व सीटों में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है उनमें राजमहल, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा शामिल हैं. 2019 में पांच रिजर्व सीटों पर 13 आदिवासी महिलाएं चुनाव में खड़ी हुई थीं. जिसमें पश्चिम. सिंहभूम लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर गीता कोड़ा ने चुनाव जीता था. 2024 के चुनाव में वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं. चार लोस सीटों पर महिला वोटर अधिक होने के बाद भी राजनीतिक दल उन्हें उम्मीदवार बनाने से बचते रहे हैं.

### मतदाता सूची के अनुसार वोटर

**खूंटी :** खूंटी सीट पर पुरुषों की तुलना में सबसे अधिक महिला मतदाता हैं. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6 लाख 67 हजार 946 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 44 हजार 311 है. इस लोकसभा सीट से भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पुरुषों को टिकट दिया है. भाजपा अर्जुन मुंडा और कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को चुनाव में उतारा है.

**सिंहभूम : सिंहभूम में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता की संख्या अधिक है. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 लाख 32 हजार 963 मतदाताओं में से 7 लाख 27 हजार 734 महिला मतदाता और 7 लाख 5 हजार 167 पुरुष मतदाता हैं.**

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा सीट पर 7 लाख 7 हजार 402 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 7 लाख 19 हजार 616 महिला मतदाता हैं. भाजपा ने इस सीट से समीर उरांव को खड़ा किया है, वहीं कांग्रेस ने सुखदेव भगत को चुनाव में उतारा है.

**राजमहल : राजमहल सीट पर कुल 16 लाख 82 हजार 219 मतदाताओं में से 8 लाख 41 हजार 217 महिला और 8 लाख 40 हजार 995 पुरुष मतदाता हैं. भाजापा ने ताला मरांडी को राजमहल सीट से प्रत्याशी बनाया है, जबकि झामुमो ने अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है.**

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 07 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 348 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### झारखंड में भांग और गांजा के शौकीन हुए चूहे, धनबाद के राजगंज थाना से आया अजीबो-गरीब मामला

# चूहे चट कर गए थाने में रखा 19 किलो भांग और 9 किलो गांजा

**करीब छह-सात साल पूर्व बिहार के थानों के मालखाना में रखे शराब को चूहे द्वारा पीने का अजीबोगरीब मामला सामने आया था. अब झारखंड के धनबाद जिले से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है. इस बार चूहों ने थाने के मालखाना में रखे गांजा और भांग को चट कर दिया है.**

**संवाददाता। धनबाद**

राजगंज थाना के मालखाने में रखे 10 किलो भांग और 9 किलो गांजा चूहों ने खा लिया है. ये खुलासा खुद कांड के अनुसंधानकर्ता ने कोर्ट के समक्ष किया है. उक्त भांग-गांजा को दिसंबर 2018 में जब्त किया गया था और राजगंज निवासी शंभू अग्रवाल और उसके बेटे को नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. चूंकि, अदालत में आईओ की गवाही के साथ उक्त जब्त भांग-गांजा को प्रदर्श के तौर पर दिखाना था, लेकिन कोर्ट द्वारा निर्देश के बाद भी कांड के आईओ ऐसा नहीं कर सके. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत में इस मामले की गवाही चल रही थी. केस के अनुसंधानक जयप्रकाश प्रसाद ने अदालत को उक्त जनकारी दी.

पूर्व में अदालत द्वारा अनुसंधानकर्ता को जब्त प्रदर्श यानी भांग-गांजा अदालत में लेकर आने का निर्देश दिया गया था. गवाही के लिए शनिवार को अनुसंधानकर्ता जयप्रकाश प्रसाद उपस्थित तो हुए, परंतु अपने साथ जब्त भांग तथा गांजा लेकर नहीं आए. लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने थाना प्रभारी द्वारा दिए गए आवेदन से अदालत को अवगत कराते हुए कहा कि थाना प्रभारी द्वारा अपने आवेदन में कहा गया है कि मालखाना में रो गए इस कांड के जब्त पदार्थ जो 10 किलो भांग तथा 9 किलो गांजा था, उसे चूहों द्वारा विनिष्ट कर दिया गया है. जिससे वह अदालत में उक्त प्रदर्श को प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं. इस संबंध में राजगंज थाना में एक सनहा भी दर्ज कर लिया गया है.

### पुलिस पस्त-चूहे मदमस्त

**2018** में बरामद किया गया था भांग और गांजा

- कोर्ट में प्रदर्श प्रस्तुत नहीं कर सके कांड के आईओ
- कहा- भांग-गांजा खत्म हो गए, चूहों ने किया विनिष्ट




### भांग-गांजा के साथ दो को किया था गिरफ्तार

14 दिसंबर 2018 को राजगंज थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी. प्राथमिकी में पुलिस ने कहा था कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंभू अग्रवाल गांजा व भांग जैसे नशीले पदार्थ की तस्करी कर रह था. इस आधार पर छापेमारी की गई थी और भांग तथा गंजा बरामद किया था. पुलिस ने इस संबंध में शंभू प्रसाद अग्रवाल एवं उसके पुत्र को गिरफ्तार किया था. इसके बाद कोर्ट में मुकदमे की कार्रवाई शुरू की गई थी.

# पलामू टाइगर रिजर्व में फिर से दिखा चहकता हुआ बाघ

**संवाददाता। लातेहार**



पलामू टाइगर रिजर्व में एक बार फिर से एक बाघ की तसवीर ट्रैप कैमरा में कैद हुइ है. इस बार का यह बाघ विशाल और बुलंद है. बता दें कि पीटीआर के जंगलों में चार बाघों का होने का अनुमान है और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगल में 100 से अधिक कैमरा ट्रेप लगाया गया है. बाघ को मौजूदगी वाले इलाके में कैमरा लगाने का सकारात्मक परिणाम मिल रहा है. बाघ की आकर्षक तस्वीर सामने आने से पीटीआर प्रबंधन में जहां खुशी की लहर है. जंगल में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है. इन कैमरों का उपयोग ऑटोमेटिक फोटो खींचने के लिए किया जा रहा है. यह कैमरा बीहड़ जंगलों में गुप्त तरीके से लगाया गया है. फोटो लेने से पहले इस कैमरा के बारे में सामने वाले को कोई पता नहीं चलता है. जैसे ही कोई कैमरा के आसपास से होकर गुजरता है कैमरा सक्रिय हो जाता है और स्वयं ही तस्वीर खींच लेता है . इसके अलावा 300 से अधिक टाइगर ट्रैकर वन रक्षियों व अन्य आधुनिक तकनीकी से लैस उपकरणों को लगाया गया. जिसका नतीजा सामने आने लगा है. तकरीबन प्रत्येक माह बाघ की दो या तीन बार तस्वीर सामने आ रही हैं.

## ब्रीफ खबरें

### 15 लाख के गांजा सहित तीन नशे के सौदागर गिरफ्तार

**चौपारण।** चौपारण पुलिस ने नशे के अवैध करोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल, हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र दादपुर गांव स्थित एक घर में अवैध गांजा को छिपा कर रखा गया है. इसके बाद बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के साथ गठित पुलिस टीम ने दादपुर गांव में छापेमारी की. इस क्रम में गांव के उदय कुमार सिन्हा, अशोक दांगी एवं हिरामण रजक, तीनों के घर की तालाशी ली गई. इस दौरान घर के अंदर छिपा कर रखे गए 28.2 किलो गांजा बरामद किए गए.

### ब्राउन शुगर बेचने आया युवक गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर की बिक्री करने आये युवक को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए रातू थाना क्षेत्र के नवासोसो में पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रंजन यादव नामक युवक को पकड़ा है. पुलिस ने उसके पास से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बरामद की. पुलिस ने नवासोसो स्थित लीची बगीचा के समीप चेकिंग के दौरान सशस्त्र बल के सहयोग से रंजन यादव गिरफ्तार किया. तलाशी लेने पर उसके पास से 22 पुड़िया (4.86 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया.

### झारखंड के सीईओ ने धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# कोताही हुई, तो नपेंगे अफसर: के रवि

**संवाददाता। धनबाद**

लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए पूरी तरह सजग रहें. अपराधी, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास किए जाने वालों की थाना स्तर पर सूची तैयार कर उनपर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. उक्त निर्देश झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने दिया.

वे समाहरणालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिलों में चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे. बैठक में उपस्थित संबंधित जिलों के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षकों समेत सभी पदाधिकारियों को उन्होंने चुनाव के दौरान पूरी तरह अलर्ट रहने का निर्देश दिया. साथ ही अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर जांच को कहा गया. उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट की निगरानी सीसीटीवी से रखी जा रही है. इसलिए विशेष नजर रखें. बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल, संदीप सिंह, उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त, सीआरपीएफ डीआईजी, दुमका आईजी सहित धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर के डीसी-एसपी, सीआरपीएफ के अलावा लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.



सीमक्षा बैठक करते पदाधिकारी

### चार जिलों के एसपी-डीसी को दिशा-निर्देश जारी

01. निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी आगामी 15 तारीख तक अपनी तैयारियों को पूरा कर रिपोर्ट दें.
02. एक भी वारंटी कारागार के बाहर नहीं रहे, हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाएं.
03. क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की सूची करें रिवाइज, सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करें.

### आम जनता को आवागमन में नहीं हो किसी तरह की परेशानी

बैठक में मतदान कार्य में लगे सुरक्षाकर्मियों, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखने, निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने पर जोर दिया गया. कहा, वाहनों के प्रबंधन में यह ध्यान रखें कि आम लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो एवं मतदान के दिन कर्फ्यू जैसा माहौल नहीं रहे. इस बार उत्साह के माहौल में लोगों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान करने जाना है. अत: विशेष ध्यान रखना है कि मतदान के दिन सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं होने पाए.

### मुफ्त वितरण को रोकने के लिए करें छापेमारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी करने रखने की बात कही. साथ ही मुफ्त की वस्तुओं की आमद-वितरण को रोकने के लिए छापेमारी अभियान को तेज करते हुए विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों एवं अवैध सामग्रियों की बरामदगी करने की बात कही. उन्होंने क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की सूची को फिर से पुनरीक्षण करने व उन क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती करने का निर्देश दिया.

### मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग से रखी जाएगी नजर

झारखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होना है. सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्यालय एवं आयोग के स्तर से भी नजर रखी जाएगी. निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न हो, इस बाबत सभी पदाधिकारियों को आयोग द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया है. इसका सख्ती से ससमय अनुपालन किया जाना है. मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पदाधिकारी केवल कार्ययोजना नहीं बताएं, धरातल पर चुनाव की तैयारियों में आयोग के आदेशों के अनुपालन का रिपोर्ट दें.

### मतदानकर्मियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता : एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चला कर उन्हें पकड़ने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की पहली प्राथमिकता होगी. निर्वाचन कार्य को रूटीन कार्य में नहीं लें. एक भी घटना हुई, तो अपराधियों के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय होगी. भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने का निदेश दिया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करें. आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पर आठ मिनट के अंदर कार्रवाई की जाए.

### कई स्टेशनों पर जहां-तहां रुकी रहीं ट्रेनें

# मालगाड़ी बेपटरी, शताब्दी व दुरंतो समेत कई ट्रेनें प्रभावित

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद-आसनसोल रेलखंड के बीच शनिवार सुबह लगभग नौ बजे प्रधानखंता के पास मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. मालगाड़ी के बेपटरी होने से हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें प्रभावित हुई. दो से तीन घंटे तक प्रधानखंता, बराकर, आसनसोल, धनबाद व पाथरडीह स्टेशन पर ट्रेनें खड़ी रहीं. भीषण गर्मी में ट्रेनें के दो से तीन घंटे तक जहां-तहां खड़ी होने के कारण हजारों यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी.

ट्रेनों में डेली पैसेंजर के साथ-साथ ड्यूटी करनेवाले, व्यवसायी, मरीज व छात्र सफर कर रहे थे. समय पर कार्यालय, कॉलेज, कोचिंग सेंटर समेत अन्य जरूरी जगहों पर नहीं पहुंचने से परेशान हुए. रेलवे सूत्रों के अनुसार, खाली मालगाड़ी की रैक पाथरडीह जा रही थी, तभी प्वाइंट के पास डाउन से अप लाइन होकर क्रांस करते समय मालगाड़ी के एक डिब्बे के चार पहिए उतर गए. प्वाइंट पर मालगाड़ी के बेपटरी होने से अप-डाउन की कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी हो गई. इसमें ट्रेन नंबर 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस प्रधानखंता, ट्रेन नंबर 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस आसनसोल, ट्रेन नंबर 13503 बर्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस बराकर, ट्रेन नंबर 12260 नई दिल्ली-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस धनबाद और ट्रेन नंबर 08677 विष्णुपुर-धनबाद मेमू को पाथरडीह में रोक दिया गया.

### खास बातें

- प्रधानखंता में प्वाइंट में गड़बड़ी से बेपटरी हुई थी मालगाड़ी
- दो से तीन घंटे तक जहां-तहां खड़ी रही ट्रेनें, यात्री रहे परेशान

### बेपटरी मालगाड़ी को पटरी पर लाने में लगे दो घंटे

मालगाड़ी के बेपटरी होने से धनबाद-हावड़ा के साथ-साथ धनबाद-पाथरडीह-टाटानगर रेलमार्ग प्रभावित हो गई. मालगाड़ी के बेपटरी होते ही प्रधानखंता स्टेशन मास्टर ने धनबाद और आसनसोल रेल मंडल के कंट्रोल रूम को जानकारी दी. खबर मिलते ही धनबाद स्टेशन से दुर्घटना राहत यान भेजा गया. पहले मालगाड़ी के डिब्बे को काट कर अलग किया गया. उसके बाद बेपटरी डिब्बे को पटरी पर लाया गया. फिर प्वाइंट व पटरी को दुरुस्त किया गया. इसमें करीब दो घंटे लग गए. अप लाइन को दिन के 11 बजे और डाउन को 11 :15 बजे चालू किया गया. उसके बाद बारी-बारी से शताब्दी, ब्लैक डायमंड, वर्धमान-हटिया और विष्णुपुर-धनबाद मेमू को रवाना किया गया.

# शूटर की कोर्ट में बिगड़ी तबीयत, भर्ती

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल में बंद शूटर सागर सिंह की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ गई. उसे कोडरमा जेल से लाकर धनबाद के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में गवाही के लिए पेश किया गया था. अदालत में पहुंचते ही सागर सिंह ने पेट में दर्द की शिकायत की और जमीन पर लेटकर छटपटाने लगा.

जज अखिलेश कुमार के आदेश पर जेल प्रशासन ने तुरंत डॉक्टर को



भेजा. डॉक्टर ने जांच के बाद उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजने की सलाह दी. जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच कर अल्ट्रासाउंड करने का निर्देश दिया है. सागर फिलहाल अस्पताल में भर्ती है. इस कारण अदालत में उसकी गवाही नहीं हो सकी. ज्ञात हो कि नीरज की हत्या के आरोप में विभिन्न जेलों में बंद आरोपियों की तरफ से कोर्ट में गवाही देने की बात कही गई थी. इसी के तहत ही सागर को गवाही के लिए कोर्ट लाया गया था.

### खास बातें

- कोडरमा जेल से गवाही के लिए लाया गया था धनबाद कोर्ट
- पेट दर्द से छटपटाने लगा, अस्पताल में हुई अल्ट्रासोनोग्राफी

# छात्रा से अश्लील हरकत का आरोपी पारा शिक्षक गिरफ्तार

**संवाददाता। चांडिल**

प्रखंड के एक नव प्राथमिक विद्यालय में नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोपी पारा शिक्षक भूतनाथ महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार आरोपी पारा शिक्षक की गिरफ्तारी शुक्रवार की रात चौका थाना क्षेत्र के उरमाल के पास से की गई है. शनिवार को पारा शिक्षक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आरोपी पारा शिक्षक के खिलाफ चौका थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है. विद्यालय में पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली दो नाबालिग छात्राओं ने अपने परिजनों को पारा शिक्षक के द्वारा अश्लील हरकत की बात बताई, जिसके बाद परिजनों ने थाने में लिखित सूचना देते हुए आरोपी पारा शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई की मांग की. अभिभावकों द्वारा थाने में शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी ने मामले की जांच की. शिक्षा विभाग की ओर से भी जांच की गई थी. सूचना देने के पूर्व ग्रामीणों की बैठक भी हुई. बैठक में ही मामले को पुलिस को सौंपने का निर्णय लिया गया था.

# 11 बार बालाओं को पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता। जमशेदपुर**

शहर के मानगो स्थित रॉयल हिल्स होटल में बीते दिनों जिला प्रशासन ने छापेमारी कर अवैध तरीके से चल रहे डांस और हुक्का बार का खुलासा किया था. एसडीओ पारुल सिंह और उनकी टीम ने छापेमारी कर मौके से 11 बार बालाओं और स्टाफ को पकड़ा था. इसके अलावा भारी मात्रा में हुक्का भी बरामद किया था.

उत्पाद निरीक्षक रामदेव पासवान के बयान पर इस संबंध में संचालक राजीव सिंह उर्फ बंटी सिंह, बबलू कुमार महतो, फ्लोर मैनेजर राजेश,



राज सिंह, राजीव रंजन, निपेन महतो, सोमनाथ गोराई, कलेश सिंह, अजय कुमार, राज मंडल, जितेंद्र पांडा समेत 11 बार बालाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. इधर, शनिवार को पुलिस ने मामले में 11 बार बालाओं समेत कुल सात कर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. न्यायिक हिरासत में भेजे गए कर्मियों में निपेन महतो, सोमनाथ गोराई, कलेश सिंह, किशन कुमार, अजय कुमार, राज मंडल और जितेंद्र पांडा शामिल है.

**एसडीओ ने स्टिंग ऑपरेशन कर की रेड:** 4 अप्रैल को एसडीओ पारुल सिंह ने स्टिंग ऑपरेशन कर रॉयल हिल्स होटल में डांस बार का खुलासा किया था. जांच में यह बात भी सामने आई थी कि बार का लाइसेंस 31 मार्च को ही समाप्त हो गया था वहीं जितने जगह में बार का लाइसेंस लिया था उससे कई बड़ी जगह में बार का संचालन किया जा रहा था. इसके अलावा बार में अवैध तरीके से हुक्का का भी संचालन किया जा रहा था.

### बरामदगी | लोकसभा चुनाव को लेकर जमशेदपुर, चंदनकियारी और पलामू में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# तीन स्थानों पर वाहन चेकिंग में बरामद हुए 39.60 लाख कैश

- आदित्यपुर में पुलिस ने जब्त किये 22 .30 लाख रुपये
- एसपी के निर्देश पर जांच शुरू, चलती रहेगी पड़ताल

**संवाददाता। आदित्यपुर**

चुनाव को देखते हुए की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार की देर रात आदित्यपुर पुलिस ने टोल ब्रिज मोड़ पर वाहन चेकिंग में एक कार से 22.30 लाख रुपए जब्त किए हैं. रुपए किसके हैं और कहां से लाये जा रहे थे, इसकी जांच एसपी मनीष टोप्पो के निर्देश पर शुरू हो गई है. बता दें कि लोकसभा चुनाव में धन के अवैध लेनदेन पर लगाने को लेकर



निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित एसटीएफ टीम सक्रिय है. जिसने शुक्रवार की देर रात टोल ब्रिज के समीप से एक किया कार से लगभग 22 लाख 30 हजार 820 रुपए जब्त किए हैं. एसपी मनीष टोप्पो को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह शामिल हैं ने सूचना मिलते ही टोल ब्रिज के समीप चेकिंग लगाया. इसी दौरान एक काले रंग की कीया मोटर्स कार की रोक कर तलाशी ली जिससे उक्त धन राशि बरामद हुई है. तलाशी के क्रम में उक्त धनराशि बरामद की की गई. थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल जिनके पास से पैसे बरामद किए गए हैं उन्हें पैसों से संबंधित ब्यौरा देने को कहा गया है. बता दें कि पिछले एक सप्ताह में एसटीएफ की टीम लगातार वाहनों की चेकिंग कर रही है. जिसमें आज उसे सफलता मिली है.

*शुभम संदेश टीम। रांची*

*पलामू, चंदनकियारी और जमशेदपुर में अलग -अलग घटनाओं में पुलिस ने करीब 39 .60 लाख रुपए कैश जब्त किये हैं. ये रकम पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जब्त की है .चंदनकियारी में 2 .30 लाख जब्त किये गये हैं. तीन स्थानों पर जब्त हुए इस कैश को लेकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है.*

### पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 15 लाख कैश जब्त

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू में बड़ी कार्रवाई की गयी है. वाहन चेकिंग के दौरान एक गाड़ी से 15 लाख रुपए कैश बरामद किया गया. हालांकि मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी कैश की गिनती कर रहे हैं और पूरे मामले की जांच कर रहे हैं. दरअसल, पलामू और गढ़वा सीमा पर अंतर जिला चेक पोस्ट बनाया गया है. 24 घंटे पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है. इसी क्रम में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के गढ़वा से सटे सीमावर्ती इलाके में एक स्कॉर्पियो गुजर रही थी. स्कॉर्पियो गढ़वा शाहपुर रोड से होते हुए मेदिनीनगर की ओर जा रही थी. चेक पोस्ट पर जब पुलिसकर्मियों ने स्कॉर्पियो को रोका और उसकी तलाशी ली, तो उसके अंदर करीब 15 लाख रुपए नकद बरामद हुए. हालांकि, इस नकदी का इस्तेमाल व्यावसायिक काम में किया जाना है या कहीं और, इसकी जांच की जा रही है. पुलिस दो लोगों से पूछताछ कर रही है. दोनों लोग मेदिनीनगर के रहने वाले हैं. सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है.

# घर में नहीं कर पाए चोरी, तो सड़क पर लूट, सामान समेत 3 गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**

परसुडीह के कीताडीह स्थित एक घर में घुसकर चोरी की घटना के असफल प्रयास के बाद चोरों ने रेलवे अस्पताल के पास एक व्यक्ति से उसकी स्कूटी और मोबाइल लूट लिया. इस मामले में परसुडीह पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में राज उर्फ मो तौसिफ, शेख इरशाद उर्फ बल्लू और लूट की स्कूटी खरीदने वाला फिरोज शामिल है. सभी कीताडीह के ही रहने वाले है. आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दो मोबाइल और स्कूटी बरामद कर ली है. शनिवार को मामले का खुसाला करते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम ने बताया कि 2-3 अप्रैल की रात 1 बजे कुछ चोरों ने कीताडीह निवासी हरीश कुमार चौहान के घर चोरी की. हालांकि हरीश की नींद खुल गई और उन्होंने चोरों को देख लिया. भागते हुए चोरों ने एक मोबाइल की चोरी की. इसके बाद सभी रेलवे अस्पताल पहुंचे और वहां से गुजर रहे शिव शंकर कुमार पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया और उनकी स्कूटी और मोबाइल लूट ली.

सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े शिव शंकर को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया था. शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुटी और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. घटना को अंजाम देने में मो तौसिफ, शेख इरशाद और उसका साला शामिल थे. सभी ने लूट की स्कूटी फिरोज को सात हजार रुपये में बेची थी जिसे बरामद कर लिया गया है. इस घटना में एक और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

### ब्रीफ खबरें

## गोमो में चल मतदाता जागरुकता अभियान

**गोमो ।** पंडित नेहरू मेमोरियल कॉलेज गोमो में शनिवार को तोपचांची प्रखंड कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षककर्मी व विद्यार्थियों ने भाग लिया .कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉक्टर डोमन हजाम ने किया. मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोपचाची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखता है. हमें बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेना चाहिए.

## बिजली पासी की जयंती मनाई गई

**देवघर।** पासी समाज के लोगों ने देवघर रंग मोड़ में शनिवार को शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जयंती मनाई. सुशील महथा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पासी समाज के लोगों ने महापुरुष महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की. वक्ताओं ने कहा कि आज झारखंड की नहीं पूरे भारत में महाराजा बिजली पासी की जयंती मनाई जा रही है. महाराजा बिजली पासी लखनऊ के बिजनौर गढ़ के राजा थे.

## पुलिस लाइन में इफ्तार पार्टी मनी

**धनबाद ।** धनबाद पुलिस केंद्र में शनिवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. हर साल पुलिस केंद्र में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है. इफ्तार पार्टी में पुलिस केंद्र के पदाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए. रोजेदारों के साथ लगभग चार सौ लोग इफ्तार में शामिल हुए. पुलिस मेंस एसो के महताब आलम, साजिद खान, मोहिउद्दीन खान आदि सक्रिय रहे.

## अवैध देसी व विदेशी शराब जब्त की गई

**देवघर।** अधीक्षक उत्पाद देवघर के निर्देशानुसार आसन्न लोक सभा चुनाव के मद्देनजर छापामारी के क्रम में मोहनपुर थाना अंतर्गत घुटिया मोड़ स्थित नास्ता दुकान, जयपुर मोड़ स्थित कैलाश ढाबा व बैजनाथपुर स्थित आई बी पी ढाबा में छापामारी सह तलाशी अभियान चलाया गया . छापेमारी के क्रम में महुआ चुलाई शराब, विदेशी शराब एवं बीयर बरामद कर जब्त की गई . छापामारी स्थलों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. वहीं अन्य छापामारी में पथरोल थाना अंतर्गत जसोबांध, गोसुआ, सिमरा मोड़ एवं मधुपुर थाना अंतर्गत पथरचट्टी रोड में अवैध शराब बिक्री स्थलों पर विदेशी शराब व बीयर बरामद की गई.

## धनबाद में 19 पेटी नकली शराब बरामद

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है.इस कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को दामोदरपुर में एक घर पर छापेमारी कर 19 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है.इस संबंध में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीलकमल डे नामक एक व्यक्ति के घर में नकली शराब का कारोबार चल रहा रहा था. यहां से बरामद शराब एक या दो दिन पूर्व ही स्टॉक किया गया था.

### बीसीसीएल कर्मी ज्ञानती देवी हत्याकांड का खुलासा

# पीतल के जेवर को सोना समझकर उतार दिया मौत के घाट

संवाददाता। पुटकी

22 जनवरी की रात पुटकी के गोरखपुरिया कैंप में रहने वाली बीसीसीएल कर्मी ज्ञानती देवी की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पीतल के जेवरात को सोने समझकर लूटपाट करने की नीयत से स्थानीय तीन अपराधियों ने लोहे की सरिया से वार कर ज्ञानती को मौत के घाट उतार दिया था. पुलिस ने एक हाथ के लुल्हे आरोपी सुजीत कुमार चौरसिया को गिरफ्तार किया है. वारदात में प्रयुक्त सरिया, लूटे गए पीतल के जेवरात आदि भी बरामद करने में कामयाबी पा ली है. लोहे की उक्त सरिया में अभी तक रक्त लगा मिला है, जिसे पुलिस फोरेंसिक जांच कराएगी, बतौर साक्ष्य कोर्ट में पेश करेगी. इस वारदात को खुलासा स्थानीय प्रिंस की हत्या में शामिल दोनों अपराधियों ने किया है. उक्त दोनों भी इस वारदात में शामिल थे.

- एक हाथ के लुल्हे अपराधी सुजीत ने सरिया से सिर पर किया था वार, मौके पर हो गई थी मौत
- वारदात में तीन की संलिप्तता उजागर, सरिया व पीतल के जेवरात बरामद कर आरोपी को भेजा जेल







### संलिप्तता कबूल ली

11 साल के प्रिंस की हत्या कर अपने ही घर के आंगन के पीछे बोरे में भरकर फेंकने वाले रोहित से जब पूछताछ हुई थी, तो उसने ज्ञानती की हत्या में भी अपनी संलिप्तता कबूल ली . बता दिया कि ज्ञानती खूब जेवर आदि पहनती थी . इस कारण उन लोगों की नजर उस पर थी . वारदात का मुख्य आरोपी सुजीत कोयला चोरी का काम करता था, जबकि रोहित और उसका एक नाबालिग साथी उक्त कोयले को पैक कर बेचने का काम करते थे . इन तीनों को जब ये खबर हुई कि ज्ञानती का पुत्र कुशीनगर गया हुआ है तो तीनों ने मिलकर हत्या कर लूटपाट करने की साजिश रच डाली . टीवी बनाने की बात कहकर रोहित ज्ञानती के घर में गया था . इसके बाद हाथ में रॉड लेकर सुजीत पहुंचा और पीछे से महिला के सिर पर वार कर दिया . इसके बाद उसके घर व शरीर पर जो भी जेवरात मिले, उसके लेकर चलते बने . लेकिन एकाध चांदी के जेवरात थे, शेष जेवरात पीतल के थे . सुजीत के मुताबिक ज्ञानती इन जेवरों को सोने का बताती थी . इस कारण ही वे लोग लालच में आए थे . ज्ञानती देवी के पति की मौत हो गई थी, इस कारण उनके स्थान पर ज्ञानती देवी को नौकरी मिली थी .

### पोस्टमार्टम हाउस से गिरफ्तार हुआ सुजीत

पुटकी । प्रिंस की लाश मिलने के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, वहीं रोहित को पकड़कर पुलिस पूछताछ कर रही थी . इधर सुजीत भी मुहल्ले के लोगों के साथ पोस्टमार्टम हाउस में था . जैसे ही पुलिस को रोहित से जानकारी मिली कि ज्ञानती की हत्या में इन लोगों का हाथ है तो पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस से ही सुजीत को भी गिरफ्तार कर लिया .

### जिला संयुक्त आयुष औषधालय में एक दिन में आते हैं आठ से दस मरीज

# एक साल में खर्च हो गई 59 करोड़ 36 लाख की दवा

### जिला के 27 केंद्रों का यही हाल

राजा गुप्ता । धनबाद

सरकार एक तरफ आयुर्वेद को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी तरफ आयुष विभाग की लापरवाही और समय पर चिकित्सक के नहीं आने से धनबाद जिला संयुक्त आयुष औषधालय में एक दिन में मात्र आठ से दस मरीज ही आते हैं. यही हाल जिला के 27 केंद्रों का भी है. धनबाद आयुष औषधालय में चार के बदले एक चिकित्सक और बाकी केंद्रों का भी यही हाल है. तीन से चार केंद्र को एक-एक चिकित्सक रोस्टर के हिसाब से सप्ताह में दो-तीन दिन जाकर मरीजों को देखते है और दवाईयां दी जाती है. विभाग के ही कर्मी बताते हैं कि धनबाद समेत सभी 27 आयुष औषधायलों में नाम मात्र के ही मरीज आते हैं, लेकिन साल भर में 59 करोड़ 36 लाख की दवाईयां खत्म हो गई. जिला आयुष पदाधिकारी डॉ निर्मला सिन्हा के रिटायर्ड होने के बाद कार्यरत चिकित्सक डॉ कुमकुम को जिला आयुष पदाधिकारी बना दिया गया है, जो धनबाद के साथ-साथ गिरिडीह व बोकारो जिला के प्रभार में है.



### डॉ. कुमकुम कब आती हैं किसी को पता नहीं

धनबाद में जिला आयुष पदाधिकारी डॉ . कुमकुम किस दिन कार्यालय में बैठती हैं, यहां के चिकित्सक या किसी कर्मचारी को भी पता नहीं रहता है . कर्मचारी कहते हैं कि यहां से दवाईयां विभिन्न केंद्रों पर भेजा जाता है . आयुष औषधायल में सुबह 10 से दिन के दो बजे तक चिकित्सक व कर्मी के बैठने का नियम है . इसी बीच मरीज आते हैं . जिसे चिकित्सक देखकर दवाईयां देते हैं . यहां कर्मचारियों की संख्या काफी कम है . यहां यूनानी व होमियोपैथ के चिकित्सक भी नहीं है . चिकित्सकों की कमीं के कारण कापी परेशानी होती है . पूर्व कई महीनों तक मिश्रक ही चिकित्सक के रूप में काम करते थे . एक चिकित्सक के आने के बाद थोड़ी बहुत राहत मिली है .

### एक चिकित्सक समेत तीन से चल रहा काम

यहां 14 चिकित्सक व कर्मचारियों का पद स्वीकृत है, लेकिन 6 है . नियमानुसार यहां एक जिला संयुक्त औषधालय पदाधिकारी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी पद्धति के एक-एक चिकित्सक, एक लिपिक सह भंडारपाल, एक स्टेनोग्राफर, कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, तीन मिश्रक और तीन चपरासी का पद स्वीकृत है . जिला संयुक्त आयुष औषधालय का उद्घाटन 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया था . शुरूआत में सभी विभाग के चिकित्सक व कर्मी थे, लेकिन बाद में रिटायर्ड होते चले गए .

## संदेही युवकों से पुलिस ने पूछताछ कर छोड़ दिया

**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के जीटी रोड किनारे स्थित गोपाल इंडस्ट्रीज में तीन अप्रैल की रात हुई चोरी मामले में पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है. मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन संदेही युवकों को ओपी लाकर पूछताछ की. लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला. बाद में पी आर बाण्ड पर तीनों संदेही युवकों को छोड़ दिया गया. बता दें कि चोरों के दल ने गोपाल इंडस्ट्रीज में धावा बोलकर पोल से ट्रांसफार्मर उतारकर पचास हजार रूपये का ताम्बा का क्वाइल और तेल चोरी कर ली थी. इंडस्ट्रीज संचालक अमित अग्रवाल ने गलफरबाड़ी ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. ओपी प्रभारी नितिश कुमार ने बताया कि दागी तीन संदेही युवकों को ओपी बुलाकर पूछताछ की गयी. लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला.

## हरियाणा से चोरी कर भागने का आरोपी धराया

**धनबाद ।** तोपचांची थाना क्षेत्र के नारकोपी निवासी विकास कुमार को हरियाणा के रेवाड़ी पुलिस ने शनिवार को 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर लिया है. पुलिस ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया था. प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की अनुमति मांगी. अदालत ने आरोपी को 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने का निर्देश दिया है.आरोपी के खिलाफ गेस्ट हाउस से चोरी करने का आरोप है. आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास से एक मोबाइल तथा लैपटॉप पुलिस द्वारा बरामद किया गया है.

### न्यूज अपडेट

## झरिया में टिस्कोकर्मियों ने ली मतदान की शपथ

**धनबाद।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन द्वारा शनिवार को आयोजित वेलनेस वॉक के दौरान सभी प्रतिभागियों ने मतदान की शपथ ली. जिसमें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया.वॉक का नेतृत्व टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने किया.वॉक में मतदाता जागरूकता पर चर्चा के साथ प्रतिभागियों को आगामी आम चुनाव में भाग लेकर समाज की बेहतरी में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया.मतदाता शपथ लेना मतदान करने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के प्रति एक प्रतीकात्मक प्रतिबद्धता है.यह नागरिक कर्तव्य के महत्व को रेखांकित करता है .साथ ही मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता है.

## बूथों पर जरूरी सुविधाएं दुरुस्त करें : बीडीओ

**मैथन ।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीईईओ सावित्री तिर्की की अध्यक्षता में सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई. बैठक में एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी विशेष रूप से मौजूद थीं. बीडीओ ने कहा कि वैसे स्कूल जहां मतदान केंद्र हैं, वहां के प्रधानाध्यापक पानी, बिजली, शौचालय, पंखा, फर्नीचर, चार्जिंग प्वाइंट, रैंप सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें. ताकि मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी नहीं हो. इसके साथ ही बीईओ सावित्री तिर्की ने बैठक में शिक्षकों का बायोमीट्रिक अटेंडेंस, मध्याह्न भोजन संचालन की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति की ई-विद्या वाहिनी में प्रविष्टि, प्रतिदिन एमडीएम से संबंधित एसएमएस की स्थिति, एमडीएम पर खर्च राशि की रिपोर्ट, रोकड़ पंजी, प्रयास कार्यक्रम, इसकी साप्ताहिक बैठक की स्थिति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की.

## चेक नाकों का औचक निरीक्षण किया गया

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी बलियापुर आशीष भारती द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय चेकनाकों का औचक निरीक्षण किया .प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सर्वप्रथम बलियापुर थाना अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे दामोदर नदी घाट पर घड़बड़ चेक पोस्ट, कालीपुर घाट, सरिसा कुंडी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थित थे. वाहनों की जांच भी की जा रही थी.इसके बाद सिंदरी थाना अंतर्गत सिंदरी बस्ती, डोमगढ़ एवं टासरा घाट का भी निरीक्षण किया गया.

## भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कतरास।** भाजपा स्थापना दिवस पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित अन्य दिवंगतों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पार्टी का झंडा कार्यालय में लगाया. वक्ताओं में कहा कि पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद एवं मानव सेवा को लेकर की गई थी . पार्टी कार्यकर्ताओं का देन है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है. मौके पर मुख्य रूप से सूर्यदेव मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, मिडिया प्रभारी मुकेश झा, मंडल उपाध्यक्ष श्याम किशोर, दिनेश उपाध्याय, मंडल मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू, वाई के पाठक, बबलू मिश्रा,नितिन शर्मा, चेतन शर्मा, रविंद्र विजन, उषा पटवा, विजय चौहान, पप्पू साव, चंदन चौहान मौजूद थे.

## 214 खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण

**मैथन।** एमपीएल सीएसआर की ओर से शनिवार को राज ग्राउंड पोद्दारडीह में 214 खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया. इस मौके पर एमपीएल अधिकारियों के धर्मपत्नियों ने खेल मैदान पहुंच कर खिलाड़ियों का हौसला आफजायी की तथा खेल के महत्व पर प्रकाश डाला. खेल में लड़कियों की भागीदारी पर बल देते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की. कहा कि एमपीएल सीएसआर द्वारा 678 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है. स्पोर्ट्स कीट्स प्राप्त करने वाले स्पोर्ट्स कीट्स प्राप्त करने वालों में राज्य की तरफ से विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले 44 खिलाड़ी, राज्य स्तर के 60, अंतर जिला 11, जिला स्तर के 81 एवं राज्य सरकार के आवासीय प्रशिक्षण के चयनित आठ खिलाड़ी सहित सात कोच तथा तीन प्रबंधक शामिल हैं.

## बराकर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

**बराकर।** देश के सबसे बड़े राजनीति दल की पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस दौरान कुल्टी ब्लॉक भाजपा के विधायक डाक्टर अजय कुमार पोद्दार ने कुल्टी थाना स्थित भाजपा कार्यालय में झंडोतोलन कर मनाया . पूरे कुल्टी ब्लॉक में स्थापित भाजपा कार्यालय रामनगर , एलिस मोड , हनुमान चढ़ाई नियामतपुर सेंट्रल पार्टी कार्यालय में हर्षोल्लास के झंडा फहराकर विधायक ने मिठाई वितरण किया . जहां झंडोतोलन के पूर्व भारत माता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. प्राणों की बलि दी इस दौरान कुल्टी के विधायक अजय कुमार पोद्दार ने पार्टी के विस्तार पर अपने विचार रखे .

## गांजा तस्करी में दो को 15 वर्ष की कैद

**धनबाद ।** ओडिशा से गांजा तस्करी मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया. धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा कीअदालत ने दो आरोपियों गिरिडीह जिले के निमियाघाट निवासी उमाशंकर कुमार दास व सरायकेला जिले की रायडीह बस्ती के सोनू कुमार सिंह को 15 वर्ष की कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई. ज्ञात हो कि धनबाद पुलिस ने दोनों को छह जून 2019 को 84.422 किलो गांजा के साथ पकड़ा था. सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं. इस मामले में धनबाद के सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी की लिखित शिकायत पर छह जून 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक छह जून 2019 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर की ओर से एक कार से गांजा लाया जा रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग शुरू की. इसी क्रम में एक सेंट्रो कार की डिक्की से 84.42 किलो गांजा बरामद किया गया था. कार को सोनू कुमार सिंह चला रहा था और बगल वाली सीट पर उमाशंकर कुमार दास बैठा था.

# नहीं रुक रही जोगता में काले हीरे की तस्करी, 10 टन कोयला जब्त

संवाददाता । कतरास

शनिवार की सुबह जोगता पुलिस ने छापामारी कर पुराना श्यामबाजार स्थित सिजुआ रेलवे साइडिंग के समीप तस्करों द्वारा भंडार कर रखे करीब दस टन अवैध कोयला जब्त किया है.हालांकि पुलिस तस्करों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी.पुलिस को आता देख तस्कर वहां से भाग निकले.पुलिस ने जप्त कोयले को ट्रैक्टर के माध्यम से थाना ले गई.साथ ही मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है.

मालूम हो कि जोगता थाना के विभिन्न इलाकों में कोयले की तस्करी बड़े पैमाने पर होती है जिसकी खबरे लगातार मीडिया में आती रहती है. बावजूद पुलिस तस्करों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है.लेकिन पुलिस यदा कदा कार्रवाई कर महज कोरम पूरा जरुर करती है. इसके पूर्व श्यामबाजार से ही शुक्रवार को सिजुआ क्षेत्र के सीआईएसएफ ने करीब 20 टन कोयला जब्त किया था.कोयला तस्करों द्वारा मोदीडीह छह/दस, मोदीडीह दो नंबर, पुराना श्यामबाजार खंडहर बंगला के समीप तथा मोदीडीह छह नंबर बंद भूमिगत खदान से कोयले को निकाल कर उसे रात के अंधेरे में बड़े वाहनों से बाहर भेजा जाता है .इधर ग्रामीणों का कहना है कि आखिर साइडिंग से अवैध रूप से कोयले का उठाव कैसे हो रही है जबकि बल के जवान तैनात रहते हैं। ग्रामीणों ने साइडिंग में कोयले की चोरी को रोकने की मांग की है. छापेमारी में जोगता थानेदार राजेश कुमार सहित जवान शामिल थे.

### खास बातें

- बड़े पैमाने पर होती है अवैध कोयले का कारोबार
- कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है

### बरुणी मेला : बंगाल, बिहार,ओडिशा से भी भरी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

# लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

संवाददाता । महुदा

शनिवार को चऐथ माह की त्रियोदशी कृष्ण पक्ष के उपलक्ष्य पर भाटडीह दामोदर नदी घाट और बोकारो जिला के चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दामोदर नदी कुम्हड़ी घाट में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर चरण पादुका की पूजा-अर्चना की.साथ ही उक्त उपलक्ष्य पर आयोजित बरुणी मेला का भी श्रद्धालुओं ने आनंद लिया.बताया जाता है कि प्रति वर्ष चेत माह की त्रियोदशी तिथि कृष्ण पक्ष पर उक्त स्थानों पर बारुणी स्नान की मान्यता है कि कभी भगवान शिव व पार्वती विचरण करते हुए यहां आये थे.उनका पद चिह्न आज तक यहां चट्टानों में मौजूद हैं.तभी से लोग दामोदर नदी में चेत मास में यहां स्नान व पूजा अर्चना कर पुण्य के भागी बनते आते हैं.

**लाखों की संख्या में महिला, पुरुष आते हैं :** बारूणी स्नान मेला में बंगाल, झारखंड के अलग अलग जिलों से लाखों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे आते हैं. यह मेला का कोई भी आयोजनकर्ता नहीं होता है. प्रति वर्ष चेत माह की त्रियोदशी तिथि कृष्ण पक्ष पर उक्त स्थानों में सुबह होते ही श्रद्धालु आने लगते हैं जो शाम तक मेला के रूप में रहता है. झारखंड राज्य का एक मात्र बारूणी स्नान मेला यहीं लगता हैं . फिर भी धनबाद या बोकारो जिला प्रशासन इस मेला को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखता है. भारी संख्या में लोगों का जुटान होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं रहती हैं और न ही अच्छी सड़क है. लोग घने जंगलों और ऊंची नीची रास्तों में अपना सफर तय करते हुए यहां पहुंचते हैं. श्रद्धालुओं ने बताया कि आज के दिन दामोदर नदी में स्नान करने को शुभ माना जाता हैं .इस लिए हम यहां प्रति वर्ष आते हैं. लेकिन यहां पर कोई सुविधा नहीं रहने से हमें काफी कठिनाई की सामना करना पड़ता है.



### खास बातें

- प्रशासन की ओर से मेले को लेकर कोई तैयारी नहीं थी
- भारी संख्या में लोग आते हैं पर पेयजल की व्यवस्था नहीं

### गर्मी बढ़ी चौक - चौराहों पर बेल, सत्तू ,नींबू पानी, शिकंजी के साथ तरबूज और खीरे की दुकानें सजीं

# लस्सी का जवाब नहीं, गन्ने का रस भी लोगों की पसंद

रणजीत कुमार सिंह । धनबाद

सूरज की तमतमाती चेहरा अब सामने है. गर्मी उफान पर है और गला सूख रहा है. सड़क पर चलता राहगीर हो या फिर घर में बैठा शख्स सभी को गला तर करने के लिए कुछ तरल पदार्थ चाहिए ही. ऐसे में लस्सी आज भी नंबर वन है, क्योंकि लस्सी लाजवाब है और फिर गन्ने के रस ने अपना दूसरा मुकाम कायम कर रखा है. लस्सी और गन्ने ठेले से लेकर छोटे-बड़े स्टालों तक उपलब्ध है. पैकेट बंद से लेकर ठेले में भी दोनों पेय पदार्थ के कई आइटम जायके के साथ-साथ भीषण गर्मी में लोगों को तरोताजा रखने का काम कर रहे हैं.



धनबाद के हर चौक-चौराहों पर जगह-जगह शीतल पेय पदार्थ जैसे बेल का शर्बत, सत्तू ,नींबू पानी, शिकंजी, पानी के साथ-साथ तरबूज , खीरे की दुकान व स्टॉल सज चुके हैं.


### खास बातें

- गर्मी में गला तर और खुद को तरोताजा रखने की कवायद
- छोटे -बड़े स्टॉलों में खूब बिक रहे हैं शीतल पेय

### बेल 10 रुपए, तो गन्ने का रस 20 रुपये गिलास

- गन्ना जूस विक्रेता रवि बर्मा ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण गन्ना जूस का बाजार काफी अच्छा है .क्योंकि इसमें किसी प्रकार का कोई मिलावट नहीं है . फिलहाल गन्ना का जूस प्रति गिलास 20 रू बिक रहा है .
- बेल और सत्तू विक्रेता मनोज कुमार ने कहा कि इस बार गर्मी अधिक पड़ने की संभावना है . गर्मी अधिक पड़ेगी तो बेल का शर्बत और सत्तू की बिक्री काफी अच्छी होगी .फिलहाल बेल का शर्बत 10 रू ग्लास और सत्तू शरबत 10 रू ग्लास बेचीं जा रही है .

### न होने दें पानी की कमी : राजकुमार



धनबाद सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी राजकुमार सिंह ने कहा कि अभी शुरुआती दौर में ही गर्मी का सितम शुरू हो गया है . आने वाले समय में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है . इसलिए लोग सावधानी बरतें और अनावश्यक घरों से नहीं निकलें . पर्याप्त पानी पीकर ही घर के बाहर निकलें . जितनी बार संभव हो पीएं भले ही प्यास न लगी हो . हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग अवश्य करें . साथ ही शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें . क्योंकि ये शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं . गर्मी में अपने शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है . इसकी जगह घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, सत्तू ,नींबू पानी, छाछ , बेल का शर्बत , गन्ने का शर्बत ,संतरा , तरबूज और खरबूज का प्रयोग करें .

### सड़क की मापी के बाद ही प्राक्कलन के मुताबिक होगा काम

## अनियमितता से नाराज ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोका

संवाददाता। बोकारो



जरीडीह के बहादुरपुर में सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते ग्रामीण.

जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर पाइप फैक्ट्री से खांजो नदी तक डीएमएफटी फंड से 99 लाख की लागत से बन रही सड़क में अनियमितता व गड़बड़ी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक बहादुरपुर स्थित लेधरीटांड़ में बाराडीह मुखिया पुष्पा देवी की अध्यक्षता में करते हुए सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा गड़बड़ी करने का मामला उठाया गया.

बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक की मनमानी नहीं चलने देंगे. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभाग के कनीय अभियंता जबतक प्राक्कलन के अनुरूप काम नहीं करेंगे, तब तक काम को बंद रखा जायेगा. स्थानीय मुखिया व ग्रामीणों को प्राक्कलन प्रस्तुत करते हुए काम चालू करने की बात कही गई. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य में मापी में भी गड़बड़ी की जा रही है. सड़क की जितनी लंबाई है, उतनी सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है.

#### लंबाई मापी जाएगी

बैठक में मुखिया पुष्पा देवी, मुखिया अवध रजवार, पंसस दिलीप घांसी व अकबर अंसारी ने बताया कि सड़क निर्माण की सबसे पहले विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में लंबाई मापी जाएगी. उसके बाद काम को शुरू होने दिया जाएगा. वहीं संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जांच करने पर मामला दर्ज करने की बात पर जनप्रतिनिधियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ संवेदक सड़क निर्माण जैसे-तैसे करवा रहा है. अगर इसका विरोध किया जाता है तो केस करने की धमकी दी जाती है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे. बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, इमाहूल अंसारी, अकबर अंसारी, इम्तियाज अली, वंशीराम कुशवाहा, भोला कुमार महतो, अनिता देवी, विनोद करमाली सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## बोकारो में चोरों ने उड़ाये ढाई लाख के जेवर व कैश

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 9 सी, स्ट्रीट 29, क्वार्टर संख्या 1152 में शुक्रवार की रात चोरी हो गई. इस दौरान आवास में गृहस्वामी सहित अन्य लोग सो रहे थे. बताया जाता है कि करीब दो से ढाई लाख के जेवरात सहित करीब 25 हजार रुपए कैश चोरी चली गई. घटना के संबंध में हरला थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है.

गृहस्वामी दिलीप चौहान ने बताया कि वे सेक्टर फोर में लेपटॉप व कंप्यूटर रिपेयरिंग का दुकान चलाते हैं. रात को वे एक कमरे में तथा पत्नी बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सोई हुई थी. अहले सुबह करीब चार बजे पत्नी ने हल्ला मचाना शुरू किया. आनन-फानन में आंखें खुली तो पत्नी ने आवास में किसी चोर के होने की बात कही.



घटना की जानकारी देते गृहस्वामी.

इधर- उधर खोजबीन करने पर कोई नहीं मिला. कमरे का जायजा लिया तो अलमारी और उसके अंदर का लॉकर खुला पाया, जिसमें रखे जेवरात और नगदी गायब मिले. इस भागदौड़ में चोरों द्वारा अलमारी खोलने के लिए इस्तेमाल की गयी मास्टर चाबी हमारे आवास में ही छूट गई. बताया कि चोर संभवतः बालकनी के सहारे क्वार्टर में घुसे थे.

### बीडीओ ने किया केंद्रों का निरीक्षण, निर्देश भी दिए

पीरटांड़ (गिरिडीह) । लोकसभा चुनाव को देखते हुए पीरटाड़ बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों का भ्रमण किया. बीडीओ ने खमरबाद, बिशनपुर के अलावे कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया . साथ ही बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा को लेकर बूथों का निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को निर्देश भी दिए . लोकसभा चुनाव में वोट डालने आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर बीएलओ को कई आवश्यक निर्देश दिया गया . बीडीओ ने कहा कि सभी बूथों पर व्यवस्था का आकलन कर सबकुछ दुरुस्त किया जा रहा है. मौके पर बीडीओ के अलावे सम्बंधित कर्मी उपस्थित थे .

### ब्रीफ खबरें

#### जमुआ में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

जमुआ(गिरिडीह) ।ईद को लेकर शनिवार को जमुआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक जमुआ बीड़ीओ कमलेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई. मौके पर मुख्य रूप से जमुआ पुलिस अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह,अंचलाधिकारी संजय कुमार पांडे,प्रभारी थाना प्रभारी मंणिकात कुमार,एसआई मनोज कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे. बैठक में ईद त्योहार शांति पूर्ण मनाने का आह्वान किया गया. वहीं पदाधिकारियों ने ईद के दिन पुलिस गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया.

#### मवेशी लदा वाहन जब्त किया गया, छोड़ा

गावा (गिरिडीह) । गावां पुलिस ने शनिवार को पांच पशु लदे एक पिकअप वैन को पकड़ा है. गश्ती दल के जवानों ने पशुओं को गावां-तिसरी पथ पर पकड़ा. मालूम हो कि गावां थाना मोड़ के पास अहले सुबह गश्ती के दौरान पुलिस ने बिहार से गिरिडीह ले जा रहे पिकअप वैन को पकड़ा और उसे थाना ले आई. मामले में वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि दुधारू गाय और बछड़े लदे हैं. बाद में थाना प्रभारी के निर्देश पर सभी पशुओं को पशु चिकित्सक के द्वारा जांच कराई गई. सभी पशु दुधारू होने के कारण छोड़ दिया गया.

#### तिसरी में जंगली भालू के हमले में एक घायल

तिसरी (गिरिडीह) । तिसरी प्रखंड के मनसाडीह में शनिवार को एक बार फिर जंगली भालू द्वारा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है . घटना मनसाडीह के खाखोढाब जंगल की है, जहां महुआ चुनने गए तिलकीमारन निवासी 47 वर्षीय शख्स तालो हेमब्रम जंगली भालू के हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं . घायल तालो हेमब्रम को आस - पास के लोगों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया . जहां डॉ. जैनेन्द्र और स्वास्थ्यकर्मी चन्दन ने उनका प्राथमिक उपचार किया.

#### गावां में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया

गावां (गिरिडीह) । गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के तेलियाडीह के हसन चौक में हसनैन कमेटी की ओर से शनिवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए. कमेटी के सदस्यों ने कहा कि हर वर्ष हसनैन कमेटी की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है . जिसमें दोनों समुदायों के लोग उपस्थित रहते हैं. इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज मे भाईचारा का बढ़ावा मिलता है. मौके पर पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व जिप सदस्य इमरान अंसारी, मो सब्दर अली, आलिम अंसारी, मो मोफीज, मो मुजाहिद, अब्दुल क्यूम, मंसूर आलम मौजूद थे.

#### नौगच्छी गंगा घाट में डूबने से बच्चे की मौत

साहिबगंज। राजमहल थाना क्षेत्र में स्थित नौगच्छी गंगा घाट में डूबने से एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी. घटना शनिवार सुबह की है. वह अपनी मां के साथ गंगा नदी में स्नान करने गया था.उसी दौरान ये हादसा हो गया. मृत बच्चे का नाम अर्पित कुमार है. जानकारी के मुताबिक नौगच्छी निवासी संजय मंडल की पत्नी अपने पांच वर्षीय पुत्र अर्पित कुमार को लेकर गंगा स्नान करने गई थी.इस दौरान उसका बच्चा गंगा तट पर खेलते गहरे पानी में चला गया.

### उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

## 10,400 केजी जावा महुआ और 315 लीटर अवैध शराब जब्त



अवैध शराब बनाने के अड्डे को नष्ट करती उत्पाद विभाग की टीम.

संवाददाता। बोकारो

हरला थाना क्षेत्र के दामोदर नदी के किनारे वास्तेजी गांव में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी अभियान चलाकर 10,400 किलो जावा महुआ और 315 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है. साथ ही अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया गया.छापेमारी अभियान उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में चलाया गया.

**मामला दर्ज किया गया :** छापेमारी के क्रम में अभियुक्त छोटू बरनवाल पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर मामला दर्ज किया गया है. छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति आदि शामिल थे. मालूम हो कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और हाइवा को पथरगामा पुलिस ने किया जब्त

गोड्डा/पथरगामा। प्रखंड अंतर्गत विभिन्न घाटों से रात के अंधेरे में अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाव पर रोक लगाने के लिए पथरगामा पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया. थाना प्रभारी अभिनव आनंद के नेतृत्व में थाना अंतर्गत रजौन मोड़ के समीप अवैध बालू लदा हाईवा को बालू लोड कर जाते हुए पकड़ा गया. बाद ने अहले सुबह बालू लदे एक ट्रैक्टर को भी गांधीग्राम के समीप जप्त किया गया. बालू लदे दोनो गाड़ियों को जब्त कर पथरगामा थाना लाया गया. पथरगामा थाना प्रभारी अभिनव आनंद ने कहा कि पुलिस दल को देखकर ड्राइवर रात के अंधेरे में मौके से भागने में कामयाब रहा.

**छापेमारी जारी रहेगी :** थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध रूप से बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा. जिन घाटों की बंदोबस्ती हुई है उन घाटों पर दिन के उजाले में पर्ची कटवाकर वैध तरीके से निर्धारित क्षमता में ही लेकर चल सकेंगे. अवैध बालू के खिलाफ आगे भी लगातार छापामारी जारी रहेगी.



पथरगामा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस कार्रवाई से बालू माफियाओ में हड़कंप मच गया है. सरकारी आवास योजना के तहत जिन्हें आवास मिले हैं उनके लिए पर्ची कटाकर बंदोबस्त वाले घाट से बालू उठाने की सुविधा भी दी गई है. पथरगामा पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों एवं संबंधित लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए खनन विभाग को सूचित कर दिया गया है. खनन विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय बना हुआ है. स्टाफ की कमी से जूझ रहा विभाग कार्यालय तक ही सीमित है. फील्ड में आकर जांच पड़ताल करने का कार्य लंबित ही रहता है.



### छापेमारी अभियान में तीन टन कोयला जब्त

कथारा (बोकारो) ।सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता के निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाकर तीन टन कोयला जब्त किया गया है. स्वांग कोलियरी में कोयला चोरों के विरूद्ध छापेमारी कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय और स्वांग कोलियरी गश्ती दल ने संयुक्त रूप से चलाया. छापेमारी के दौरान गश्ती दल को देख कोयला चोर भाग गए. जिसमें एक स्कूटी जब्त की गई, जिसे बाद में क्षतिग्रस्त कर दी गई. तत्पश्चात करीब 50 से 55 अवैध कोयला से भरी बोरियों को जब्त कर फाड़ दी गई. साथ ही बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया, जिसका वजन करीब तीन टन है. गश्ती में मौजूद जवानों में नुरुल्ला होदा, स्वांग कोलियरी सुरक्षा प्रभारी, प्रदीप महतो एवं क्षेत्रीय गश्ती दल भी मौजूद था.

### उपायुक्त ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

साहिबगंज। शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती ने ज़िला परिवहन कार्यालय,जिला खनन कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया.वहीं निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यालय में संधारित संचिका एवं अन्य कागजों को देखा साथ ही कार्यालय के साफ-सफाई के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. उन्होंने कार्यालय कर्मियों को निर्देश दिया कि आम जनों के कार्यों को ससमय पूरा करें ताकि आमलोगो को कोई परेशानी न हो.उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी . अगर किसी कर्मी द्वारा कार्यों के निष्पादन में देरी की शिकायत मिलेगी तो उन पर जांचोंपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने परिवहन कार्यालय में आए व्यक्तियों की लर्निंग ,लाइसेंस आदि के कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया.

## पेयजल समस्या का समाधान शीघ्र करें विभाग : जिप सदस्या

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी प्रखंड की जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने शनिवार को एक प्रेस व्यान जारी कर कहा कि डुमरी प्रखंड के दर्जनों गांव के ग्रामीण पीने की पानी के लिए मोहताज है और विभाग चैन की नींद सो रहा है,हमारी लगातार शिकायत के बाद भी पता नहीं किसकी दबाव के कारण शिकायत को अनसुना किया जा रहा है,जिप सदस्या ने कहा कि डुमरी जामताड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना मरम्मत के आभाव में पांच माह से बंद है. जिसकी मरम्मत कराने के लिए विभाग से मांग कर चुके हैं. लेकिन विभाग मरम्मत की सिर्फ प्राकलन तैयार कर छोड़ दिया है. वहीं रोशना रंगामाटी ग्रामीण जलापूर्ति योजना से रांगामाटी पंचायत को पानी सप्लाई देनी है . परंतु रेलवे के कुछ मुद्दा होने के कारण काम बंद



था. जबकि रेलवे का मुद्दा दूर होने के बाद भी काम बंद कर दिया गया. बरमसिया,डुगडुगिया गांव में संवेदक की सिर्फ लापरवाही के कारण वहां सप्लाई पानी नहीं पहुंच रही है. वहीं हाल हर घर जल नल योजना के तहत लगी जलमीनार का भी है. खैराटूंडा पंचायत के बुधनडीह, नीमटांड, जमुआकला, शिमरबेडा ,माघगोपाली पंचायत के झरना ,जामतारा पंचायत के पीड़िटांड़,जामतारा विद्यालय के पास लगी जलमीनार सिर्फ दिखावे के लिए खड़ी है . इन जलमीनारों में एक बाल्टी भी पानी नहीं मिल रहा है.

## विद्यालय विकास के लिए स्वयं का विकास जरूरी : जूही शिवानी



- विद्यालय नेतृत्व को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला

संवाददाता। पाकुड़

विद्यालय नेतृत्व विषय पर डायट पाकुड़ में प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को लेकर आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दूसरे दिन शनिवार को स्वयं का विकास, मेरी नेतृत्व शैली की समझ, विद्यालय प्रमुख के रूप में प्राथमिक कार्य, निरंतर व्यावसायिक विकास, शिक्षण प्रशिक्षण प्रक्रिया का रूपांतरण तथा विद्यालय एवं शिक्षा का उद्देश्य, बालकों की विकासात्मक आवश्यकताओं को समझना, बाल केंद्रित शिक्षण शास्त्र की समझ तथा कक्षा में सक्रिय अधिगम का प्रयोग विषय पर व्यापक चर्चा की गई.

प्रशिक्षक जूही शिवानी,सुजय दास एवं आशुतोष कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से संबंधित विषय की जानकारी दी गई. जूही शिवानी ने कहा कि विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रमुख की महत्वपूर्ण भूमिका है. विद्यालय का विकास से पहले स्वयं में नेतृत्व क्षमता का विकास जरूरी है. जो बदलाव हम बच्चों में देखना चाहते हैं वह बदलाव स्वयं में करना होगा.

### चोरी की घटना से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

गावां (गिरिडीह) । गावां थाना क्षेत्र स्थित पाण्डेयडीह के ग्रामीणों ने शनिवार को थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर बढ़ती हुई चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उसके उद्भेदन की मांग की है . ग्रामीणों ने कहा कि विगत एक पखवाड़े में अज्ञात चोरों ने कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है . दो अप्रैल को घर के बाहर खड़ी संतोष पांडेय की बाइक को चोरों ने चुरा ली . इसके अलावा एक ही रात विभिन्न घरों के बाहर लगे लगभग चालीस से अधिक बिजली बल्ब को चोरों ने खोल लिया. इसके अलावा मोटर पम्प, सोलर आदि भी गांव से चोरी हो चुकी है . देर रात में पांच से छह की संख्या में लोग गांव के आसपास चक्कर काटते नजर आते हैं . जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों ने रात्रि में पेट्रोलिंग करते हुए अपराधियों को पकड़ने की मांग की है. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि मामले की शीघ्र ही उद्भेदन किया जाएगा.

## जलमीनार और कई चापाकल खराब, लोगों की परेशान बढ़ी

संवाददाता। पीरटांड़ (गिरिडीह)

गर्मी ने अभी अपने पैर पसारना शुरु ही किया है कि लोगों को पानी की दिक्कत आनी शुरु हो गई . आने वाले दिनों में पानी की सप्लाई के हालात क्या होंगे.इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है . पीरटांड़ प्रखंड के मंडरो पंचायत के बेलकतरी गांव में पानी की समस्या से लोग परेशान है . गांव मैं तीन चापाकल हैं जो वर्तमान में खराब पर हैं . जिस कारण लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है . वही गांव में सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक नल जल योजना के तहत एक जल मीनार लगाई गई है . वह भी कई महीनों से खराब पड़ी है . जिसको



विभाग द्वारा कभी बनवाने को लेकर कदम भी नहीं उठाया गया है . जो चापाकल में जल मीनार का मोटर लगा है वह चापाकल भी खराब पड़ा है. ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जल मीनार के पोस्टर में दिए नंबर पर कॉल कर इसकी सूचना दी गई, लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो पाई है.

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## हत्या के विरोध में सड़क जाम

संवाददाता। जामताड़ा

मिहिजाम थाना क्षेत्र स्थित रामू खटाल में शुक्रवार सुबह प्रेम कुमार पांडे नामक एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी. इस घटना के विरोध में शनिवार को आक्रोशित लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं.

**पिछले साल हुई थी शादी :** घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है. मृतक प्रेम पांडे का विवाह पिछले वर्ष ही हुआ था. उसकी पत्नी किरण कुमारी घटना के बाद से बार-बार बेहोश हो जा रही है. प्रेम पांडे के पिता दिलीप पांडे बाहर काम करते हैं.



#### युवक ने चाकू मारकर कर दी हत्या

जानकारी के मुताबिक प्रेम कुमार पांडे मिहिजाम शहर के रामू खटाल मोहल्ला में रहता था. वह देर रात मोहल्ले के एक व्यक्ति का दाह संस्कार कर लौट रहा था. मोहल्ला पहुंचने पर चार-पांच युवकों के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गयी. इसी बीच गुलाब नामक युवक ने प्रेम पांडे पर चाकू से वार कर दिया. जिससे प्रेम पांडे वही गिर गया. स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## कंटेनर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलटा, बचा चालक

संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत मदैयडीह स्थित एनएच में शनिवार सुबह एक कंटेनर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया. कंटेनर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. चालक मोहम्मद सैफ को हल्की चोटें आयी है. चालक यूपी के कानपुर का रहने वाला बताया जा रहा है. एनएच कर्मी और पुलिस की मदद से चालक को साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया जा रहा है. इधर कंटेनर के पलटने से दो लेन पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है. घटना के संबंध मे बताया जाता है कि कंटेनर कोलकाता



से तोपाचांची की तरफ आ रहा था. चालक को अचानक झपकी आ गयी और कंटेनर मदैयडीह स्थित बांका पुल से टकराकर पलट गया. तोपचांची पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**गोड्डा**

### टिकट के प्रबल दावेदार, कार्यकर्ताओं को तैयार रहने को कहा

## जनता को कभी निराश नहीं किया : प्रदीप यादव

संवाददाता। गोड्डा/पौडेयाहाट

पच्चीस वर्षों से विधायक हूं. मैं हमेशा जनता से जुड़ा रहा हूं. मेरा प्रयास रहा है कि दरवाजे पर आने वाली जनता को कभी निराश नहीं लौटना पड़े. यही वजह है कि जनता ने सदा अपना आशीर्वाद बनाए रखा. पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव प्रखंड मुख्यालय में अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन प्रत्याशी के रूप में टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे प्रदीप यादव अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की बात करते हुए कहा कि आदिवासी पिछड़ा और



अल्पसंख्यक की आबादी के अनुरूप भागीदारी दिलाने के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है. इसलिए कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा की पोल खोले. भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करे.

#### हथकंडे अपनाए जाते हैं

पौड़ैयाहाट के कारोबारी शैलेंद्र भगत की हत्या के मुद्दे पर सांसद निशिकांत राजनीति कर रहे हैं इस पर प्रदीप यादव ने कहा कि अगर कोई हत्यारा मेरे गांव का है तो पूरे गांव को आरोपी नहीं मान लिया जाएगा. जब एक हत्यारे को सांसद ने अपने पार्टी का महामंत्री बना कर पूरे चुनाव में घुमाया तब वह सही था. प्रदीप यादव ने कहा कि यह चुनाव का समय है. चुनाव जीतने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं और मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए प्रयास किए जाते हैं. यही नेता हैं जो कहते थे हम ड्राइवर और वर्कर नहीं रखते हैं और आज वहीं नेता अपने वर्कर का पैर पकड़ रहा है. जो कभी गांव नहीं आया वह आज परिवार बच्चा समेत पहुंच रहे हैं. जनता को ऐसी बातों से सावधान रखे इसकी जिम्मेवारी हम कार्यकर्ताओं की बनती है. इस मौके पर कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### बोकारो में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## पृथ्वी, अग्नि व जल सदन बने विजेता

संवाददाता। बोकारो

बोकारो के चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में शनिवार को तीन अलग अलग आयु वर्ग में अंतर सदन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए कक्षा 12वीं के पृथ्वी सदन के छात्रों ने वायु सदन के खिलाड़ियों को 2-0 से हराकर फाइनल जीता. वहीं ग्रुप बी में नवम एवं दशम के खिलाड़ियों, अग्नि सदन ने पृथ्वी सदन को फाइनल में 1-0 से हराकर जीत का स्वाद चखा. ग्रुप सी में कक्षा छठी से आठवी में पूरे खेल में गोल नहीं होने के कारण पेनेल्टी शूट का सहारा लिया गया जिसमें जल सदन ने वायु सदन को



3- 2 से परास्त किया. फाइनल मैच प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने अग्नि, जल, पृथ्वी एवं वायु सदन के सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलें, एक टीम जीतती है तो दूसरा हारता है, लेकिन दोनों टीमों के लिए सीखने की बहुत संभावना रहती है. हार और जीत दोनों ही हमे शिक्षा देती है. मैच में सभी खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल एवम तकनीक का परिचय देते हुए अपनी अपनी टीम को जीत दिलाई. इस मैच में रणविजय ओझा, विशाल कुमार मौर्य, आदर्श आचार्या ने निर्णायक की भूमिका निभाई.

इस दौरान विभागाध्यक्ष वरीय शिक्षक हरिहर पांडेय, संजीव सिंह, प्रवीण कुमार, नितेश पांडेय एवं ललिता उरांव ने मैच के संचालन में सहयोग करते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया.

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशानिर्देश

# लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान में सभी की भूमिका अहम

संवाददाता। रामगढ़

जिले में सफलता पूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में रामगढ़, गोला, दुलमी एवं चितरपुर पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों,



बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया. वहीं उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आमजनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन मतदान आसानी से सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए.

#### खास बातें

- मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराएं
- सभी ने ली मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ

#### निर्वाचन कार्यों को लेकर जानकारी दी गयी

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनकी दुविधाओं को दूर किया गया. उप निर्वाचन पदधिकारी के द्वारा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप एवं इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई.

#### मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली

अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा वअन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली.

### मूरकी में बाहा बोंगा सरहुल पूजा का आयोजन

# सरना स्थल पर मांदर की थाप पर झूमे महिला-पुरुष

संवाददाता। टाटीझरिया (हजारीबाग)

टाटीझरिया पंचायत के मूरकी में शनिवार को बाहा बोंगा सरहुल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. मूरकी, कंदागढा, गरमरा के आदिवासी महिला-पुरुषों ने सरना स्थल मूरकी पर मांदर की थाप पर थिरकते हुए मारांगबुरु की स्तुति की. संथाल सरना समिति की ओर से आयोजित बाहा बोंगा सरहुल महोत्सव में नायके रामधन मांझी, मांझी बाबा महादेव मांझी ने परंपरागत विधि-विधान से अपने आराध्य देव मारांगबुरु की पूजा सखुआ व महुआ के फूल चढ़ाकर की.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस त्योहार में प्रकृति एवं मारांगबुरु की आराधना की जाती है. यह गांव के देवता की पूजा है, जिन्हें जनजातियों का रक्षक माना जाता है. सरहुल पर्व में लोग खूब-नाचते गाते हैं. जब साल के नए फूल खिलते हैं, तब देवताओं की पूजा साल की फूलों से की जाती है.

मौके पर मुकेश टुडू, सुरेंद्र टुडू, दीपक टुडू, संजय टुडू, राजेंद्र टुडू, प्रदीप टुडू, डेकलाल बेसरा, अजीत कुमार टुडू, जीवालाल बेसरा, महेंद्र बेसरा, संजय सोरेन, विजय सोरेन, रामकुमार टुडू, साहेबराम सोरेन, सोनाराम बेसरा, सहदेव टुडू, बाबूराम मुर्मू समेत कई शामिल रहे.

## ब्रीफ खबरें

#### केसडा में रामनवमी की तैयारियां जोरों पर

**टाटीझरिया (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र के केसडा में होने वाली रामनवमी पूजा इस वर्ष भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है. इस निमित ग्रामीणों ने शिव मंदिर प्रांगण में अमीर महतो की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक की. इसमें पूजा कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से महेश प्रसाद को अध्यक्ष, महेश प्रसाद ऊर्फ बुधन को उपाध्यक्ष, जगदीश मिस्त्री को सचिव, संतोष राम को कोषाध्यक्ष, मानकी ठाकुर संचालक, गोवर्धन मिस्त्री को उपसंचालक बनाया गया है.

#### लोकसभा चुनाव प्रत्याशी के पिता का निधन

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी हजारीबाग के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा के पिता सेवानिवृत्त डॉक्टर, मलेरिया विभाग पोखन नारायण कुशवाहा (84) का शुक्रवार रात्रि 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया. इसकी सूचना मिलते ही उनके तिलैया स्थित पैतृक आवास पर हजारों की तादाद में लोग पहुंचे और शोक व्यक्त किया. इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शोकाकुल परिवार से मिले और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. शनिवार को 11 बजे तिलैया मुक्ति धाम में दाह संस्कार किया गया.

#### भाजपा की बैठक में लोस चुनाव पर चर्चा

**कटकमसांडी।** भाजपा कटकमसांडी पूर्वी मंडल और पश्चिमी मंडल की बैठक शनिवार को हुई. इसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव ने की. बैठक में बतौर अतिथि हजारीबाग लोकसभा प्रभारी अभय सिंह और हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह शामिल हुए. बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया.

#### डीएवी बरकाकाना में बाल मेले का आयोजन

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन प्राचार्या डॉ. उर्मिला सिंह ने किया. उन्होंने कहा कि बाल मेले के आयोजन से बच्चों का बौद्धिक और प्रबंधन क्षमता का विकास होता है. बाल मेले में इडली, ढोकला, कटलेट, मिठाई, दही बड़ा, गोलगप्पा, समोसा चाट, बटाटा पूरी, झालमुढ़ी, फ्रूट सलाद, मेयो सैंविच, आइसक्रीम, बेकरी के आइटम्स शामिल थे. इसके साथ ही मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. बच्चों ने लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया.

### 15 तक अपनी तैयारियों को पूरा कर रिपोर्ट करें : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

# चुनाव कार्यों को गंभीरता से पूरा करें पदाधिकारी

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतें. शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए सजग रहें. अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास किये जाने वालों की थाना स्तर पर सूची तैयार कर उनपर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. आगामी 15 तारीख़ तक पदाधिकारी अपने आवंटित कार्यों को पूरा कर प्रतिवेदन समर्पित करें. उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दिया. वे शनिवार को धनबाद के समाहरणालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ निर्वाचन कार्य को गति देने का निर्देश दिया.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने पुलिस पदाधिकारियों को अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया. साथ ही मुफ्त की वस्तुओं की आमद/वितरण को रोकने के लिए सफल प्रयास करने, छापेमारी अभियान को तेज करते हुए विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों एवं अवैध सामग्रियों की बरामदगी करते हुए संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया. उन्होंने क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की सूची को फिर से रिवाइज करने एवं हर संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती करने का भी निर्देश दिया.



#### वाहनों के प्रबंधन में आम लोगों को असुविधा न हो

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के कार्य में लगे सुरक्षाकर्मियों, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखकर काम करें. निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय कर लें. इसमें यह ध्यान रखें कि आम लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो एवं मतदान के दिन कर्फ्यू जैसा माहौल नहीं रहे. सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्यालय एवं आयोग के स्तर से भी नजर रखी जाएगी.

#### निर्वाचन कार्य को रूटीन के रूप में न लें अधिकारी

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हमसभी की पहली प्राथमिकता होगी, निर्वाचन कार्य के रूटीन कार्य में नहीं लें. हिदायत दी कि एक भी घटनाएं हुई तो अपराधियों के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय होगी.

#### भगोड़े अपराधियों की संपत्ति करें कुर्क

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करें. आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज़ पर आठ मिनट के अंदर कार्रवाई करें. बैठक में सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह सहित उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त, डीआईजी सीआरपीएफ, दुमका प्रक्षेत्र के आईजी सहित धनबाद, बोकारो, गिरिडीह व देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

### पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया

# चोरी के दो मामलों का किया उद्भेदन

संवाददाता। रामगढ़

मांडू थाना क्षेत्र में हुई चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करने में पुलिस को कामयाबी मिली है. तीन चोर गिरफ्तार किये गये हैं. साथ ही चोरी का समान भी बरामद हुआ है. यह जानकारी शनिवार को प्रेस वार्ता में एसपी डॉ. विमल कुमार ने दी. बताया की 3 मार्च को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड स्थित स्टोर से लाखों के सामान की चोरी हुई थी. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने छापेमारी के क्रम में सोम कुमार उर्फ बजरंगी और जाहिद खान उर्फ मुन्ना दोनों को गिरफ्तार किया. अभियुक्तों की निशानदेही पर टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड से स्टोर से चोरी एक फेंसिग स्कूल, फेंसिंग स्कोर बोर्ड, आर्चरी इक्विपमेंट, एक सीलिंग उषा कंपनी का पंखा, एक क्रंपटन कंपनी का पंखा बरामद किया गया. वहीं दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

#### मोबाइल टावर से चोरी हुई मशीन बरामद

वहीं एसपी ने बताया कि मांडू थाना के बंजी गांव में 4 मार्च को एयरटेल टावर से मशीन की चोरी हुई थी, जिसकी जांच के लिए टीम का गठन किया गया. पुलिस ने एयरटेल कंपनी के अधीन कार्यरत चालक शशिकांत पिता अरूण करमाली निवासी भेलगड़ा मांडू को गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की मशीन बरामद कर ली. साथ ही कांड के लिए उपयोग बाइक को भी जब्त कर लिया. छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद प्रसाद, पुअनि रंजीत कुमार, पुअनि संजय बेदिया शामिल थे.

#### अपर समाहर्ता ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजली कुमारी ने पतरातू प्रखंड के रोचाप, कटिया, सांकुल, सयाल, सौंदाडीह, जयनगर, भुरकुंडा, जवाहरनगर, चिकोर, भदानीनगर आदि क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. मतदान केंद्र पर उपलब्ध वश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया. बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को उनके क्षेत्र में प्रत्येक योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अंकित करने के निर्देश दिये. वहीं जिन व्यक्तियों का मतदाता पहचान पत्र नहीं बन पाया है उनसे तत्काल प्रारूप 6 भरवाने का निर्देश दिया. बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने को कहा.

# भारतीय जनता पार्टी का मनाया गया स्थापना दिवस



टाटीझरिया (हजारीबाग)

भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया. मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित किए. मौके पर एमके पाठक, महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल महामंत्री उपेंद्र पांडेय, राजू यादव, महेश अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला. वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भाजपा के पूर्वजों की मेहनत का परिणाम है कि वर्तमान समय में हम उनके बोए फसल को काट रहें हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की बदौलत भाजपा आज शिखर पर है. देश और दुनिया में मोदी जी का डंका बज रहा है. कार्यक्रम में राजेश यादव, अनिल प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद यादव, हिरामन यादव, प्रदीप सिंह, महेंद्र कुमार, बजरंगी साव, सुरेंद्र प्रसाद, अधिरचंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे.

### रांची-पटना मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा, घायलों को रांची किया रेफर

# चुट्टूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना एक की मौत, दो दर्जन घायल

संवाददाता। रामगढ़

रांची-पटना मुख्य मार्ग चुट्टूपालू घाटी के गडके मोड़ के समीप शनिवार को सुबह 11 बजे भीषण सड़क दुर्घटना हुयी. दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बस पर सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये.

चुट्टूपालू घाटी में सुबह 11 बजे पाइप से लदे एक ट्रक ने क्रेटा कार में टक्कर मार दी. इसी क्रम में पीछे से आ रही एक सवारी बस अनियंत्रित हो ट्रक से टकराकर पलट गई. इस क्रम में कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं. दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए. मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है. वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से कई यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स,रांची रेफर कर दिया गया. वहीं कई के परिजन अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं. दुर्घटना के बाद रामगढ़ एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि दुर्घटना में सभी घायलों को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रामगढ़ के सदर अस्पताल में भर्ती कराया है.

**दुर्घटना के कारण दो घंटे जाम :** अनियंत्रित चार गाड़ियों की टक्कर में लगभग 2 घंटे रामगढ़ के चुट्टूपालू घाटी के समीप एनएच 33 जाम रहा. रामगढ़ पुलिस के सहयोग से बहुत ही मशक्कत के बाद जाम को छुड़ाया गया और सभी दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटाया गया.

#### कोयला खनन परियोजना ने मनाई पहली वर्षगांठ

**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने खनन की शुरुआत की अपनी पहली वर्षगांठ शनिवार को मनाई. कार्यक्रम की शुरुआत केक काटने से हुई, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने परियोजना की शुरुआत से जुड़ी अपनी यादें साझा कीं. परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज़ तैयब ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों को उनकी अटूट प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया. परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने इस बात पर जोर दिया कि सभी कर्मचारियों के मजबूत प्रयासों से केरेडारी परियोजना चालू वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन के अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेगी. चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने कहा कि चट्टी बरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजनाएं वित्त वर्ष 2024-25 के अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करेंगी.

# टीवी कलाकारों ने लोगों से की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय निर्वाचन आयोग के साथ राज्य एवं जिला निर्वाचन सह जिला प्रशासन, हजारीबाग की पहल पर आम जनता को विभिन्न प्रकार से मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है. साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं से लोगो को जागरूक करने की अपील की जा रही है. इसी क्रम में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं जिसमें हजारीबाग की सामाजिक सह सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार गुप्ता के विशेष आग्रह पर पैनोरमा प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित एवं दंगल चैनल पर प्रसारित होने वाले मशहूर टीवी सीरियल "मनसुंदर" के सभी कलाकारो ने वीडियो संदेश दिया है.

इसमें सभी कलाकारों ने एक साथ इस चुनाव में हजारीबाग के लोगों से



वोट प्रतिशत 80 फीसदी से ऊपर ले जाने की अपील की गयी है. इस वीडियो संदेश में हजारीबाग निवासी दीपक सागर के साथ मुख्य कलाकार देव आदित्य, नैंसी राय, अलीशा टुंडा, अनन्या समर्थ एवं शिखर शर्मा है. संस्था के निदेशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार कोई भी वोटर वोट करने से छूटे ना इसके लिए संस्था विभिन्न प्रकार से जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रही है. संस्था को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है. प्रेरित करने के लिए संस्था के अमित कुमार गुप्ता ने निर्वाचन नोडल अधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार के साथ मोनिका भारती एवं परिमल कुमार को धन्यवाद दिया है.

# शोक सभा : जिला अभियंता को संवेदक संघ ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। हजारीबाग

डीवीसी चौक स्थित संवेदक संघ के कार्यालय में स्व. चंद्रभूषण सिंह, जिला अभियंता, जिला परिषद हजारीबाग के निधन पर शनिवार को शोकसभा का आयोजन कर सभी संवेदकों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. संवेदकों ने स्व. सिंह की तस्वीर पर पर माल्यार्पण किया.

इस मौके पर संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता ने कहा कि स्व. सिंह नेक दिल इंसान थे. वह सभी संवेदकों को मिलाकर चलने वाले व्यक्ति थे. कार्यक्रम में संघ के सचिव मुकेश कुमार, मुख्य संरक्षक दीपक कुमार, संजय कुमार उपाध्याय, अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष विशेश्वर यादव, पुरुषोत्तम सिंह, श्री प्रकाश कुशवाहा, अमरेंद्र यादव, इंद्रजीत मेहता, पवन पांडे, बहादुर पटेल, सुजीत मेहता, दीनानाथ यादव, आशीष सिंह, राजेंद्र यादव, विपिन कुमार मेहता, रंजीत कुमार मेहता, बालेश्वर मेहता, गणेश यादव, रोहित मेहता, रक्ष पाल दांगी, नागेंद्र शुक्ला, अनिकेत रंजन, मनोज बाजपेयी, मनोज चौबे, बसंत प्रजापति, कालेश्वर ठाकुर, मंटू कुमार सिंह, विवेक सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, जयप्रकाश मेहता, सुरेंद्र कुमार मेहता, आदित्य श्रीवास्तव, रवि शंकर यादव, अशोक प्रसाद कुशवाहा, अखिलेश नायक, बादल राज, रवि कुमार, अमरेंद्र यादव, अजीत कुमार, रवि सिंह, एस के शर्मा, रवि यादव, मुकेश कुमार, बालेश्वर मेहता, श्रीकांत मेहता, सुरेंद्र प्रसाद, प्रमोद पांडे, प्रदीप पांडे, अरुण शर्मा आदि उपस्थित थे.

### लंबे समय से एजेंसी संचालक कर रहे शिकायत, मामला दर्ज कराएंगे : मुन्ना बाबू

# चौपारण में बिक रहा मिलावटी सरसों तेल

संवाददाता। चौपारण (हजारीबाग)

चौपारण प्रखंड अवैध कारोबार का हब बना चुका है, जिसका खुलासा लोकसभा चुनाव के दौरान परत दर परत होता जा रहा है. इसी कड़ी में चौपारण-बरही बाजार और आसपास प्रताप सरसों तेल भरतपुर ब्रांड का तेल का नकली पैकिंग कर बाजार में बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में चौपारण के कुछ लोगों ने फोन पर बात करने पर नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि चौपारण में कई लोग हैं, जो सस्ते दाम के तेल को खरीद कर ब्रांडेड प्रताप सरसों तेल का रैपर व बोतल बनाकर डी पैकिंग कर रहे हैं.

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सस्ते तेल में माइरोंसिनेस और सिनिग्रीन के मिलने से एआईटीसी पैदा होता है,



जिसके कारण प्योर सरसों तेल जैसा झांग आने लगता है. इस मिलावट के धंधे के संबंध में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. भुनेश्वर गोप ने बात करने पर कहा कि सरसों में यह नेचुरल गुण रहता है, जिससे मानव शरीर में कोई हानि नहीं होती है. लेकिन इसमें इस गुण को पैदा करने के लिए केमिकल का उपयोग करना सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकता है. इससे कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं.

#### क्या कहते हैं एजेंसी संचालक

इस संबंध में प्रताप सरसों तेल के एजेंसी डीलर स्व. बालगोबिंद केशरी के पुत्र अनिल केशरी ने बात करने पर कहा कि काफी लंबे समय से डी पैकिंग हो रही है, जिसकी शिकायत कई बार फोन के माध्यम से कर चुके हैं.

#### क्या कहते हैं कंपनी के मालिक

वहीं इस संबंध में भरतपुर के प्रताप सरसों तेल मिल मालिक मुन्ना बाबू ने बात करने पर बताया कि यह कॉपी राइट का मामला है. यह मेरा वर्षों का ब्रांड है और इसका कोई भी दुरुपयोग करता है तो उस पर कॉपी राइट का मामला बनता है. उन्होंने कहा कि डी पैकिंग के बारे में लंबे समय से बरही और चौपारण के एजेंसी संचालकों की ओर से शिकायत आ रही है. लेकिन अब मामला बहुत आगे बढ़ गया है. जल्द ही डीलर के सहयोग से कॉपी राइट एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया जायेगा.

# विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, पसरा मातम

- जीवकोपार्जन के लिए कोल्हापुर में शटरिंग का काम करता था जीतन

संवाददाता। विष्णुगढ़ (हजारीबाग)



विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के बेलवाटोंगरी निवासी जीतन अगरिया (45) पिता जोधन अगरिया की शुक्रवार को मुंबई में आकस्मिक मौत हो गई. मृतक मुंबई के कोल्हापुर में शटरिंग का काम करता था. जीवकोपार्जन के लिए वह प्रखंड क्षेत्र के टंडवा के गुलाब शेख के साथ मुंबई गया था. वह लगभग दो साल से वहां काम कर रहा था. शुक्रवार को काम पर जाते हुए उसे अचानक पेट दर्द हुआ. इलाज के बजाय नींबू पानी पिलाकर आराम करने की सलाह दी गयी और उसे बिस्तर पर लेटा दिया गया. मगर जीतन अगरिया ऐसा लेटा कि वह फिर कभी नहीं उठ सका. उसका शव शनिवार को पैतृक गांव पहुंचने वाला है. उसके परिजन और गांव वाले अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर की प्रतीक्षा कर रहे हैं. वह अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था. मालिक उसे नियमित भुगतान भी नहीं कर रहा था. लिहाजा परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. वह अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चे छोड़ गया है. पत्नी दिमागी तौर से बीमार है. ऐसे में मासूमों की परवरिश पर सवाल खड़े हो रहे हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** खर्च भाव मे चंद्रमा है. गलत कार्य और लोगों से बचें. धन के साथ साथ प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. किसी खास चीज के अच्छा लाभ का योग है. सहकर्मियों से मनमुटाव हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें. दुर्गा माता का पूजन करें.

**वृषभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. दोपहर के बाद समय बहुत ही अनुकूल है. अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी दोस्त से धोखा मिल सकता है. आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. गौ माता की सेवा करें.

**मिथुन** समय अनुकूल है. आय भाव में चन्द्र है. सात्विक आय ज्यादा लाभकारी होगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें.

**कर्क** योगकारक समय है. कोई बड़ा लाभ होगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें. धन आगमन से मन खुश होगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** धर्म से भाग्य का उदय होगा. कर्म के लिए दिन अच्छा है. मनोरंजन होगा. ससुराल से अच्छे लाभ का मौका दिख रहा है. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** थोड़ा मानसिक तनाव होगा, पर भाग्य का साथ मिलेगा. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. यात्रा का योग है.

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कोई नया कार्य कर सकते हैं. शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं. कोई बड़ा बदलाव होगा.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. मानसिक उलझन वाला दिन होगा. एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. शिवलिंग पर दूध का अर्पण करें.

**धनु** कार्य में विलंब होने से मन खिन्न होगा. संतान के कार्य पर नज़र रखें. धर्म से सही मार्ग मिलेगा. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. काली वस्तु का दान करें.

**मकर** आपके प्रभाव से अच्छे लाभ का योग है. पर किसी से विवाद नहीं करें. माता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भारी पड़ सकता है. दुर्गा माता का ध्यान करें. जूता और अन्न का दान करें.

**कुंभ** भाई के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. शिक्षा में बदलाव होगा. नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें. स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें.

**मीन** समय सामान्य है. पर किसी से विवाद होगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

## सुरक्षा बलों ने पांकी में पांच किलो का सिलेंडर बम बरामद किया

**पांकी/पलामू।** पांकी में पांच किलो का शक्तिशाली सिलेंडर बम को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है. पांकी के आबून-जांजो के बीच पुलिया के नीचे से सिलेंडर बम बरामद किया गया. आईपीएस गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में चले ऑपरेशन के दौरान पुलिस को ये सफलता मिली. पलामू पुलिस और सीआरपीएफ के 112 वी बटालियन इलाके में संयुक्त कार्रवाई कर रही है. लोकसभा चुनाव को देखते हुए सर्च अभियान तेज किया गया है.

## प्रथम मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, डीसी ने किया निरीक्षण

**लातेहार।** आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए शहर के गांधी इंटर कॉलेज व बनवारी साहू कॉलेज में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह ने प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होने प्रशिक्षण में लोकसभा आम चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों व कर्तव्यों से सभी को अवगत कराया. कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार जिला में पांचवे चरण में चुनाव होना है. ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है.

### पेज एक का शेष...

## बोकारो सेल : 26 कर्मी दम घुटने के शिकार...

इस दौरान घटनास्थल पर काम कर रहे 26 कर्मियों को घुटन महसूस होने पर उन्हें प्लांट ओएचएस ले जाया गया, जिसके बाद बोकारो जेनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बीएसएल के प्रवक्ता मणिकांत धान ने जानकारी देते हुए बताया कि गैस एनालाइजर मशीन द्वारा भी जांच कि गई जिसमें कोई गैस लीकेज नहीं मिला है. सभी कर्मी सुरक्षित है. उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है.

**सात कर्मियों को अस्पताल से मिली छुट्टी :** बीएसएल प्लांट में गैस रिसाव के बाद प्रभावित हुए कर्मियों से उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने बोकारो जनरल अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे. इधर बीएसएल प्लांट में गैस रिसाव के बाद प्रभावित कर्मियों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार के बाद शनिवार दोपहर में सभी प्रभावित कर्मियों ने भोजन किया. सभी की स्थिति सामान्य है. इनमें से सात कर्मियों को चिकित्सकों के परामर्श पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. उनके परिजन उन्हें घर ले गये हैं.

## गुजरात: क्या भाजपा को भारी पड़ेगी क्षत्रियों....

महिलाओं के रूपाला के घर के बाहर आत्महत्या करने का वीडियो सामने आने के बाद महिलाओं के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. महिलाओं ने जौहर से पहले मेहंदी भी रखवाई थी. शनिवार को वे कुछ मंदिर के दर्शन करने के लिए जाने वाली थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया. गुजरात में लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले हुआ यह घटनाक्रम भाजपा के लिए उसके गढ़ माने जाने वाले राज्य में एक नया सिरदर्द बन गया है. गुजरात में राजपूतों की आबादी लगभग 17% है और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में उनका बड़ा प्रभाव है.

### धीरेंद्र अग्रवाल भी दो बार भाजपा से और एक बार राजद से जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव

# क्या चतरा से चुना जाएगा स्थानीय सांसद? विजया राजे ने लगाई थी हैट्रिक

आशीष टैगोर। लातेहार

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति के एक एपिसोड में एक प्रश्न पूछा था. प्रश्न था कि वह कौन सा लोकसभा क्षेत्र है, जहां आज तक कोई स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बना है और इसका उत्तर है चतरा. जब से चतरा संसदीय क्षेत्र अपने अस्तित्व में आया है तब से यहां कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बना है. स्थानीय का मतलब है कि वह जो चतरा संसदीय क्षेत्र का निवासी हो.आज तक जितने भी सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र से बने हैं सबके सब चतरा से बाहर के व्यक्ति रहे हैं. लेकिन इस बार भाजपा ने चतरा के स्थानीय व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया है. क्या इस बार स्थानीय व्यक्ति का सांसद नहीं चुने जाने का रिकार्ड टूटेगा, यह तो आगामी चार जून को पता चलेगा. लेकिन इसे ले कर लोगों मे चर्चा जोरों पर है. हालांकि चतरा संसदीय क्षेत्र से अन्य दल या गठबंधनों ने अपने प्रत्याशी के नामों की घोषणा नहीं की है.



सुनिल सिंह



धीरेंद्र अग्रवाल



इंदर सिंह नामधारी



विजया राजे

**विजया राजे ने लगायी थी जीत की हैट्रिक :** साल 1957 से 1967 तक रामगढ़ राजा घराने की महारानी विजया राजे ने जीत की हैट्रिक लगायी थी. उन्होंने 1957 के लोकसभा चुनाव में छोटानागपुर संस्थाल परगना जनता पार्टी और शेष चुनावों स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में लड़ी थी. इसके 1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने जीत हासिल की. जबकि 1977 में जनता पार्टी के सुखदेव प्रसाद वर्मा, 1980 मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) के रणजीत सिंह, 1984 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के योगेश्वर प्रसाद योगेश ने चुनाव जीता. इसके बाद 1989 व 1991 में लगातार जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा एवं 1996 व 1998 में भाजपा के धीरेंद्र अग्रवाल ने चुनाव जीता. 1999 में राजद के नागमणि व 2004 में राजद के धीरेंद्र अग्रवाल ने चुनाव जीते. 2009 में निर्दलीय इंदर सिंह नामधारी ने बाजी मारी. जबकि साल 2014 व 2019 में भाजपा के सुनील कुमार सिंह चतरा के सांसद बने हैं.

### पिछले तीन लोकसभा चुनावों का रिपोर्ट कार्ड

अगर पिछले तीन लोकसभा चुनावों का रिपोर्ट कार्ड पर नजर डालें तो साल 2009 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी इंदर सिंह नामधारी ने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहु को हराया था. तीसरे स्थान पर राजद के नागमणी रहे थे. साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुनील कुमार सिंह ने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू को हराया. तीसरे स्थान पर जेवीएम (पी) की नीलम देवी थीं. जबकि पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के सुनील कुमार सिंह ने कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया. लेकिन इस बार कांग्रेस से धीरज प्रसाद साहु नहीं बल्कि मनोज कुमार यादव चुनावी मैदान में थे और तीसरे स्थान पर राजद के सुभाष यादव रहे थे.

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने लिया फीडबैक, चुनावी रणनीति पर किया मंथन

# कांग्रेस का इस बार परंपरागत मैनिफेस्टो नहीं : गुलाम अहमद

संवाददाता। रांची

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने शनिवार को लोकसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष के साथ उम्मीदवारों से फीडबैक लिया. उन्होंने चुनावी रणनीति पर मंथन भी किया. मीर ने कहा कि किसी भी पार्टी का मेनिफेस्टो पार्टी का रोड मैप होता है. कांग्रेस का इस बार का मेनिफेस्टो परंपरागत मेनिफेस्टो नहीं है. भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और मणिपुर से लेकर मुंबई तक लोगों की बातों को जानने के लिए राहुल गांधी ने एक महाजन संपर्क अभियान चलाया. इस दौरान मिले लाखों लोगों की बातों को सैकड़ो कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया गया. उन्हीं बातों के निचोड़ को कांग्रेस के मेनिफेस्टो में इस बार रखा गया है. इस मेनिफेस्टो में देश के लोगों की बातें हैं और उनके दुख दर्द को दूर करने के तरीके हैं. बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, बंधु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, उमाशंकर अकेला, नमन विक्सल कोन्गाडी, रामचंद्र सिंह, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की, लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत, जयप्रकाश भाई पटेल, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर- केशव महतो कमलेश, बन्ना गुप्ता, प्रदीप तुलस्यान, सुलतान अहमद, जयशंकर पाठक, रमा खलखो, भीम कुमार, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सहित अन्य नेता शामिल थे.



### हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है

मीर ने कहा कि आने वाले चुनाव में हमारी पहली लड़ाई संविधान बचाने की है, तो दूसरी लड़ाई लोगों के स्वतंत्रता के अधिकार को बचाने के लिए है. लोग इस देश में अपनी मर्जी से कैसे रहे, क्या खाएं, क्या पहने, क्या बोलें इसकी स्वतंत्रता होनी चाहिए. बैठक में पांच न्याय 25 गारंटी अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई. बूथ लेवल एजेंट पंजीकरण की अद्यतन स्थिति की पूरी जानकारी जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी से ली गई. बीएलए की पंजीकरण के लिए अविलंब दिशा निर्देश दिए गए.

### प्रत्येक संसदीय स्तर पर एक केंद्रीय चुनाव कार्यालय हो


प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने लोकसभा उम्मीदवारों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक संसदीय स्तर पर एक केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोलना है जो 24 घंटे खुला रहेगा. मीर ने कहा कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो का अनुसरण करना है, राहुल गांधी द्वारा जनता को दिए गए वचन का अनुसरण करना है. बूथ स्तर पर गारंटी कार्ड को जनता के बीच वितरित करना है, लोकसभा स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेवारियों का बंटवारा करना है.

### चुनाव उम्मीदवार नहीं बल्कि संगठन लड़ता है : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में चुनावी माहौल अच्छा है. कभी भी चुनाव उम्मीदवार नहीं लड़ता बल्कि संगठन लड़ता है. उम्मीदवारों की घोषणा कभी भी हो सकती है, लेकिन संगठन की अपनी तैयारी कई महीनों से जारी रहती है और इसी संगठन की बदौलत चुनाव में उम्मीदवारों की हार जीत होती है. उम्मीदवारों की हार जीत उनकी व्यक्तिगत हार जीत नहीं बल्कि संगठन की हार जीत होती है. कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को हमें जनता के समक्ष पूरी तरह से रखना होगा ताकि आम जनता मोदी द्वारा दी गई झूठी गारंटी और कांग्रेस द्वारा पूर्व में दी गई गारंटी और आगामी चुनाव के लिए दी जा रही गारंटी की तुलना कर सके.

## न्यूज अपडेट

### जंगली हाथी ने डाला डेरा ,दहशत में ग्रामीण



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत अंतर्गत बनकटिया जंगल में 22 जंगली हाथियों का दल पहुंच जाने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है.वहीं हाथियों का दल बनकटिया जंगल रेंज में अलग-अलग दल में घूम रहे हैं.मिली जानकारी के अनुसार बनकटिया के पास एक हथिनी ने एक नवजात बच्चे को जन्म दिया है.अब दूसरे हाथी वहां से हिलने का नाम नहीं ले रहे है. शनिवार को गांव के धान जमीन पर हाथियों का दल घुसकर तहस नहस किया है. दहशत की वजह से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं. वन विभाग के टीम की ओर से ग्रामीणों को करीब नहीं जाने की बात बताई गई है. वहीं ग्रामीणों को अलर्ट रहने भी कहा है और पूरे क्षेत्र में वन विभाग की टीम नजरदारी करने में जुटी हुई है.कुछ दिनों पहले हाथी कई घरों को तोड़ चुके हैं. हाथी कभी भी गांव पहुंच जाते हैं और भारी नुकसान पहुंचाते हैं. अभी 22 हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं.

### कार और बाइक में टक्कर, महिला समेत सात घायल



**घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रंकनी मंदिर के समीप एनएच 18 फोरलेन पर शनिवार को कर व बाइक की टक्कर में महिला समेत सात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर महिला समेत तीन लोगों को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. घटना के संबंध में कार चला रहे चंचल भगत ने बताया कि कर में पांच लोग सवार होकर राखामाइंन से घाटशिला जा रहे थे. अचानक रंकणी मंदिर के समीप एक बैल दौड़ता हुआ सड़क पर आ गया बैल को बचाने के क्रम में कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई. उन्होंने बताया कि किसी बाइक के साथ दुर्घटना नहीं हुई है. इस दुर्घटना में संजय भगत, प्रसनजीत भगत, राकेश भगत, मुकेश भगत एवं चंचल भगत घायल है. गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव निवासी बाइक सवार सपन सिंह एवं उनकी पत्नी परमा सिंह गंभीर रूप से घायल है.

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**चक्रधरपुर।** पुराने वंचित मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर जाकर पुलिस ने कोर्ट का इश्तेहार चिपकाया.बताया जाता है की चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के गुलकेड़ा पंचायत के पोकुवाबेड़ा गांव निवासी लक्ष्मण बोदरा पर चक्रधरपुर थाना में धारा 341, 323, 376(3), 376एबी, 504, आईपीसी के तहत मामला दर्ज है.इस मामले वह पिछले दो साल से फरार चल रहा है.शनिवार को अवर एसआई एजारूल हक व पुलिस के जवान पोकुवाबेड़ा पहुंचे और कोर्ट का इश्तेहार चिपकाया.एसआई एंजारूल हक ने गांव के लोगों को एवं अपराधी के परिजनों से कहा कि 15 मार्च 2024 तक लक्ष्मण बोदरा अपने आप को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दें. नहीं तो पुलिस उसके घर को कुर्की कर देगी.जिसका जिम्मेदार लक्ष्मण बोदरा होगा.

### गाय शेड में छिपा कर रखा गया 6.85 किलो गांजा बरामद



**लातेहार।** उत्पाद विभाग व सदर पुलिस ने संयुक्त रूप में छापेमारी 6.85 किलो गांजा बरामद किया गया है. बरामद गांजा की कीमत बाजार में साढ़े तीन लाख रूपए है. यह बरामदगी सदर थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा पंचायत के मानिकपुरा गांव में की गयी है. मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तार तस्कर उपेंद्र यादव पिता विनोद यादव मानिकपुरा का रहने वाला है. इसकी जानकारी उत्पाद निरीक्षक सोनू कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी को गुप्त सूचना मिली थी कि मानिकपुरा गांव में अवैध गांजा का कारोबार चल रहा है. सूचना की सत्यापन के बाद एक टीम गठित कर उपेंद्र यादव के घर में छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान घर के पीछे एक गाय शेड में जमीन के नीचे चार जार में छुपा कर रखे गये 6.85 किलो गांजा बरामद किया गया. उपेंद्र यादव ने बताया कि घर में गांजा उत्पादन किया गया है. इसके बाद इसे लोकल बाजार में बेचा जाता है. इस छापामारी अभियान में अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना के एएसआई कृष्णपाल सिंह समेत कई जवान शामिल थे.

# कुंदरूकला: दुर्लभ पक्षियों का आशियाना

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ जिले के कुंदरु कला पंचायत एक अलग ही पहचान बना रही है. इस पहचान को बनाने में सरैया गांव का अहम योगदान है. सरैया गांव में कुल 106 घर हैं और यहां की कुल आबादी 506 है. यहां लोगों ने अपने घरों में दो से तीन कृत्रिम घोंसला लगा रखा है. लोगों ने बताया कि बर्डमैन पन्नालाल की पहल से हम लोग पंक्षियों के संरक्षण में आगे बढ़े हैं. अपने घरों में दो-तीन या चार कृत्रिम घोंसला लगा रखा है. अब इस पहल को पूरे पंचायत में धरातल पर उतरने का प्रयास किया जाएगा. सरैया गांव दामोदर नदी के समीप स्थित है. इस कारण बड़ी दूरी तय करने वाली पक्षियों के लिए या एक ठहराव स्थल के रूप में देखा जा रहा है. गांव में अब एशिया इंडियन ग्रे, हॉर्नबिल पक्षी, ओपन बिल स्टार्क ज्यादा संख्या में देखी जा रही है.

**बर्डमैन पन्नालाल ने पक्षियों के संरक्षण पर दिया जोर:** सरैया गांव पक्षियों से समृद्ध तंत्र के रूप में उभर रहा है. यहां के लोग पक्षियों का संरक्षण कर रहे हैं. झारखंड के बर्डमैन के नाम से प्रख्यात पन्नालाल ने कुछ सप्ताह पहले पूरे गांव में पक्षियों को संरक्षण देने के लिए कृत्रिम घोसला लगाए जाने की शुरुआत की. अब वह काम पूर्ण कर लिया गया है. उनकी अनोखी पहल से कुछ ही सप्ताह में यहां के लोगों ने सरिया के वेटलैंड में अत्यंत दुर्लभ पक्षी वुल्ली नेक्ड स्टार्क को देखा गया था. पक्षियों के प्रति पन्नालाल का लगाव इतना ज्यादा है कि इस दिशा में उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस तरह के कार्य के लिए कदम जैसे ही आगे बढ़ाया तो गांव के लोग भी उनका भरपूर समर्थन दे रहे हैं. गांव अब पक्षियों के संरक्षण में जिले के अलग-अलग पंचायतों में संदेश दे रहा हैं.





### आजसू के लोस प्रभारियों के नामों की घोषणा

**रांची।** आजसू पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 14 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों के नाम जारी किए है. जिसमें राजमहल लोकसभा क्षेत्र से अकील अख्तर एवं चतुरानन्द पाण्डे, दुमका से जोनाथन टुडू, अजय सिंह एवं तरुण गुप्ता, गोड्डा से ब्रजमोहन कुमार एवं खालिद खलील, चतरा से पारस सिंह एवं अशोक गहलोत, कोडरमा से अर्जुन बैठा, संतोष सहाय एवं अजीत वर्णवाल, गिरिडीह से लम्बोदर महतो एवं नजरूल हसन हाशमी, धनबाद से उमाकांत रजक, रांची से हसन अंसारी एवं राजेंद्र मेहता, जमशेदपुर से रामचंद्र सहिस, स्वपन सिंहदेव एवं बनबिहारी महतो, सिंहभूम से दामू बानरा, सिद्धार्थ महतो एवं डॉ रीना गोडसरा, खूंटी से प्रो शरद चंद्र महतो, राम रतन महतो, रमेश मुंडा एवं डॉ गुंजल ईकिर मुंडा, लोहरदगा से डॉ देवशरण भगत, पलामू से कुशवाहा शिवपूजन मेहता, सतीश कुमार समेत अन्य लोकसभा प्रभारी बनाए गए.

**दुबे का दावा** — जिस दिन कल्पना सोरेन चुनाव जीत कर आएंगी, धक्का मार कर चंपाई सोरेन को बाहर कर देंगी

# हेमंत को बेल नहीं मिलेगी, कल्पना होंगी राज्य की अगली सीएम : निशिकांत

प्रमुख संवाददाता। रांची/दुमका

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जिस दिन सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया था, उसी वक्त उन्होंने कहा था कि सरफराज अहमद राज्यसभा के सदस्य होंगे और वह सच साबित हुआ. कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा की उम्मीदवार होंगी, वह भी सत्य साबित हुई. अब तीसरी भविष्यवाणी यह है कि जिस दिन कल्पना चुनाव जीत कर आएंगी, धक्का मार कर चंपाई सोरेन को बाहर कर देंगी. वह इस प्रदेश की सीएम होंगी, क्योंकि हेमंत सोरेन को बेल मिलने नहीं जा रही है. दो बातें सत्य हो चुकी है, तीसरी बात भी सत्य होगी. वे शनिवार को दुमका में मीडिया से बातचीत कर रहे थे.



### सीएम चंपाई सोरेन को सोचने का समय आ गया

निशिकांत के मुताबिक, यह चंपाई सोरेन को तय करना है कि आंदोलनकारी नेता होगा या किसी की बहू, बेटा, बेटी होने से नेता बन जाएगा. यह झामुमो के पूरे कैडर को सोचना होगा. सीता झामुमो से निकल चुकी हैं और भाजपा की उम्मीदवार हैं. लोबिन हेंब्रम किसी भी दिन पार्टी से निकल जाएंगे और हो सकता है वे राजमहल से चुनाव लड़ें. चमरा लिंडा भी उसी राह पर चल रहे हैं. चंपाई को सोचने का समय आ गया है.

### भाजपा की सरकार बनी तो दुर्गा सोरेन की मौत की जांच होगी

निशिकांत दुबे ने कहा कि वर्ष 2009 से ही वे दुर्गा सोरेन की मौत की जांच की मांग कर रहे हैं. एक स्वस्थ व्यक्ति की अचानक मौत कैसे हो सकती है. शव का पोस्टमार्टम होना चाहिए था, जो नहीं हुआ. इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए. जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो निश्चित रूप से इस मामले की सीबीआई जांच करायी जाएगी.

### 2025 आते-आते झामुमो कई टुकड़ों में बंट जाएगा

दुबे ने दावा किया कि वर्ष 2025 आते-आते झामुमो कई टुकड़ों में बंट जाएगा. कोई झामुमो सोरेन बनेगा, तो कोई झामुमो चंपाई, तो कोई झामुमो मथुरा गुट बनाएगा. निशिकांत ने कहा कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने के बाद जो पहला आदमी सोरेन परिवार से निकलने वाला है, वह भाई बसंत सोरेन है. वह कभी भी आंदोलनकारी को छोड़ कर अपने पिता की विरासत को भाभी को नहीं सौंप सकते हैं.

### हजारीबाग के जिला अध्यक्ष के अकाउंट में करोड़ों जमा

निशिकांत दुबे ने कहा कि हजारीबाग में एक कंपनी है, इनलैंड पावर. इसने हजारीबाग के झामुमो जिला अध्यक्ष बास्की के अकाउंट में करोड़ों रुपये जमा किया है. यह राशि बास्की द्वारा जमशेदपुर के अंजया स्टील को भेजी जा रही है. व्यक्तिगत तौर पर निशिकांत ने माना कि अंजया स्टील हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति है. आज नहीं तो कल, इसका भी बड़ा खुलासा होने वाला है.

“प्रसन्न रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत कठिन है. यदि आप सभी त्रुटियों के लिए दरवाजा बंद करते हैं, तो सच्चाई बंद हो जाएगी. दोस्ती की गहराई परिचित की लंबाई पर निर्भर नहीं करती. – रवींद्र नाथ टैगोर”

# लहू मजदूर का बहता है ठेकेदार क्या जाने



**कविता कलम**

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

**चारों** ओर अशांति मची है. स्वार्थ रूपी भयंकर राक्षस का नंगा-नाच हो रहा है. बुद्धि मचल रही है, विवेक गहरी नींद में सो रहा है. बाहुबल इठलाता फिर रहा है. समय और दुर्भाग्य की मार से आहत आम आदमी धीरे-धीरे अपना सबकुछ खो रहा है, बेबसी पर रो रहा है. सबको अपनी पड़ी है, समस्या विकट रूप में खड़ी है. कभी धर्म के नाम पर, कभी भगवान के नाम पर तो कभी जाति और क्षेत्र के नाम पर, कभी सत्ता और राजनीति के दलदल में धंसी मानवता का नामोनिशान मिटाने को दानवता अड़ी है. भाव और भाषा के साथ वातावरण दिनोदिन प्रदूषित होता जा रहा है. ऐसे में सद्ग्रंथ और सद्साहित्य आशा के दीयों की तरह टिमटमाते हैं. ढाढ़स बंधाते हैं. साहित्य सृजन से जुड़े कवि और साहित्यकार की पैनी नजर व्यवस्था पर टिकी रहती है और वे किसी भी दबाव या डर-भय के अपने शब्दों के वाणों से सामाजिक विकृतियों प्रहार करने से चूकते नहीं हैं.



अपने दिल के भावों को किसी न किसी रूप में अभिव्यक्ति दे ही देते हैं. वैसे ही कवि हैं रांची के **राजीव कुमार थेपड़ा**, जो रॉन्ग नंबर से भी बोलते हैं तो पते की बात कह जाते हैं. प्रस्तुत है उनकी यह रचना.

सुनो!
मैं रॉन्ग नम्बर से बोल रहा हूं
कुछ पूछना और कहना चाहता हूं
तुम्हारा ये हत्याओं का जुनून
भय से संसार जीतने की इच्छा
ताकत का लोमहर्षक उपयोग
खुद के विचार को सर्वेसर्वा बताने की जिद
मैं ही सही हूं का पागलपन एक ही ईश्वर को सबपर
लादने की कोशिशें ये सब क्या है!!
कोई नहीं समझ पाता हैवानों की सी बर्बरता
क्या ईश्वरीय गुण है?
या सामूहिक हत्याएं ईश्वर का प्रतिशोध?
जिसके दिल की पुस्तक में
जो भी लिखा है, उसे वैसा ही
ईश्वर मान लेने दो ना तुमको क्या हर्ज़ है
ईश्वर को कौन किस रूप में देखे
ये तय करने वाले तुम हो कौन?
क्या फर्क पड़ जाएगा अगर
सात अरब लोग सात अरब तरह से
अपने-अपने तरह से ईश्वर को माने
और चौदह अरब तरीकों से इबादत करें उसकी!!
किसी को क्यूं हर्ज़ होना है?
किसी एक ख़ास किस्म के ईश्वर को मनवाने की कोशिशें
और कालों-काल की जाती हत्याओं से
कौन सा वह ईश्वर है जो शर्मिंदा नहीं होता??
यार तुम्हें तो शर्म नहीं, मगर ईश्वर को तो मत शर्मिंदा करो
याद रख पाओ अगर इस बात को कि हर एक हत्या पर
खत्म हो जाता है धरती से ईश्वर का एक बहुत बड़ा अंश!!


इतनी अच्छी काव्य रचना करनेवाले राजीव थेपड़ा मूलतः क्रॉकरी के व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन साहित्य सृजन इनकी हॉबी है. गद्य और पद्य दोनों पर समान रूप से अधिकार रखते हैं. साहित्य की लगभग सभी विधाओं में इनकी लेखनी सरपट दौड़ लगाती है. इनके दो काव्य संकलन ‘दिल की कलम से’ और ‘तू बस प्रेम चुनर’ प्रकाशित हो चुके हैं. एक आलेख संग्रह शीघ्र ही प्रकाश्य है. इनकी रचनाएं देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के साथ ही आकाशवाणी और दूरदर्शन की शोभा बढ़ती हैं बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं. रंगमंच, गायन, लेखन तथा सामाजिक गतिविधियों में भी इनकी सक्रियता सराहनीय है. सबसे बड़ी बात यह कि ये आपसी भाईचारगी और प्यार-मुहब्बत के पक्षधर हैं, लेकिन प्यार-मुहब्बत भी तो अजीब है. इतना अजीब कि शायरों ने यहां तक कह दिया-कह दो कोई न करें यहां प्यार. प्यार किया तो क्या हुआ? यह बता रही हैं जमशेदपुर की कवयित्री **अंकिता सिन्हा.**



## भ्रष्टाचार

कवि जिमि मंच पर,
भूखा जिमि लंच पर, जिमि सरपंच पर
न्याय का ख़ुमार है.
कामदेव मन पर मन गोरे तन पर,
जिमि मूलधन पर ब्याज अख़बार है.
पंडा जिमि घाट पर आलसी ज्यों खाट पर,
चंबल की बाट पर जैसे बटमार है.
श्वान जिमि गेट पर काला धन सेठ पर,
मंत्री जी के पेट पर बैठा भ्रष्टाचार है.

**ओम् प्रकाश आदित्य**



प्रस्तुत इनकी यह गजल.
दीवानगी को मेरी बढ़ाकर चला गया
जीवन में कोई आया था आकर चला गया
जिसको समझ रही थी कि थामेगा मेरा हाथ
वो दूर से ही हाथ हिला कर चला गया
फिर उसके बाद चैन से मैं सो नहीं सकी
जाने वो कैसा ख्वाब दिखा कर चला गया
मैं तो तलाशती रही बस उसमें खूबियां
लेकिन वो ऐब मेरे गिनाकर चला गया
सच तो यही है अंकिता इक लम्हा प्यार का
कोहराम ज़िन्दगी में मचा कर चला गया



ऐसे प्यार को क्या कहें, जिसका एक लम्हा जिंदगी में कोहराम मचा दे, लेकिन ऐसा होता है. कैसे होता है यह बता रही हैं मशहूर शायरा **शमा फिरोज**.

जब प्यार-मुहब्बत की बात आती है तो शमा जी की यह उलाहना और आरजू काबिले तारीफ हो जाती है-
फिरती रही हूं तेरे तलबगार की तरह,
समझा न तूने मुझको कभी यार की तरह.
नीलाम आबरू न हो बाजार में मेरी
इज्जत बचा लो आके मददगार की तरह

शमा जी की गजलें हर रंग में रंगी होती हैं. ये समाज और देश दुनिया पर भी निगाह रखती हैं और सामाजिक विद्रूपताओं पर अपने शब्दों से प्रहार करने में भी चूकती नहीं हैं. इस बात का उदाहरण इनकी यह गजल है-
गरीबी होती क्या यह बात साहूकार क्या जाने
लहू मजदूर का बहता है ठेकेदार क्या जाने
दिखाती मुफलिसी है जिंदगी में रंग बहुतेरे
अभावों में ये मुफलिस जीता है सरकार क्या जाने
बिताई जिंदगी खानाबदोशों की तरह उसने
कभी देखा नहीं है घर तो वो घर-बार क्या जाने
विरासत के लिए लड़ते-झगड़ते देखा बेटों को
कमाया बाप ने मुश्किल से बरखुरदार क्या जाने
सिवा नफरत के उसने जिंदगी में कुछ नहीं पाया
सताया जिसको अपनों ने भला वो प्यार क्या जाने
दवा के नाम पर नकली दवाएं खूब बिकती हैं
दवा या जहर है बेचारा वो बीमार क्या जाने
मिसालें शम’अ परवाने की दुनिया में बहुत सी हैं
नहीं जिसने किया हो इश्क वो ये प्यार क्या जाने



नवरात्र के साथ नवसंवत्सर का शुभागमन परसों ही होनेवाला है, जब मर्यादा पुरुषोत्तम राम, अतुलित बल धाम अंजनी सुत हनुमान के साथ जगज्जननी दुर्गा की महिमा वातावरण में गूंजेगी. उस वातावरण में भक्ति की मिठास घोलेगी रांची की कवयित्री **रुणा रश्मि** की रोला छंद में आबद्ध यह रचना-
मास आ गया चैत्र, शुरू नवरात्र हुआ है.
माता का आशीष, मिले बस यही दुआ है..
करते व्रत उपवास, भक्तगण वंदन करते.
ले मां से वरदान, झोलियां अपनी भरते..
रहो न मुख को फेर, मातु! रूठो मत हमसे.
अंबे! सुनो पुकार, विनय करते हम तुमसे.
रख दो सर पर हस्त, हमें वर दे दो माता.
याचक हैं हम भक्त, अंब! तुम तो हो दाता..
धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प से बना सजीला.
मां! तेरा दरबार, लगे कितना रंगीला..
लेकर झाल-मृदंग, भजन सब मिलकर गाते.
माता का यशगान, सभी को भक्त सुनाते.
महिमा अपरंपार, मातु की हम सब जानें.
भक्तों की हर आस, भवानी ही पहचानें.
मन की सारी बात, कामना सबकी समझें.
होकर अंब प्रसन्न, सभी को उत्तम फल दे..
हर ले सारी पीर, मुक्ति दुख से मिल जाए.
संवरे उसका भाग्य, भक्त, जो दर्शन पाए..
मां का भक्तों संग, खास ही होता नाता.
चरणों में रख शीश, भक्त सच्चा सुख पाता..

नवसंवत्सर और भारतीय नववर्ष आप सुधी पाठकों के लिए मंगलमय हो. विश्व का कल्याण हो, देश के सभी मनुष्यों में सद्भाव हो. अधर्म और आपसी वैमनस्य का नाश हो. स्वार्थ का परमार्थ में रूपांतरण हो जाये. इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद! जय झारखंड!!

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि



**आसन्न** आमचुनाव को देखते हुए आइए चर्चा करते हैं कि कैसा जनप्रतिनिधि हम चुनें. चूंकि भारतीय लोकतंत्र में अधिकांश राजनीतिज्ञों की राजनीतिक प्रतिबद्धता संदेहास्पद होती गयी है, इसलिए यह अर्थहीन हो गया है कि वह किस राजनीतिक दल का उम्मीदवार है. चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सम्मानित सदस्यगण जब सदस्यता की शपथ लेंगे तब तक उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता बदली हुई भी हो सकती है. निर्भर करता है कि किस दल या समूह से उन्हें किन किन बातों के लिए प्रलोभन दिया गया है! पिछले साठ साल के भारतीय लोकतंत्र में दल बदल, राजनीतिक अवसरवादिता, आर्थिक प्रलोभन, परिवारवाद ने ही लोकतंत्र की दशा दिशा निर्धारित की है. अगर आप राजनीतिक दलों के प्रारूप को देखेंगे तो पाएंगे कि उपरोक्त संक्रमणों से कोई भी दल प्रायः छूटा नहीं है! यह अलग बात है कि सभी उम्मीदवार और सभी राजनीतिक प्रचारक दूसरों के छिद्रान्वेषण में ही दर्शकों का समय अपव्यय करते हैं! मानो उनकी या उनके दल की कोई भी निश्चित योजना नहीं है! फिर आम लोगों की याददाश्त भी बहुत अल्प होती है. कबतक लोगों की खामियों को याद रखेंगे? फिर जाति, धर्म, सम्प्रदाय, उपजाति, वर्ण क्षेत्र की चर्चा तो होनी ही है! चुनाव के समय में क्षेत्र के जातिगत, सम्प्रदायगत समीकरण उम्मीदवार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. तो ये बातें उतनी ही सच हैं कि इस शक्तिशाली लोकतंत्र के इन अवयवों में हम चाहकर भी कोई परिवर्तन नहीं कर सकते, क्योंकि पता नहीं कौन कब किससे कहां समझौता कर बैठे और सौदा कर ले! लेकिन हमें एक बात तो माननी पड़ेगी कि सारा खेल हमारे (हम सबके एक मत) से ही शुरू होता है! एक मतदाता के रूप में हमें यह शर्त रखनी होगी कि :



**चौराहा**

**प्रमोद कुमार झा**

1. भारत सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य को राज्यों की सूची से हटाकर केंद्र की सूची में लाया जाय।
2. यह बहुत अधिक आवश्यक है, क्योंकि बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे अनेक राज्यों में लगभग सभी शैक्षणिक और नियुक्ति की परीक्षाओं में कदाचार का बोलबाला हो चला है.
3. अगर पूरे देश की कर व्यव्यस्था आयकर और जीएसटी के माध्यम से नियंत्रित है तो शिक्षा और नियोजन क्यों नहीं?
4. पूरे देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन हो! विशेष सुविधा और मुफ्त सुविधा सिर्फ माननीयों को नहीं, आम नागरिक को भी उपलब्ध हो, जो उन्हें चुनते हैं.
5. आवश्यक मौलिक स्वास्थ्य सुविधा निकटतम पांच किमी पर उपलब्ध हो. यह सुविधा प्राइवेट नहीं, सरकारी स्तर पर हो!
6. पूरे देश में आवश्यकतानुसार अस्पताल खोले जायें. उसमें डॉक्टर, नर्स और प्रशिक्षित पारा मेडिकल कर्मी उपस्थित रहें. प्रत्येक प्रमंडल में कठिन रोगों के समुचित इलाज के लिए विशेष अस्पताल खोले जांय. जैसेः कैंसर, किडनी रोग, ब्रेन सर्जरी, आंखों की सर्जरी इत्यादि. इन सबों की व्यसवस्था सरकारी स्तर पर हो! किसी भी जगह किसी को प्राइवेट अस्पताल खोलने की अनुमति नहीं हो!
7. सभी स्कूलों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाय. प्राइवेट स्कूल की व्यवस्था ने अशिक्षित और अयोग्य डिग्रीधारी ज्यादा पैदा किये हैं, शिक्षित भारतीय कम! स्कूलों में शिक्षक हमेशा पूरे रहें! ये कुछ मांग हम अपने उम्मीदवारों से रख सकते हैं. आपकी मांगें और भी हो सकती हैं पर रखिए ज़रूर क्योंकि ऐसा मौका फिर प्रायः पांच साल बाद ही मिलेगा! तबतक इनकम टैक्स, जी. एस. टी. सेस और पता नहीं क्या क्या भुगतान करते रहिए चुप चाप.

# सीतामढ़ी का विख्यात सनातन धर्म पुस्तकालय




**यायावर**

**डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय**

**सीतामढ़ी** जगत जननी जानकी की जन्मभूमि है. पिछले 5 मार्च 24 को वहां गया था. पिछले अंक में वहां के कतिपय दर्शनीय स्थलों की चर्चा की थी. इस अंक में सीतामढ़ी में स्थापित ‘सनातन धर्म पुस्तकालय’ की चर्चा अपने पाठकों के लिए करना चाहूंगा. नीति कहती है कि संसार में सात जगहें ऐसी हैं, जहां से बुलावा भी आये तो नहीं जाना चाहिए. यदि चले गये तो वहां नहीं रहना चाहिए और यदि गलती से रह गये तो किसी से नहीं कहना चाहिए. वे जगहें हैं:-वेश्यालय, मदिरालय, जुआलय, हिंसालय, चिकित्सालय, न्यायालय और नरकालय, लेकिन इस संसार में सात जगहें ऐसी हैं, जहां बिना बुलाए भी जाना चाहिए, वहां रहना चाहिए और ठहर गये तो सबसे कहना चाहिए. वे जगहें हैं :-विद्यालय, पुस्तकालय, अनाथालय, अनुसंधानालय, शिक्षालय, देवालय और स्वर्गालय. यही कारण है कि जब मैं सपरिवार जनक नंदिनी जानकी की जन्मभूमि सीतामढ़ी गया तो वहां के सुप्रसिद्ध पुस्तकालय को देखना नहीं भूला. इस संदर्भ में मैं अपने पाठकों को बता देना चाहता हूं कि स्वतंत्र भारत के प्रथम राजदूत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जब रूस गये तो मास्को स्थित लेनिनग्राद में विश्व के सबसे बड़े पुस्तकालय लेनिन पुस्तकालय का अवलोकन किया और धन्यता का अनुभव किया.

सीतामढ़ी शहर के साह चौक पर एक प्राचीन धर्म सनातन पुस्तकालय है, जहां लगभग 35000 दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह है. इस पुस्तकालय की स्थापना 107 वर्ष पूर्व सीतामढ़ी के प्रबुद्ध समाज सेवी सर्व श्री सरयुग पाण्डेय, झूलन पाण्डेय, भगवान लाल गुप्त, काली प्रसाद धवन और विष्णु प्रसाद धवन द्वारा 1917 में की गई थी. सनातन धर्म पुस्तकालय की स्थापना का एक मात्र उद्देश्य समाज में शिक्षा से वंचित लोगों के बीच शिक्षा का अलख जगाकर उन्हें जागरूक करना था. स्थापना के लगभग चार दशकों के बाद सामाजिक प्रयास से 1957 में पुस्तकालय का भवन




निर्माण कराया गया तथा 1959 में इसे अनुमंडलीय पुस्तकालय का दर्जा मिला. सीतामढ़ी जिले की स्थापना के बाद 1977 में इसे जिला केंद्रीय पुस्तकालय का दर्जा मिला. वर्तमान में यहां पौराणिक पुस्तकों सहित 40 विषयों की हजारों पुस्तकें हैं. यहां प्रातः आठ से 11 बजे तक और शाम में 3 से 6 बजे तक पौराणिक और दुर्लभ पुस्तकों का अध्ययन और अवलोकन किया जा सकता है. यहां बैठकर पढ़ना पूरी तरह से निः शुल्क है. साथ ही दुर्लभ पुस्तकें अपने घर ले जाकर पढ़ने की व्यवस्था यहां से जुड़े सदस्यों के लिए है. यहां सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात् दुर्लभ पुस्तकें सशर्त अपने घर ले जाकर पढ़ सकते हैं.

इन पुरातन ऐतिहासिक धरोहरों के अतिरिक्त और भी कई स्थान हैं. उन स्थानों में से कुछ का विकास भी हुआ है और कुछ उपेक्षा के शिकार हुए हैं और कुछ व्यक्तिगत लाभ में इस्तेमाल हो रहे हैं. जरूरत है इन विरासतों पर एक साथ सोचने, उसे सजाने संवारने और उसे राष्ट्रीय क्षितिज पर उनकी पहचान दिलाने की. यदि साहित्यिक दृष्टि से आंका जाए तो यह स्पष्ट विदित होगा कि सीतामढ़ी जिला ने अनेक विलक्षण प्रतिभा पुत्रों को अवतरित ही नहीं उन्हें सजाया और संवारा भी है. यह वही पावन भूमि (पुस्तकालय) है, जहां से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का द्वंद्व-गीत गुंजा था-
चाहे जो भी फसल उगा ले,
तू जलधार बहाता चल.
जिसका भी घर चमक उठे,
तू मुक्त प्रकाश लुटाता चल.
रोक नहीं अपने अंतर का,
वेग किसी आशंका से.
मन में उठे भाव जो,
उनको गीत बनाकर गाता चल.
दिनकर -द्वंद्व गीत पद 1

तथा बिहार के पंत नाम से चर्चित आचार्य जय किशोर नारायण सिंह ने अपनी सृजन धार्मिकता को धार दी. हिंदी और संस्कृत के प्रकांड विद्वान सांवलिया बिहारी लाल वर्मा ने 'विश्व धर्म दर्शन' देकर धर्म संस्कृति के शोधार्थियों के लिए प्रकाश का द्वार खोल दिया था. गांव गवंई भाषा में जनता के स्तर की कविताएं लिखकर नाजिर अकबराबादी को चुनौती देने वाले आशुकवि बाबा नरसिंह दास का नाम यहां आज भी सम्मान के साथ लिया जाता है. इसके अतिरिक्त शब्दों के जादूगर कहे जाने वाले रामवृक्ष बेनीपुरी के जीवन का अधिकांश समय यहीं व्यतीत हुआ था.

# जब आंख खुले तब धप्पा



**नश्तर**

**सुधीर राघव**

**चींटी** पहाड़ चढ़ सकती है. यह बचपन में ही चींटी को बता दिया गया था. चींटी महत्वाकांक्षी और होनहार थी. मेहनती भी. उसने अपनी मेहनत से गुड़ की बोरी में सेंध लगाई और पाया कि मेहनत का फल मीठा होता है. उसने बाकी चींटियों को यह बात बताई तो उन्होंने उसे समझाया कि तुम्हें स्कूल जाना चाहिए. हर स्कूल में यह पढ़ाया जाता है कि मेहनत का फल मीठा होता है. चींटी ने फिर से और मेहनत की. उसने एक और बोरी में सेंध लगाई. वह बोरी नमक की थी. चींटी ने पाया कि इस बार मेहनत का फल नमकीन था. उसने बाकी चींटियों को बताया कि मेहनत का फल नमकीन भी होता है. सब चींटियां उस पर हंस पड़ीं. चींटियों ने फिर उसे समझाया कि तुम्हें स्कूल जाना चाहिए. आखिरकार चींटी स्कूल पहुंच गई. स्कूल में चींटी ने देखा कि टीचर ने सबको मुर्गा बना रखा था. चींटी मुर्गा नहीं बनना चाहती थी. मगर यह सोचकर मुर्गा बन गई कि शायद इससे उसे मेहनत के फल का सही स्वाद पता चल जाए. लेकिन मुर्गा बनने में उसे कोई स्वाद नहीं आया. उसने बाकी चींटियों को बताया कि मेहनत का फल बेस्वाद है. सारी चींटियों ने चौंकते हुए उससे पूछा, यह तुम्हें कहां पता चला? चींटी ने कहा -स्कूल में...! शाम ढली तो अंधेरा होने लगा. अंधेरे के डर से चींटी सो गई. अगले दिन जब उसकी आंख खुली तो सवेरा था. उसने बाकी चींटियों को बताया कि जब आंख खुले तभी सवेरा. इस पर बाकी चींटियों ने उससे कहा- यही तो स्कूल में पढ़ाया जाता है. तुम्हें फिर स्कूल जाना चाहिए. चींटी फिर सो गई. इस बार जब उसकी आंख खुली तो शाम ढल रही थी. चींटी ने बाकी चींटियों से कहा, जब आंख खुले तब शाम ढले. यह सुनकर सब चींटियां हंस पड़ीं और बोलीं, तुम्हें स्कूल जाना चाहिए. चींटी स्कूल गई तो वहां सब बच्चे आंख-मिचौली खेल रहे थे. चींटी ने भी अपनी आंख मीच ली. उसने जब आंख खोली तो उसे धप्पा कर दिया गया. चींटी ने बाकी चींटियों को जाकर बताया कि जब आंख खुले तब धप्पा. सारी चींटियां फिर चौंक गईं. उन्होंने पूछा, यह तुम्हें कहां पता चला? चींटी ने कहा, स्कूल में...! सारी चींटियों ने अपना माथा पीट लिया. तब एक बुजुर्ग चींटी बोली - सारे स्कूल शिक्षा देते हैं पर हम क्या शिक्षा लेते हैं, यह हम पर निर्भर करता है.




# भरोसा ने रांची के चित्रकार सत्यम श्री को दी पहचान



**कला-संवाद**

**मनोज कुमार कपरदार**

**भरोसा** एक रबड़ की तरह होता है और यह किसी भी रिश्ते में हर गलती के बाद छोटा हो जाता है. भरोसे के बगैर रिश्ता बिना ईंधन वाली कार की तरह होता है, जिसमें आप चाहे तो रह सकते हैं, लेकिन वह आगे नहीं जा सकती है. धोखे जैसे शब्द भी भरोसे के साथ ही आगे बढ़ते हैं. अपने पर भरोसे का मायने है- अपनी शक्तियों पर भरोसा. किसी भी कार्य को करते हुए व्यक्ति को खुद पर यह भरोसा है कि वह इस कार्य को अवश्य कर सकता है तो उसे उस कार्य में सफलता भी मिल जाती है. इसी भरोसा पर केंद्रित जुम्बिश आर्ट वर्ल्ड कंपटीशन 3.0 में रांची के सत्यम श्री ने पेंटिंग बना कर एक अलग पहचान बनायी. वाटर कलर से बनायी गयी इस पेंटिंग के माध्यम से सत्यम श्री ने लोगों का ऊपर वाले के प्रति जो भरोसा है, उसे ही दर्शाने का प्रयास किया. बचपन



से कला के प्रति रुचि रखने वाले सत्यम ने विपरीत परिस्थियों में कला को अपनाया और इटली, स्पेन, चीन, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान, कनाडा के अलावे और कई देशों में इनकी कला की प्रदर्शनी लग चुकी है.

व्यक्ति के परिधान, अलंकरण, उपादानों को यथा तथ्य चित्रित करते हुए पृष्ठभूमि में परिवश तथा वातावरण का समावेश करते हुए उसे सफल कृति का रूप देकर सत्यम ने कला प्रेमियों के बीच जगह बनायी है, तभी तो कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुका है. रांची के



सुपरिचित कलाकार प्रवीण कर्माकर से इन्होंने कला का प्रशिक्षण लिया. व्यक्ति चित्रण अपने सम्पूर्ण इतिहास में वास्तविक आधुनिकता को लेकर प्रकट होती रही तथा विभिन्न अलग-अलग उद्देश्यों को आगे की ओर अग्रसर करती रही है, ऐसा ही कुछ सत्यम की कलाकृतियों में नजर आता है. इनकी अधिकांश कलाकृतियां व्यक्ति चित्रण पर ही आधारित होती हैं. जी 20 के दौरान इनकी बनायी पेंटिंग की डिजाइन दीवारों बनवाई गई थीं. रांची आगमन के दौरान राष्ट्रपति को भी इनकी पेंटिंग भेंट की गई. इनमें





परंपरागत की जगह अलग हटकर पहचान बनाने की जुनून है. इसलिए इन्होंने कला की नई परिभाषा गढ़ने की हिम्मत जुटाई है. सत्यम कहते हैं कि पेंटिंग का मतलब सिर्फ रंग भरना नहीं है, यह ऐसा माध्यम है, जो बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह जाता है. सत्यम उम्मीद करते हैं कि वे अपने प्रयासों से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं. ये कहते हैं अभी रुकना नहीं है, बहुत कुछ करना है और बहुत आगे जाना है. इनकी कलाकृति में एक अलग शैली की झलक मिलती है. चित्रों में रंग संयोजन, रेखाओं के उभार और भावों का







अदभुत मिश्रण दिखता है. कला के क्षेत्र प्रतिस्पर्धा एवं होड़ प्रवृति के संदर्भ में सत्यम का कहना है कि कला के सर्जकों में कभी-कभी मतभेद होता है, परंतु यह मतभेद खास तौर पर व्यक्तिगत कहा जायेगा. जहां तक स्पर्धा की बात है तो अवश्य होनी चाहिए, लेकिन कृतियों में ही न कि व्यक्ति विशेष. झारखंड में कला के योगदान पर इनका मानना है कि सदियों से झारखंड कला के क्षेत्र में गौरवान्वित रहा है. इनकी हर कलाकृति यह साबित करती है कि संतुलन को ये काफी महत्त्व देते हैं.



# आखर

जहां बाकी सारे फूल - पत्ते, वृक्ष - पौधे जेठ के गर्म लू के थपेड़ों के आगे नतमस्तक हो घुटने टेक देते हैं, वहीं गुलमोहर अपने तीखे विरोधी तेवर के साथ क्रांति का रक्त पताका फहराते हुए सिर ताने खड़ा है, साकार प्रतिमा है गुलमोहर प्रतिकार का. इसकी उद्दाम जिजीविषा अनुकरणीय है, प्रशंसनीय है.

ललित निबंध

## विरोध और प्रतिकार का प्रतीक गुलमोहर



मीरा श्रीवास्तव

जीवन की अनवरत आपाधापी में हम अपने परिवेश से दिनानुदिन असंपृक्त हुए जा रहे हैं, दूसरी तरफ भागम - भाग की स्थिति इस गहराई से रोजमर्रा में पैठ बना चुकी है कि अपने इर्द गिर्द के परिदृश्यों से हमारा अपरिचय बढ़ता ही जा रहा है! अब ऐसे में अकस्मात् कोई दृश्य हमारी दृष्टि को पकड़ अनायास ही हमारे दिल में उतर जाए तो ... ! घर की ही बड़ी सी छत पर रोज का टहलना बदस्तूर सालों से बना हुआ है! वैसे , इसबार तो बैशाख में ही जेठ के तेवर नजर आने लगे थे, सुबह-सुबह ही सूरज की किरणें नुकीले शमशीर की तरह शरीर पर चुभने सी लगी हैं! बहरहाल, छत का आखिरी किनारा ... और मेरे तेज कदमों की रफ़्तार को जैसे किसी अनदेखे दृश्य ने बांध सा लिया! चिहुंक सी उठी मैं, अरे, कब ? अमलतास के सुनहरे, पीले झिलमिलाते गुच्छों को अपने टहटह लाल रंग के फूलों की चुनौती देता गुलमोहर आख़िर इतने चुपचाप और ऐसी लकदक शान से भला खिला तो कब खिला? पत्तियां तो पेड़ पर कहीं दिख नहीं रहीं, बस लाल ..... सुर्ख लाल ... अग्निपुष्प सरीखे गुलमोहर की डालियों के चप्पे - चप्पे पर चस्पां थे! मेरे कदम तो गुलमोहर के सम्मोहन में वहां जो बंधे तो मिशन ब्रीस्क वॉक तो जैसे हवा में उड़ ही गया! राम के प्रथम दर्शन का जो प्रभाव विभीषण पर हुआ था, गुलमोहर ने मुझे भी उसी स्थिति में डाल दिया था, - " बहुरि राम छवि धाम बिलोकी! रहेउ ठठुकि एकटक पल रोकी! " मैं विस्फारित नेत्रों से गुलमोहर की अलौकिक भव्यता का साक्षात्कार कर रही थी!

### गुलमोहर की छांव में

जेठ के चढ़ते पारे और सूरज के उग्र तांडव के सम्मुख लाल और बस लाल रंग के फूलों को अपनी डाली के हर ओने - कोने में सघनता से सजाए गुलमोहर मेरी आंखों के सामने सुबह की सरसराती पछुआ हवा के झकोरों की ताल पर झूमता अपनी पंखुड़ियों को नीचे जमीन पर बिखेरता अपनी परछाईं को भी रक्त लालिमा से भरे जा रहा था! छांव न सही! भला कौन संवेदनहीन प्राणी ऐसा होगा जो गुलमोहर के पेड़ से झरती पंखुड़ियों की सुवासित लाल अबीर से अपने को स्नात करने का लोभ संवरण कर पाए? रामेश्वर कंबोज हिमांशु की ये पंक्तियां गुलमोहर के इसी अनकहे आमंत्रण को शब्दों में बांध रहे हैं, - " गर्म रेत पर चलकर आए / छाले पड़ गए पांव में / आओ पलभर पास बैठो / गुलमोहर की छांव में / ₹. बात गुलमोहर की हो रही हो तो सुप्रसिद्ध कवि ज्योति खरे जी की इस कविता का जिक्र भला कैसे छूट सकता है ? ....₹ तपती जेठ की दोपहरी में / जब कोई खटखटाएगा / तुम्हारा दरवाजा / आओगी तुम / ' वातानुकूलित ' कमरे से निकल कर / उस तपते समय में / तुम्हें और तुम्हारे आगंतुक को गुलमोहर देगा छांव ....₹

### अपने रंग में रंग देने वाला

जेठ का महीना मात्र बिहारी की विरहणियों को ही संतप्त नहीं करता, जन साधारण भी इसकी झुलसाती गर्मी , शुष्क तेज हवाओं की चोट को बर्दाश्त कर पाना दुष्कर हो जाता है. असह्य ताप से श्रांत क्लांत धरती के श्रृंगार को पूर्णता देने का गुलमोहरी प्रयास वाकई प्रकृति के नैसर्गिक वरदान स्वरुप ही है. मैं दुहराने लगी हूं ज्योति खरे जी की कविता की अगली पंक्तियां, " लाल सुबह के रंग लिए गुलमोहर के फूल / आत्मिक सौन्दर्य के धनी होकर भी सुगंध से परे हैं / शान से खिलते हैं , धूप से जूझते हैं तब / जब तुम्हारे ' इनडोर प्लांट ' आंधियों से सूखते हैं .....यह तो बस खिलता है / सौंदर्य की सुगंध भरता है / आंखों से मन में , जीवन में .....₹ ऐन मेरे सामने खड़ा है गुलमोहर का पेड़ साकार लालिमा का पर्याय बना और मेरा मन दार्शनिकता की ओर मुड़ जाता है - ' लाली मेरो लाल की जित देखूं तित लाल. लाली देखन मैं गई , मैं भी हो गई लाल " हर जड़ - चेतन , सजीव - निर्जीव को अपने रंग में रंग देने में गुलमोहर के अलावा कौन सक्षम हो सकता है?



### क्रांति का रक्त पताका

गुलमोहर जन्मजात विद्रोही प्रतीत होता है. तभी तो जहां बाकी सारे फूल - पत्ते , वृक्ष - पौधे जेठ के गर्म लू के थपेड़ों के आगे नतमस्तक हो घुटने टेक देते हैं, वहीं गुलमोहर अपने तीखे विरोधी तेवर के साथ क्रांति का रक्त पताका फहराते हुए सिर ताने खड़ा है, साकार प्रतिमा है गुलमोहर प्रतिकार का. इसकी उद्दाम जिजीविषा अनुकरणीय है, प्रशंसनीय है! इसका अपराजेय जीवट ही तो है जो सिर के ऊपर चढ़ आए सूरज के सम्मुख चुनौती बनकर इसे खड़ा रखता है. प्रतीक है गुलमोहर तमाम शोषक शक्तियों एवं विपरीत परिस्थितियों में आत्मसम्मान के साथ जीने की कूवत का.

### यायावरी ऐसी

इसकी यायावरी प्रवृत्ति जहां हजारों - हजार मील दूर मैडागास्कर से हमारे देश तक ले आई वहीं इसके सामंजस्य पूर्ण प्रवृत्ति में विश्व के अनेक देशों के भिन्न - भिन्न प्राकृतिक परिस्थितियों में इसे स्थायीत्व दिया. अग्निपुष्प अपने वर्ण के कारण है गुलमोहर तो अंग्रेजों ने इसके सम्मोहक सौंदर्य का सम्मान किया, इसे ' फ्लेम ऑफ द फॉरेस्ट ' कहकर. आंखें मूंद कल्पना करती हूं - सघन वन में कतार में लाल फूलों से लदे गुलमोहर के असंख्य पेड़ों की! सचमुच ऐसा ही तो लगता होगा जैसे जंगल के एक छोर से दूसरे छोर तक वह्निशिखाएं अपनी जिह्वा लपलपा रही हों! अपने अप्रतिम सौंदर्य के बलबूते पर अकेले गुलमोहर ने कितने अद्भुत नाम अर्जित किए हैं! संस्कृत में इसे ' राज आभरण ' यानि राजसी आभूषणों से सुसज्जित वृक्ष कहा गया तो कृष्ण के किरीट का श्रृंगार करने के कारण ' कृष्णचूड़ ' ! किन्तु सर्वाधिक सुंदर नाम इसे फ्रांसीसियों ने दिया - ' स्वर्ग का फूल ' जो इसके नैसर्गिक और दिव्य सौंदर्य के सर्वथा अनुकूल है. प्रकृति ने भी पूरी उदारता , और इत्मीनान के साथ इसके गढ़ने में अपना अवदान दिया है - हरे झालरदार पत्तियों में खिले फूल इस बहुतायत में होते हैं कि पत्तियों पर तो दृष्टि ही नहीं पड़ती , अंगारों की तरह लाल फूल ही लश्कारे मारते दिखते हैं!

## आशा को धार देती कविताएं



अशोक प्रियदर्शी

समीक्षा

प्रेम एक शाश्वत भाव है. प्रेम करने की कोई उम्र नहीं होती. और जैसा कबीर ने कहा है ' प्रेम न बाड़ी ऊपजै, प्रेम न हाट बिकाय. राजा-परजा जेहि रुचे, शीश धरे ले जाय! 'अर्थात् प्रेम में उत्सर्ग का भाव होता है. 'देना और न कुछ लेना, इतना ही सरल झलकता है.' ये बातें मैं अरुण मिश्रा के कविता - संकलन 'तुम' के संदर्भ में कह रहा हूं, जिसका भव्य लोकार्पण पिछले दिनों 'संपर्क ' के तत्वावधान में रांची के प्रेस -क्लब में पद्मश्री से सम्मानित बलबीर दत्त तथा अन्य गणमान्य लोगों के हाथों हुआ. जैसा निवेदन किया, जिसने दर्द को जीता नहीं वह प्रेम -भाव को भी नहीं जीत सकता. अरुण मिश्रा की पुस्तक 'थैंक यू कैंसर' कुछ वर्ष पहले प्रकाशित हुई थी. स्पष्ट है, ये कैंसर-विजेता हैं. ये कैंसर का धन्यवाद इसलिए कर रहे हैं कि उसने इनमें कहीं अधिक आत्मविश्वास भरा और दर्द से लड़कर जीतना सिखाया. आश्चर्य नहीं कि इस अपेक्षया पकी उम्र में भी ये ठहाके लगाते रहते हैं, उत्साह से लबरेज हैं और खुशी बांटना चाहते हैं.

अब 'तुम' की बात करते हैं. एक पाकिस्तानी फिल्म में उपयोग की गई ग़ज़ल का शे'र है --प्यार जब हद से बढ़ा, सारे तकल्लुफ मिट गए. आप से तुम हुए, फिर तू का उनवाँ हो गए. आप में औपचारिकता है, तुम में आत्मीयता है, प्रेम है. पहली कविता में एक तरह से इसी प्रेम को 'तुम' शीर्षक से समझाया गया है –

पूस की रात में / सुलगते / अलाव की / गुनगुनी / गर्माहट हो / तुम.'

दूसरी कविता - "मां तुम दग्ध ताप हो सूरज का /या नम्र दीधीति चंद्र की" व "बाबूजी/तुम शब्दातीत थे". लेकिन पिता को तुम कहकर संबोधित करने का प्रेम -ज्वार तब उमड़ता है "जब मूक दीवार/पर टंगे" हैं मौन चित्र में बाबू जी. आगे प्रेम, प्रेम, बस प्रेम.

प्रेमजन्य आशावादिता में कवि का अंतरंग झलकता है –

**शाख से झर गये फूल आज नहीं,**
**कल फिर डालों पर आकर अपने रंग बिखेरेंगे.**

खीझ भी है तो इसी प्रेम की वजह से कि छोटी तकरारों के कारण हमारे अपनों के बीच परदा टंग जाता है और हमें बांट देता है. गुप्त जी ने लिखा था -"रुदन का हंसना ही तो गान." एक गीत है -- बाहर -बाहर हंसी देख लो, भीतर -भीतर रोना. प्रेम के आवेग के मूल में यही दर्द का सैलाब होता है और "बिटिया" से आग्रह - "अब खिलखिला कर हंसो तो जरा/मेरी बिटिया". "सहोदरा" के बिछोह का प्रेमजन्य दर्द-"जिन सांसों की चादर से मैं/छाया करता था जागे में /बोलो ओ मेरी सहोदरा/रुकी हुई वे सांसें क्यों हैं?" "अर्थ" शीर्षक कविता - "तुम उकेरो लकीरों को/और मैं/मैं गढ़ूंगा शब्द/कि मिल जाए/तुम्हारी लकीरों को जीवन/और मेरे शब्दों को प्राण". प्रेम में अकेलापन-"तुम्हारी अनुपस्थिति में/मैं/मरुभूमि में/बेमतलब का उगा/ एक कैक्टस".


इस संकलन का समापन "कोरोना" से संबंधित चार कविताओं से होता है. मजा यह कि कोरोना की भयावहता में भी आशा और प्रेम की वही सनक! इस संकलन की कविताएं प्रॉक्सी से पढ़े जाने के लिए नहीं हैं. इन्हें स्वयं पढ़ें. यह पुस्तक खरीदकर आप दुहरा लाभ कमाएंगे --एक तो इतनी अर्थगर्भ प्यारी कविताएं पढ़ने का सुख और बड़ी बात यह कि इस पुस्तक के विक्रय से जो भी राशि प्राप्त होगी वह कैंसर के उपचार, कैंसर - पीड़ितों के लाभार्थ दे दी जाएगी.




तुम : (कविता -संकलन)
कवि : अरुण मिश्रा
प्रकाशक : बीएफसी पब्लिकेशंस प्रा लि, गोमती नगर, लखनऊ.
मूल्य रु 151/-, पृष्ठ संख्या : 82
(डिमाई,पेपरबैक)

कहानी

## निश्चय





राकेश सिंह

पनुआं ने जब से मालिक की यह बात सुनी है, उसके मन में एक खलबली सी मच गई है. उत्सुकता से भर उठा है पनुआं... आखिर ई धान में कौन सेंट-इत्तर का पटवन हुआ है जो... !

"ई धान नहीं है. ई त ऊ चीज है कि जो बैल भी चार गाल खा ले तो बैल का गोबर भी गमागम गमकने लगे. बसमतिया है बसमतिया.₹ मालिक ने इस धान के बारे में यही तो कहा था. पनुआं ने मन ही मन निश्चय कर लिया था कि वह मालिक की नजर बचाकर इस धान के चावल को जरूर चखेगा. छोटे-छोटे बच्चे खलिहान में धान के बोझों की ऊंची-ऊंची टाल के गलियारों में चोर- सिपाही खेल रहे थे. चना-चबेनी फांकते बच्चे खेल के बीच जो तुकबंदी रटे जा रहे थे, बड़ी देर से सुन रहा था पनुआं -

"बूट खाओ बीन-चुन, चूड़ा भसाभस.
फांका पर फंकऊरी मारो,तब चाऊर के रस.₹
फांका न सही पर एक छोटी फंकऊरी तो जरूर मारेगा पनुआं. बस मालिक तनिक नजर तो मोड़ें. अवसर जल्द ही मिला. मालिक लघुशंका के लिए बंसवाड़ की ओट में बैठे और पनुआं ने अपना सही मौका ताड़ा. एक मुट्ठी धान लाठी की मूठ से जमीन पर ही कूटा. फूंक मारकर हथेलियों पर भूसी साफ करते हुए सोचा,

"एंह...एतना चाऊर तो दंवनी में रोज ढोर-डांगर ही खा जाते हैं₹...भक्क्-से चावल की फंकऊरी मुंह में !

भसर-भसर चावल चबाने लगा पनुआं. महकऊवा चावल की मदिर मिठास मुंह में घुलने लगी जैसे पानी भरा बताशा. मन तृप्त हो गया.

"आ...हा...हा ! का गजब का सवाद! अज्जब्बे महक है ई चाऊर में. भरकस मालिक तारीफ करते थे !₹

परम आनंद और तृप्ति से महकदार चावल का रस घोंटते हुए पनुआं की पलकें झिप गई थीं कि तभी पीछे से पनुआं की पसलियों में एक हुर्रा...₹हाय हो बाप.. !₹

पीड़ा से ऐंठ गया पनुआं. मालिक ने सीधी लाठी पनुआं की पसलियों में कोंच दी थी. आंखें लोरा उठी थीं. मुंह में महकदार चावल नहीं नमक का ढेला घुलने लगा था. मुंह का स्वाद खारा-खारा हो उठा था. बिलबिला गया था पनुआं.

"जा रे जमाना! एक फांका चाऊर में कौन सा जैजाद लुटा रहा था कि...अब न तो ऊ टैम रहा, न ऊ लोग रहे. एतना कंजूसी काहे को करते हैं मलिकार? न आगे नाथ न पीछे पगहा. कौन ठूंसेगा एतना अनाज ?₹

बगल में दूसरी दंऊरी पर दंवनी करता बिरजुआ कनखी से सारा तमाशा देख रहा था. मालिक के खलिहान से हटते ही दंवनी करते बैलों को रोक कर बिरजुआ पनुआं के पास आ गया. पनुआं की पसलियों को सहलाने लगा,

"जाए दे भाई. सूम का धन सैतान खाता है. इहे अताचार के कारण निरबंसी हो गए. एक दिन ई धन भी इहे गति बिला जाएगा.₹

"अताचार कईसन बिरजू भाई ?₹ पनुआं की पीड़ा तिरोहित हो चुकी थी. पसलियों का दर्द मानो कुछ वैसा कि जैसे दातुन करते गाल छिल गया हो.

"तू नहीं जानता? सच्चो ?₹

"न्ना.₹ पनुआं की आंखों में उत्सुक प्रश्न तैर उठा था.

"तो सुन ऊ कत्था.₹

पनुआं पटध्यान लगाए सुनने लगा. बिरजुआ अतीत में उतरने लगा. बीते मुहुर्त खलिहान में मानों फिर जी उठे थे. शुरू हो गई कथा. पनुआं भी कहानी में उतरने लगा.

अब पनुआं को बिरजुआ हिलते होंठ भर दिख रहे थे फिर वे होंठ भी अतीत के धुंधलके में गुम.. !

अब वहां न खलिहान रहा था, न धान के बोझे. न धान की ढेरी, न पुआल की टाल, न ही चोर-सिपाही खेलते बच्चे रहे. सोरठी-बिरजाभार और कुंवर-विजयमल्ल की कथाएं सस्वर पाठ करने वाले बिरजुआ की आवाज मानों किसी गहरे बीसफुट्टे कुएं के भीतर से आ रही थी. पनुआं की आंखों के सामने मानों बाइस्कोप- सा चलने लगा था. बिरजुआ की कथा...

"चढ़ते पूस का महीना था. का सान थी उस जमाने में. सस्ती का टैम था. आठ आना में डाल्टेनगंज का झुलन मेला में घूम कर लवट आए तो भी एक-दू आना बच जाता था. टइकईत-पटईत( अग्रज-अनुज ) मलिकार की जोड़ी ऐसी जैसी राम-लखन दोऊ भाई. फिटिन तो दरवाजे पर खड़ा रहता था.₹

"अरे...आगे भी तो बोल-बताव.₹

"हं-हं...तो चढ़ते पूस का महीना. रात का टैम. मालिक के दलान में बनारस के बाई जी का मोहफिल जमा था. तबला पर बनारसी तबलची नहीं, अपने टिकईत ही बैठे थे. रंग जमा ही था कि मोहफिल में बिघिन पड़ गया था.₹

"सो काहे.. ?₹

"बजराहा पीपर तर एक औघड़ धूनी रमाए था. गांजा का दम घींच-घींच के अलख निरंजन...अलख निरंजन चिल्लाता था. टिकईत बराहिल नाहर सिंह को पठाए कि जा कर धर लाओ...कौन चिल्ला रहा है.₹

"फिर बिरजु भाई ?₹ क्षण भर सांस लेने थमा बिरजुआ तो दंवनी में जुते बैल की भांति बिरजुआ को कोंचने लगा पनुआं.

"फिर का...? औघड़वा आया तो टिकईत हुकुम दिए कि हमारा मोहफिल तुम्हारा अलख से खरमंडल हो रहा है. तुरंत पीपर तर से भागो, नवका अहरा पार कर जाओ नहीं तो झोंटा पकड़ कर सिवान पार करवा देंगे.₹ "आहे दाद्दा... ! "पनुआं का मुंह फटे जूते जैसा खुला रह गया. किस्सा रसाना तो कोई बिरजुआ से सीखे. "बस! औघड़वा को गोस्सा आ गया. उसका गोस्सा देख कर पूस के अधरतिया में बनारसी बाई जी को पसीना छूटने लगा. जोगिया बस्तर पहिरे, देह पर भभूत पोते, हाथ में हाथ भर का चिमटा...औघड़वा बमक कर भूत! दे दिया सराप ( शाप ) कि जाओ, जौन धन के घमंड में यह रासमंडली रचाया है, बिला जाएगा. कोई इसको भोगने वाला नहीं रहेगा. तुम निरबंसी मरेगा.₹

"तब... ?₹पनुआं का जी कच्चे जामुन-सा कसैला हो उठा.

"तब का ?टिकईत भी पिनक गए कि जाओ-जाओ, तुम्हारा जैसा ढोंगी बहुत देखे हैं. इहां से भागो नहीं तो डाढ़ी कबार लेंगे... फिर ऊहे जाड़-ठाढ़ के रात में औघड़वा कहीं चला गया था लेकिन ओकर सराप तो फल गया न भाई. मालिक के खनदान में बस एक- ठो बेटी भर रह गई.₹

"च्च...च्च--च्च्...₹ विषाद से भर उठा पनुआं. अभी-अभी पसलियों में कोंची गई लाठी की पीड़ा पर स्वामीभक्ति हावी हो उठी. लूंगी की खूंट में बंधी खैनी निकाल कर चूने के साथ हथेली पर गोंठियाते सोचने लगा था पनुआं,...काश दैव मालिक को एक बेटा दे देते. मालिक का वंश चलता तो पनुआं के बेटे की हलवाही तो पक्की हो जाती. मालिक के आंख मूंदते ही गोतिया-भाई खेत-बधार का हिस्सा-तड़का बांट लेंगे. क्या पता वे उसके टेंगरा को चरवाही पर और सयाना होने पर हरवाही में रखेंगे या नहीं. तब कहां जायगा टेंगरा ?क्या करेगा टेंगरा? का खाएगा परिवार? चाह कर भी मालिक का अहित नहीं सोच सकता रैयत. पीढ़ी-दर-पीढ़ी से इसी घर की चरवाही-हरवाही से खाया-जिया है पनुआं का परिवार. पोसुआं जीव कहीं दरवाजा छोड़ता है? जहां से लात मिलती है वहीं से मट्ठा-भात भी तो मिलता है.

तभी मालिक फिर खलिहान की ओर आते दिखे. भुनभुनाते हुए...₹देहचोर के नाती, काम करने के समय में पियास-हगवास-मुतवास का हजार बहाना और ठूंसना हो तो सांझ को बनी-अनाज तीन सेर से रत्तीभर कम नहीं चाहिए. चलो सब जल्दी-जल्दी हाथ चलाओ.₹ बगल से गुजरते मालिक ने निरूदेश्य ही फिर एक संटी पनुआं की पीठ पर जमा दी. खजूर की हरी लचकदार संटी... ! सिसकारी फूट पड़ी. होरहोरवा सांप जैसा ऐंठ गया पनुआं. मुंह तो खोल नहीं सकता था क्योंकि इस बार उसने एक मुट्ठी महकऊवा चावल मुंह में भर रखा था. संटी लगने वाली जगह पर पीठ पर लाल सांप जैसा उभर आया था परन्तु चावल की मिठास में दर्द का तीखापन घुलता गया था. चावल जल्दी-जल्दी गटक कर दंऊरी से पुआल झाड़-झाड़ कर निकालने के काम में तन्मयतापूर्वक जुट गया पनुआं.

सांझ हुई. फिर सांझ का धुंधलका रात की स्याही पोते सो रहा. लालटेन जल गई. लालटेन की नीम पीली रोशनी में महकौवा धान के ढेरी पनुआं को लुभाने-ललचाने लगी. निकट सन-फूस की मड़ई में नांद पर बंधे बैलों के गले से लटकी घंटियां टुनटुना रही थीं. पनुआं का मन एक दुःस्साहसी निर्णय से भर उठा. घर जाते समय वह पाव भर महकऊवा धान जरूर ले जायगा. बिरजुआ से भी नजर बचा कर... ! टेंगरा की माई भी तो जिनगी में एक बार चख ले यह चाऊर जो मलकिनी बहुरिया रोज खाती है.

मन ही मन हिसाब जोड़ने लगा पनुआं. जादा से जादा का होगा? एक फांका पर एक हुर्रा. दू फांका पर एक और सोंटी तो पाव भर पर कितना... ?ऊंह्. देखा जाएगा. पूरब में कोठिलवा पहाड़ की ओट से आधा गोल चांद झांकने लगा था. चांद की झोलफोल रौशनी में, चांदनी में भीगी बिरजुआ की परछाईं खलिहान से घर की ओर जाती देख चौकन्ना हो गया पनुआं. मजदूरी की बनी-अनाज लेने मालिक के घर जाए या बिरजुआ की भांति अपने घर?

दूर नवका अहरा की ओर कोई बिरहा गा रहा था. चटक चांदनी फैलने लगी थी. थाली भर के तांबई चंद्रमा की चटक उजास फैलने के बहुत पहले ही पनुआं गमछे में दस अंजुरी महकऊवा धान बांध कर खलिहान से जा चुका था.

व्यंग्य >> बर्बरीक

## मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने

प्रेम में बहानों की बड़ी भूमिका होती है. दुश्मन ज़माना से बचने के लिए तरह तरह के बहानों की ज़रूरत पड़ती है. प्रेम की चाह इतनी प्रबल होती है कि इस समय लोकलाज, नीति, नियम सब किनारे हो जाते हैं. ठीक ऐसी ही दुर्दम्य चाह चुनाव के समय नेताओं में पैदा हो जाती है. एक पार्टी में रहते हुए दूसरी अमीर, मजबूत पार्टी के लिए चाह उसी तरह होती है जैसे किसी कोमलांगी के बाबुल के घर रहते हुए रंगीले आशिक के लिए होती है. हालांकि रंगीला आशिक भी अपनी तरफ से साम दाम दंड भेद के पैंतरे आजमाता रहता है. सिग्नल भेजता रहता है. बाबुल के घर में क्या रखा है, मेरा घर देखो कितना सुंदर है. इसपर मैंने सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च किए हैं. मेरी ताकत तो देखो. इतने राज्यों में मेरी सरकार है. मैं जितनी सुख सुविधा दे सकता हूं भला और कौन दे पाएगा. इस पर भी माशूक अगर थोड़ा शर्मा रही है घबरा रही है तो अपने दूत भूत भेजता है आशिक. आजकल ये दूत भूत ईडी सीबीआई की शक्ल में आते हैं. माशूक घबराहट में वाशिंग मशीन में प्रवेश कर जाती है और साफ दिखने लगती है. बहुत सी ऐसे भी प्रेमिकाएं होती हैं जो स्वयं सिग्नल भेजती रहती हैं कि ज़रा इधर भी नज़र ए इनायत हो जाए. कोई गीत गाकर रिझा रहा है, कोई उछल कूद कर, कोई फिल्म बनाकर बता रहा है कि हिंदुओं का स्वर्ण काल शुरू हो चुका है तो कोई किताब लिख कर बता रहा है कि असल आजादी 1947 में नहीं बल्कि 2014 में मिली है और हमारा घर कितने मजबूत और सुंदर हाथों में सुरक्षित है. ऐसे इश्क़ की सारी कवायद ही इसलिए है कि नज़र ए इनायत हो जाए. चाहत में आशिक और चुनाव के समय नेता थोड़ा कमज़ोर हो जाते हैं और यही सही वक्त होता है अपना सारा टैलेंट दिखाने का. थोड़ा सा इशारा मिल गया तो हो गया पौ बारह. बाबुल का घर छोड़ने की तैयारी शुरू हो जाती है. प्रेमी संग मिलने के बहाने खोजे जाने लगते हैं. कोई कहता है कि बाबुल के घर में मुझे आजतक मिला ही क्या है? सारी जवानी लगा दी लेकिन टिकट तक नहीं. कोई कहता है राम राम, अब बताइए हमें कहा जाता है सनातन धर्म को गाली दो, कैसे दे सकते हैं, हालांकि कल तक मजबूर हो कर दे रहा था. कोई कहता है कि मैं परिवारवाद के खिलाफ हूं, अगर आप पूछ लें कि उधर भी तो बेटे पोते सब हैं तो झट कहेंगे कि आप टैलेंट को थोड़े ही रोक सकते हैं. कोई उगते सूरज को नमस्कार कर रहा है कोई विश्व गुरु की आराधना कर रहा है. मजे की बात है कि सब देश के लिए लगे पड़े हैं, जनता की सेवा के लिए सब कर रहे हैं. यह भी तो बहाना ही है. पार्टी प्रेम, देश प्रेम, जनता के लिए प्रेम यह सब दिखाने के दांत और खाने का दांत है. कुर्सी प्रेम जिसके लिए सारी जद्दोजहद है, भागमभाग है, बहाने हैं. मतलब मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने...

> कोई कहता है कि मैं परिवारवाद के खिलाफ हूं, अगर आप पूछ लें कि उधर भी तो बेटे पोते सब हैं तो झट कहेंगे कि आप टैलेंट को थोड़े ही रोक सकते हैं. कोई उगते सूरज को नमस्कार कर रहा है कोई विश्व गुरु की आराधना कर रहा है. मजे की बात है कि सब देश के लिए लगे पड़े हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# मुंबई-दिल्ली व लखनऊ-गुजरात के बीच मुकाबला आज

## सूर्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती अभियान पटरी पर लाने के लिए दिल्ली बेकरार



भाषा । मुंबई

मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी. सूर्या चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं. मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है. दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है. इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है. सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी. सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं. उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे. मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है. बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं. तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है. कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं. उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है. रविवार को हालांकि इस मामले में उन्हें कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि इस दिन स्टेडियम में 20000 से अधिक बच्चे खेल का लुत्फ उठाएंगे.

- चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं सूर्या
- मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद 3 :30 पर शुरू होगा



आज के मैच

### दिल्ली कैपिटल्स

ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर–मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप.

### फॉर्म में लौट चुके हैं ऋषभ पंत

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है. पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं. दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था. कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर धुनाई करके 7 विकेट पर 272 दिन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था. इसके जवाब में दिल्ली की टीम 166 रन बनाकर आउट हो गई थी.

### मुंबई इंडियंस

हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड.

## तेज गेंदबाजी की सनसनी मयंक पर होगी निगाहें, जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगा लखनऊ

- भारतीय समयानुसार मैच शाम 7 :30 बजे शुरू होगा
- पिछले दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच थे मंयक

भाषा । लखनऊ

भारतीय तेज गेंदबाजी की नई सनसनी मयंक यादव के शानदार प्रदर्शन से पिछले दो मैच में जीत दर्ज करने वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम रविवार को यहां गुजरात टाइटंस भिड़ेगी. इस मैच में लखनऊ की अपना विजय अभियान जारी रखकर जीत की हैट्रिक लगाने की इरादे से मैदान पर उतरेगी. मयंक ने अपनी गति से अभी तक हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है. पिछले दोनों मैच में उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था. इस 21 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 27 रन देकर 3 विकेट लिए थे जबकि इसके बाद रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे. अपने इस शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें जल्द ही भारतीय टीम में शामिल करने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. भारतीय टीम में जगह मिलने के लिए दो मैच का प्रदर्शन मानदंड नहीं हो सकता है और मयंक को निरंतरता बनाए रखने की जरूरत हैस, जिस पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की निगाह भी टिकी होगी. बल्लेबाजी विभाग में लखनऊ के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में शानदार सलामी जोड़ी है. डिकॉक ने पिछले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन टीम को राहुल से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी. वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं.





### टीमें

**गुजरात टाइटंस**

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार.

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन–उल–हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.

### पडिक्कल व स्टोइनिस का खराब फॉर्म लखनऊ के लिए चिंता का विषय

लेकिन लखनऊ के लिए बड़ी चिंता देवदत्त पडिक्कल और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की खराब फॉर्म है. गेंदबाजी में मयंक को नवीन उल हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान, स्टोइनिस और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई से अधिक सहयोग की जरूरत है. लखनऊ की टीम तीन मैच में दो जीत से चौथे नंबर पर है जबकि शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने दो मैच जीते हैं और दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है. उसकी टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है. गिल ने पिछले मैच में 48 गेंद पर नाबाद 89 रन बनाए थे और वह अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे. बी साइ सुदर्शन अच्छी लय में दिख रहे हैं लेकिन रिद्धिमान साहा और विजय शंकर जैसे खिलाड़ियों से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. गेंदबाजी में मोहित शर्मा ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान और नूर अहमद जैसे खिलाड़ियों से अच्छे सहयोग की जरूरत है.

### त्वेसा मलिक संयुक्त सातवें स्थान पर

**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने दक्षिण अफ्रीका में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए एब्सा लेडीज आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भी इवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान पर हैं. त्वेसा ने फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में ही अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था. उन्होंने पहले दौर की तरह दूसरे दौर में भी कड़ी परिस्थितियों के बावजूद अच्छा खेल दिखाया. उन्होंने पहले दौर में भी 72 का कार्ड खेला था.

### सेंथिलकुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

**नयी दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा. विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार इस 50,000 डालर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11 6-11 4-11 से हार कर बाहर हो गए. योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा कि यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा.

चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट

## जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में



- पेगुला ने रोमांचक मुकाबले में अजारेंका को हराया
- 6–4, 3–6, 7–6 से पेगुला ने दर्ज की जीत
- सेमीफाइनल में कसाटकिना से भिड़ेंगी पेगुला

भाषा । चार्ल्सटन (अमेरिका)

शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाये और विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 3-6, 7-6 (7) से हराकर चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पेगुला फाइनल में जगह बनाने के लिए डारिया कसाटकिना से भिड़ेंगी जिन्होंने जैकलीन क्रिस्टियन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7 (4), 6-2, 6-3 से पराजित किया. इस बीच मियामी ओपन की चैंपियन डेनियली कोलिन्स ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए एलिस मर्टेंस को 6-3, 6-4 से हराया. कोलिन्स की यह लगातार 11वीं जीत है. कोलिन्स सेमीफाइनल में सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी मारिया सकारी से भिड़ेगी. सकारी ने 2021 की चार्ल्सटन चैंपियन वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-2, 6-4 से हराया.

## भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिली करारी शिकस्त

हॉकी मैच

- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5–1 से हराया
- भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने किया

भाषा । पर्थ



भारतीय पुरुष हॉकी टीम से उम्मीद की जा रही थी कि वह ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देगी लेकिन शनिवार को यहां पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला और मेहमान टीम को 5-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा. ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होने से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा. भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में कुछ अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टॉम विकम (20वें, 38वें मिनट) ने दो गोल, जबकि टिम ब्रांड (तीसरे), जोएल रिंटाला (37वें) और फ्लिन ओगिलवी (57वें) ने एक-एक गोल किया. भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने 47वें मिनट में किया. ऑस्ट्रेलिया की टीम ने खेल शुरू होते ही अपने इरादे जतला दिए थे और उसने तीसरे मिनट में ही पहला गोल कर दिया. ब्रांड को लंबा पास मिला और उन्होंने भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दाग दिया. ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद भी भारतीय रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा. उसने आठवें मिनट में पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन इस बार श्रीजेश ने अच्छा बचाव किया. ऑस्ट्रेलिया को इसके एक मिनट बाद दूसरा पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन इस बार भी श्रीजेश ने रिंटाला के शॉट को रोक दिया. भारतीय रक्षापंक्ति की गलती के कारण ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में अपनी बढ़त 2-0 कर दी और मध्यांतर तक इसे बरकरार रखा.

## प्रशंसकों को नहीं करनी चाहिए हार्दिक की हूटिंग : गांगुली

भाषा। मुंबई

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की हूटिंग करने वाले प्रशंसकों की निंदा करते हुए कहा कि इसमें खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है कि उन्हें उनके पसंदीदा रोहित शर्मा की जगह दी गयी है. जब से मुंबई इंडियंस ने घोषणा की है कि पंड्या पांच बार की चैंपियन टीम की कप्तानी करेंगे तब से उन्हें प्रशंसकों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है. अहमदाबाद में अपनी पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर अपने पहले मैच में उनकी हूटिंग की गयी. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए जब वह हैदराबाद गये, तब भी यह सिलसिला जारी रहा. मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र का अपना पहला घरेलू मैच खेला तो भी 29 वर्षीय खिलाड़ी की हूटिंग की गयी.

## सुमित नागल ने 63वीं रैंकिंग पर काबिज कोबोली को हराया

टेनिस टूर्नामेंट

- एकतरफा मुकाबले में सीधे सेटों में जीते सुमित नागल
- 6–2, 6–3 से नागल ने कोबोली को पराजित किया

भाषा । मोंटे कार्लो (फ्रांस)

भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को यहां क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी. गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की. नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच विजेता से भिड़ेंगे.

आईपीएल

हैदराबाद के खिलाफ मुकेश के खराब प्रदर्शन का सीएके के कोच ने किया बचाव

## नए खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगा चेन्नई : फ्लेमिंग

भाषा । हैदराबाद

तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगी. चेन्नई को शुक्रवार को खेले गए मैच में सनराइजर्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा. यह इस सत्र में उसकी दूसरी हार है. इस सत्र में पहली बार खेल रहे मुकेश को 'इंपैक्ट सब्सीट्यूट' के रूप में उतारा गया लेकिन उन्होंने एक ओवर में 27 रन लुटाए. यह आईपीएल के वर्तमान सत्र में दूसरा सबसे महंगा ओवर है. फ्लेमिंग ने मैच के बाद कहा कि आज हमें मुकेश चौधरी को उतारने का मौका मिला. कुछ समय पहले उसने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन आज उसका दिन नहीं था. लेकिन यह आईपीएल का हिस्सा है. उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ियों के प्रबंधन से जुड़ा है और जब आप अपनी मारक क्षमता में खुद को कमतर पाते हैं तो फिर यह नए नायकों के तलाश से जुड़ जाता है. आज ऐसा नहीं हुआ लेकिन हम जिन खिलाड़ियों को आजमा रहे हैं उन पर हमें भरोसा है और उन्होंने अच्छा अभ्यास किया है और अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं.



1. हैदराबाद के खिलाफ एक ओवर में मुकेश ने लुटाये थे 27 रन
2. मुकेश का ओवर आईपीएल के इस सत्र का दूसरा सबसे महंगा ओवर था

### 'मुस्तफिजुर रहमान की कमी खली'

चेन्नई को इस मैच में तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की सेवाएं नहीं मिल सकी जो टी20 विश्व कप के लिए अपना वीजा लगाने के लिए बांग्लादेश गए हैं. फ्लेमिंग से पूछा गया कि क्या चेन्नई को रहमान की कमी खली, उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं, यह आईपीएल का हिस्सा है. वह यहां नहीं था तो हम उसका उपयोग नहीं कर सकते थे. आईपीएल में खिलाड़ियों का चोटिल होना और किसी कारण से खिलाड़ी की सेवाएं नहीं मिलना प्रक्रिया का हिस्सा है.

कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज

## अनुपमा व थारुन बने चैंपियन

बैडमिंटन टूर्नामेंट

- अनुपमा ने फाइनल में इशारानी को 21–15, 21–16 से हराया
- थरुन ने सूंग जू को 21–10,21–19 से हराकर खिताब जीता

भाषा । अस्ताना

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और थारुन मन्नेपल्ली ने शनिवार को उरालस्क में कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किये. अल्मोड़ा की 19 साल की अनुपमा ने पिछले महीने पोलिश अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में जीत हासिल की थी. उन्होंने फाइनल में 41 मिनट में हमवतन इशारानी बरुआ पर 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरा खिताब हासिल किया. वहीं पिछले साल दिसंबर में गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उपविजेता रहे 22 वर्षीय थारुन ने आठवें वरीय मलेशिया के सूंग जू वेन को 21-10, 21-19 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता. मिश्रित युगल के फाइनल में भारत के संजय श्रीवत्स धनराज और मनीषा के की जोड़ी को मलेशिया के वोंग टीएन सी और लिम चिव सिएन की जोड़ी से 21-9, 7-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा. नुपमा इस हफ्ते अच्छी फॉर्म में दिखीं, उन्होंने फाइनल में पहुंचने से पहले हमवतन हर्षिता राउत, चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा, देविका सिहाग व जापान की सोरानो योशिकावा को मात दी.

### भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी मराकेश ओपन से बाहर

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार कर बाहर हो गए. भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7 6-3 7-10 से हार का सामना करना पड़ा. दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी. मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे.

## ब्रीफ खबरें

### किशनगंज : पांच ट्रक और एक जेसीबी जब्त

**किशनगंज ।** जिलाधिकारी तुषार सिंगल के निर्देश पर खनन विभाग के खान निरीक्षक सौरव गुप्ता ने शनिवार को अवैध खनन और परिवहन को लेकर की जा रही छापेमारी के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 5 ट्रक व एक जेसीबी को जब्त किया गया है. अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए विभाग द्वारा सख्त रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे कि सरकारी राजस्व को क्षति होने से बचाया जा सके. इसके बावजूद भी कुछ ऐसे ही इलाके हैं, जहां पर चोरी छुपे अवैध खनन किया जा रहा था.

### नवादा में एक साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के पकरीबरावां बाजार के एक एटीएम में शनिवार को एक संदिग्ध लड़का को पकड़ा गया. जिसका नाम अक्षय कुमार पिता नरसिंह ताती ग्राम भीखमपुर थाना रूपो है. जिसे जांच के बाद साइबर अपराधी के रूप में चिन्हित किया गया. जब तलाशी ली गई तो उसके पास से साइबर क्राइम का 34000 रुपया और 4 अवैध एटीएम बरामद किया गया. उसके निशानदेही पर उसके भाई उत्तम कुमार को ग्राम भिखमपुर से पकड़ा गया. उसका घर तलाशी के बाद और 27 एटीएम कार्ड, 5 मोबाइल, 9 सिमकार्ड, 1 लैपटॉप, 6 चेकबुक और आधार कार्ड और बहुत सारे कागजात बरामद किया गया.

### वाहन जांच में 1.17 लाख रुपये बरामद

**पूर्वी चंपारण ।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान झरौखर थाना क्षेत्र के अमवा चौक से एक नेपाली नंबर की बाइक से 1.17 लाख नेपाली रुपए बरामद किया है. मौके से तीन नेपाली नागरिकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पकड़े गए सभी लोग नेपाल के रौतहट जिला अंतर्गत कटहरिया थाना क्षेत्र के भसेवडा गांव निवासी हैं. झरौखर थानाध्यक्ष शिवनाथ मांझी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में जयप्रकाश प्रसाद, अवधेश प्रसाद एवं अरुण प्रसाद शामिल हैं. सभी एक ही गांव के निवासी है.



**दीक्षांत समारोह**
शनिवार को पटना वीमेंस कॉलेज के दूसरे वार्षिक दीक्षांत समारोह में जश्न मनाती छात्राएं.

## जांच के दौरान 30 किलो चांदी जब्त, बिल दिखाया 15 लाख का

- पटना से कार से चांदी लेकर रक्सौल जा रहा था

**संवाददाता । पूर्वी चंपारण**



जिला के सुगौली थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान शनिवार सुबह 30 किलो चांदी जब्त किया है. हालांकि कागजात की मांग किये जाने पर कारोबारी ने पुलिस को मात्र 15 लाख रुपए के चांदी का बिल दिया है. सुगौली थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि सुगौली-छपरा बहास मार्ग पर चांदी जब्त की गयी है.

कारोबारी रक्सौल के सोनापट्टी रोड निवासी कौशल सर्राफ बताये गये है, जो पटना से कार पर चांदी लेकर रक्सौल जा रहा था. इसी दौरान छपरा बहास चेक पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में कार में नौ पॉकेट में रखे करीब 30 किलो चांदी जब्त किया गया. पुलिस ने कार समेत चांदी को जब्त कर कारोबारी से पूछताछ कर रही है. मामले की पुष्टि करते एएसपी सदर शिखर चौधरी ने बताया कि चांदी जब्ती को लेकर इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया है. साथ ही अन्य जांच एजेंसी को भी इसकी सूचना दी गई है. एजेंसी के जांचोपरांत इस मामले में प्राथमिकी दर्ज आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

### तेजस्वी ने श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम में की चुनावी सभा, बोले-

# एनडीए वालों ने जमुई सीट को प्रयोगशाला बना दिया

**संवाददाता । पटना/जमुई**



लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जमुई पहुंचे जहां उन्होंने श्रीकृष्ण सिंह मेमोरियल स्टेडियम में महागठबंधन से राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया. तेजस्वी यादव को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार जमुई लोकसभा क्षेत्र के लिए महागठबंधन ने लोकल कैंडिडेट दिया है. अगर दूसरी तरफ देख तो एनडीए वाले लोग जमुई सीट को केवल प्रयोगशाला बनाकर रखा है. कभी इसको तो कभी उसको टिकट दे देगा जो जमुई में टिकेगा ही नहीं. वहीं तेजस्वी ने अपने अंदाज में एनडीए के प्रत्याशी अरुण भारती पर तीखा बार करते हुए कहा कि दूसरे कैंडिडेट को हम क्या कहेंगे मेहमान ही ना कहेंगे, जो अतिथि है गेस्ट है, वह चुनाव जब तक है रहेंगे फिर चले जाएंगे. उन्होंने कहा कि हमारा सम्मान तो हर एक के प्रति है. स्वर्गीय रामविलास पासवान का लाल यादव के साथ क्या ताल्लुक रहा यह किसी से छुपा हुआ नहीं है. चिराग से भी पुरानी पहचान है. कई बार हम लोग साथ में काम भी किए हैं लेकिन आज वे हनुमान बने घूम रहे हैं. कोई बात नहीं वो भाई हैं. लेकिन, अब भाई के जीजा (अरुण भारती) का पता कहां है? यह हम भी नहीं जानते हैं.

प्रधानमंत्री सिर्फ जमुई को ठगने आते हैं : डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे बीते दिनों जमुई आए हैं लेकिन, एक बार भी परिवारवाद के बारे में कुछ नहीं बोले. जबकि पहले चरण के चुनाव में ही एनडीए द्वारा जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा सीट पर परिवारवाद का ही कैंडिडेट उतर गया और हम लोगों पर परिवारवाद का आरोप लगाते हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछली बार भी मोदी आए तो बोले हम गरीबी मिटा देंगे, महंगाई भी कम कर देंगे, बेरोजगारी दूर कर दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देंगे तो बताओ कितना नौकरी दिया? प्रधानमंत्री सिर्फ जमुई को ठगने आते हैं.

### तीसरी बार मोदी आए तो बचा हुआ संविधान खत्म कर देंगे : दीपांकर

**संवाददाता । नालंदा**

बिहार शरीफ के एक निजी होटल में शनिवार को 'इंडिया' गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी के नेतृत्व में महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. इस सम्मेलन में 'इंडिया' गठबंधन से जुड़े दल के लोग भी मौजूद रहे. मुख्य अतिथि के तौर पर भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य पहुंचे थे. इस दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भाजपा कोई चुनाव नहीं लड़ रही है, जनता के खिलाफ एक जंग लड़ रही है. साजिश यह है कि तीसरी बार जीतकर मोदी सरकार लौट कर आती है तो जो बचा हुआ संविधान है वह भी खत्म हो जाएगा. यह चुनाव मोदी की तानाशाही को मात देने और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है.

### शिक्षा विभाग ने आठ अप्रैल को फिर से बुलाई कुलपतियों की बैठक

**पटना ।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सात विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक आठ अप्रैल को बुलायी है. यह बैठक विभाग की उच्च शिक्षा निदेशक डॉ रेखा कुमार के कक्ष में होगी. इस बैठक में कुलपतियों से बैंक खातों के संचालन पर लगी रोक के संदर्भ में विमर्श किया जा सकता है. इससे पहले 20 मार्च को कुलपतियों ने राजभवन में हुई बैठक में अपनी समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा था, जिस पर इस बैठक में विचार-विमर्श किया जा सकता है. इस बैठक में शामिल होने के लिए उप निदेशक दीपक कुमार सिंह ने सात विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को एक पत्र भेजा है.

## गृह विभाग ने भोजपुर डीएसपी राकेश रंजन को किया सस्पेंड

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर किए गए इवीएम भंडारण की सुरक्षा में चूक के आरोपों में गृह विभाग ने भोजपुर डीएसपी राकेश रंजन को निलंबित कर दिया है. इस मामले में उनके खिलाफ अब विभागीय जांच भी शुरू की जाएगी. इससे संबंधित अधिसूचना गृह विभाग ने शुक्रवार को जारी कर दी है. जारी अधिसूचना में गृह विभाग द्वारा बताया गया है कि इवीएम भंडारण और सुरक्षा के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन करने जैसे गंभीर आरोपों के लिए डीएसपी राकेश रंजन को प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया है. इसके फलस्वरूप उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा रहा है.

निलंबन की अवधि में राकेश रंजन की रिपोर्टिंग पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय के अधीन होगी. निलंबन के बाद डीएसपी (रक्षित) राकेश रंजन के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की जाएगी. जांच के बाद उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी. गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने बीते दिनों भोजपुर और नवादा के डीएम-एसपी को भी तत्काल प्रभाव से हटाने और भोजपुर के डीएसपी और इंस्पेक्टर को निलंबित करने का निर्देश दिया था.

## कटिहार में दो बच्चों की संदिग्ध स्थिति में मौत, गांव में हड़कंप

**कटिहार ।** जिले सालमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहिया गांव के समीप धान के खेत में दो बच्चों के शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. दोनों बच्चों का शव किचड़ से लतपथ था. मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप स्थानीय पोल्ट्री फार्म के संचालक दिलावर हुसैन पर लगाया है. मृतक बच्चों की पहचान सूरज कुमार (15) पिता राजकुमार मंडल एवं विजय कुमार (14) पिता संजय मंडल के रूप में हुई है. इस संदर्भ में मृतक के परिजनों ने बताया कि पोल्ट्री फार्म मालिक दिलावर हुसैन शुक्रवार रात बच्चों को पोल्ट्री फार्म में मुर्गा उठाने के लिए बुलाने आया था. रात में कार्य के बाद जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों के द्वारा बच्चों की खोजबीन की गई, लेकिन रात में बच्चे नहीं मिले. सुबह में धान के खेत से दोनों का शव बरामद किया गया.

### अगलगी में जले 21 घर, एक युवक की मौत

**पटना ।** राघोपुर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में हुई अगलगी की घटना में 21 घर जल गये. वहीं, एक युवक की झुलस कर मौत हो हो गयी. मृतक सौरभ कुमार चांदपुरा निवासी पोतन राय का पुत्र था. वहीं एक बुजुर्ग बुरी तरह झुलस गये. अगलगी की घटना में राघोपुर थाना क्षेत्र की फतेहपुर पंचायत के नयकीपारी टोला में 17 घर, चांदपुरा पंचायत में दो घर तथा जुड़ावनपुर थाना के राघोपुर पश्चिमी दो घर जल गये. इस घटना में आठ बकरी भी झुलस गयी.

## कारोबार

### 3,911 करोड़ जुटाएगी इंडियाबुल्स रियल एस्टेट

**नयी दिल्ली ।** इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ब्लैकस्टोन ग्रुप और एम्बेसी ग्रुप को शेयर तथा वारंट जारी करके 3,911 करोड़ रुपये जुटाएगी. कंपनी ने कहा है कि उसके निदेशक मंडल ने इसकी मंजूरी दे दी है. वैश्विक निवेश कंपनी ब्लैकस्टोन 1,235 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बेंगलुरु की एम्बेसी ग्रुप 1,160 करोड़ रुपये लगाएगी. वारंट के रूपांतरण के बाद, एम्बेसी ग्रुप के पास इंडियाबुल्स रियल एस्टेट में 18.7 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि ब्लैकस्टोन के पास 12.4 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी.

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 5,000 करोड़ जुटाए

**नयी दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड ने अपनी वृद्धि योजनाओं में तेजी लाने के लिए अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी सहित संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं. कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इसने अपना 5,000 करोड़ रुपये का पात्र संस्थागत प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा कि क्यूआईपी से प्राप्त आय इसकी पूंजी संरचना को और मजबूत करेगी, वित्तीय मजबूती को बढ़ाएगी.

### कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के पार

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है. ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 92 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है.

### चीन से ज्यादा भारत को पसंद कर रहे निवेशक

## 100 अरब डॉलर आ सकता है एफडीआई

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



**मजबूती आया**

- अगले 5 साल में लक्ष्य को पूरा होने की उम्मीद जताई
- एफडीआई में पिछले साल गिरावट देखी गयी है

भारत सरकार ने इस साल फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफडीआई) के लिए 100 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा है. पड़ोसी देश चीन से दूरी बना रहे निवेशकों को भारत एक बड़े अवसर के तौर पर देख रहा है. भारत सरकार की कोशिश है कि विदेशी निवेशकों के सामने चीन के विकल्प के रूप में मजबूती से खड़ा रहा जाए. केंद्र सरकार ने एफडीआई को भारत की रहा दिखाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है.

डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड के सचिव राजेश कुमार सिंह ने इकोनॉमिक टाइम्स को बताया कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारत सालाना 100 अरब डॉलर का एफडीआई लक्ष्य हासिल कर लेगा. यह लक्ष्य अगले 5 साल में हासिल करने की पूरी उम्मीद है. भारत को लेकर पूरी दुनिया में पॉजिटिव माहौल बना हुआ है. साथ ही भारत की आर्थिक तरक्की पर पूरी दुनिया भरोसा जता रही है.

राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 5 साल में एफडीआई का औसत 70 अरब डॉलर बना हुआ है. इसमें पिछले साल गिरावट जरूर आई है लेकिन, वित्त वर्ष 2024-25 में ट्रेंड बदलने की पूरी उम्मीद है.

**अपने बिजनेस को दुनियाभर में चल रहे तनावों से बचाने का प्रयास :** उन्होंने कहा कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भारत पर भरोसा जता रही हैं. साथ ही वह अपने-अपने बिजनेस को दुनियाभर में चल रहे तनावों से बचाने के लिए भी प्रयास कर रहे हैं. वह अपने कारोबार को एक ही जगह केंद्रित नहीं रखना चाहते. इसके लिए उन्होंने चीन प्लस वन रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है. एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियों ने हाल ही में भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाई है.

**भारत में विकास की असीम संभावनाएं हैं**

राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वेहिकल, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स और जनरल कंज्यूमर गुड्स जैसे सेक्टर में विकास की बहुत संभावनाएं हैं. इन सेक्टर में अभी हम ग्लोबल औसत से काफी नीचे हैं. सरकार देश में एफडीआई को बढ़ाने के लिए और ज्यादा कदम उठाने को तैयार है. देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए सरकार जरूरी कानूनी बदलाव भी करने को तैयार है. सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव प्रोग्राम के नतीजे भी अच्छे आ रहे हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए शुरू किए गए उपायों का भी असर दिखाई दे रहा है.

### भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 18.2% बढ़ा है

**एजेंसी । सिंगापुर**

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है. भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी. उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है. वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.

प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23 के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया. उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है. इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया.

## एलन मस्क को पछाड़ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बने जुकरबर्ग

- रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में 11वें पायदान पर

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं. जुकरबर्ग ने टेस्ला के मालिक एलन मस्क को पीछे छोड़ कर 2020 के बाद पहली बार यह स्थान हासिल किया है. वहीं, फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 223 अरब डॉलर (18.57 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की शनिवार को जारी ताजा सूची के अनुसार मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 2020 के बाद पहली बार उछल कर 187 अरब डॉलर (15.57 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) हो गई है. वहीं, एलन मस्क की कुल संपत्ति 181 अरब डॉलर (15.07 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) है. इस तरह एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में अब चौथे स्थान पर आ गए हैं, जबकि मस्क को पछाड़ कर जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं.

**500 अमीर लोगों की संपत्ति के आधार पर रैंकिंग होता है :** ब्लूमबर्ग की सूची के मुताबिक इस साल एलन मस्क की नेटवर्थ में 48.4 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग ने अपनी संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर (4.90 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) जोड़े हैं. वहीं, भारत का कोई भी शख्स बिलेनियर की इस सूची में टॉप टेन में शामिल नहीं है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर (करीब 9.32 लाख करोड़) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं.

### आरबीआई ने एनबीएफसी का सर्टिफिकेट किया रद्द

**नयी दिल्ली ।** आरबीआई ने चार गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) कुंडल्स मोटर फाइनेंस, नित्या फाइनेंस, भाटिया हायर परचेज और जीवन ज्योति डिपॉजिट्स एंडएं एडवांसेज के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया है. आरबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर एक करोड़ रुपये और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस पर 49.70 लाख का जुर्माना लगाया है.

### अमेरिका चीन पर बढ़ा सकता है शुल्क


**एजेंसी । क्वांगचो (चीन)**

अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने चीन की अपनी आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन उससे घरेलू विनिर्माण नीतियों को बदलने की अपील की है. चीन के सरकारी मीडिया ने उनके संदेश का विश्लेषण करते हुए कहा कि अमेरिका हरित ऊर्जा उत्पादों पर अधिक शुल्क लगा सकता है. येलेन ने चीन के प्रमुख औद्योगिक शहर क्वांगचो से अपनी पांच दिवसीय यात्रा शुरू की. उन्होंने अब तक वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका चीन की अनुचित व्यापार प्रथाओं के बारे में क्या सोचता है. चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को कहा कि येलेन की यात्रा एक अच्छा संकेत है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं बातचीत कर रही हैं. एजेंसी ने साथ ही कहा कि स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में चीन की अत्यधिक क्षमता के बारे में सकारात्मक सोचते हैं.

**रिजर्व मार्च** लगातार छठे सप्ताह भी ऑल टाइम हाई पर पहुंचा फॉरेन एक्सचेंज

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645.58 अरब डॉलर पहुंचा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया. इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने दी. यह लगातार छठा सप्ताह है, जब फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़ा है. इससे एक सप्ताह पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था. इससे पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व सितंबर 2021 में 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था. ग्लोबल एक्टिविटीज के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए फॉरेक्स रिजर्व का इस्तेमाल किया, जिससे फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में थोड़ी कमी आई थी. आरबीआई हर सप्ताह फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व और गोल्ड रिजर्व का डेटा जारी करता है.

**फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का अहम हिस्सा**

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 570.618 अरब डॉलर पर पहुंच गए. फॉरेन करेंसी एसेट्स, फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का अहम हिस्सा होते हैं. डॉलर में एक्सप्रेस किए जाने वाले फॉरेन करेंसी एसेट्स में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है. आरबीआई ने कहा कि रिव्यू वीक के दौरान गोल्ड रिजर्व 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया. इस बीच स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआरएस) 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.145 अरब डॉलर रह गए.

**रिजर्व डिपॉजिट भी 20 लाख डॉलर घटा**



रिजर्व बैंक के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के पास भारत की रिजर्व डिपॉजिट भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गया. रेपो रेट को बिना किसी बदलाव के 6.5% पर बरकरार रखे जाने से इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में 5 अप्रैल को भारतीय करेंसी रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे मजबूत होकर 83.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ. दिन के कारोबार में इसने 83.26 प्रति डॉलर का उच्च स्तर और 83.45 प्रति डॉलर का निचला स्तर छुआ था.

## आकाश एजुकेशन को अपनी 6% हिस्सेदारी नहीं बेच पाएंगी

### कंपनी को इमरजेंसी आर्बिट्रेशन कोर्ट ने दिया आदेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

एडटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. बायजू की पेरेंट कंपनी 'थिंक एंड लर्न' अब आकाश एजुकेशन में अपनी 6 फीसदी हिस्सेदारी नहीं बेच पाएंगी. कंपनी को यह आदेश इमरजेंसी आर्बिट्रेशन कोर्ट ने दिया है. थिंक एंड लर्न के ऊपर बिलेनियर डॉक्टर रंजन पाई की कंपनी एमईएमजी फैमिली ऑफिस का कुल 350 करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसे कंपनी लौटाने में विफल रही है. ऐसे में एमईएमजी फैमिली ऑफिस ने अपने पैसे प्राप्त करने के लिए मार्च 2024 में मध्यस्थता के प्रोसेस को शुरू कर दिया था. पीटीआई की खबर के मुताबिक एमईएमजी फैमिली ऑफिस के 350 करोड़ रुपये वापस लौटाने के लिए प्रक्रिया को शुरू करें.

**लंबे समय से जूझ रही है बायजू कंपनी**

एक समय पर 22 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन वाली कंपनी बायजू लंबे वक्त से आर्थिक संकट से गुजर रही है. कंपनी अपने कर्मचारियों को पिछले चार महीने से वक्त पर सैलरी देने में असफल रही है. हाल ही कंपनी ने सभी कर्मचारियों के एक लेटर के जरिए मार्च में देर से सैलरी मिलने की जानकारी दी है.



प्रयागराज में शनिवार को लोकसभा चुनाव से पहले मतदान जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए छात्रों ने एक मानव श्रृंखला बनाई. -फोटो : पीटीआई.

# कांग्रेस ने गोवा लोस सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

## दक्षिण गोवा के सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट कटा

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं.

कांग्रेस पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है. मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेंद्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है. वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है. कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है. इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे. वहीं, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पहले ही उत्तर गोवा से श्रीपद नाइक और दक्षिण गोवा सीट से पल्लवी डेम्पो के नाम की घोषणा कर चुकी है. देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे. इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा. मतगणना चार जून को होगी.

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप के नेता और कार्यकर्ता आज करेंगे अनशन

**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पंजाब के सीएम भगवंत मान आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को अनशन करेंगे. पार्टी के विधायक दिनेश चड्ढा ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पंजाब के सीएम मान और सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में सात अप्रैल को शहीद भगत सिंह नगर जिले के खटकर कलां में अनशन करेंगे. 'आप' ने दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में सात अप्रैल को देशव्यापी सामूहिक अनशन का आह्वान किया है. आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को पिछले महीने प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था.

## ब्रीफ खबरें

### बस और कार की टक्कर में तीन की मौत, 26 घायल

**सिवनी (मप्र)।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में विशेष सशस्त्र बल के जवानों को ले जा रही एक बस और एक कार की टक्कर में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक जवान को गंभीर चोटें आयीं हैं और उसे उपचार के लिए पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर भेजा गया है. यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर सिवनी-मंडला राज्य राजमार्ग पर धनगढ़ा गांव के पास शुक्रवार देर रात करीब एक बजे हुई.

### बीएमसीआरआई के 47 छात्रा अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** 'बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (बीएमसीआरआई)' के 47 छात्राओं को दस्त और निर्जलीकरण की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. निदेशक रमेश कृष्णा के मुताबिक, संस्थान के 'महिला छात्रावास' की 47 छात्राओं को शुक्रवार को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया. उन्होंने बताया कि इनमें से 28 'ट्रॉमा केयर सेंटर' में, 13 एच खंड में और तीन गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं.

### भूकंप के बाद भी फंसे हैं 600 से अधिक लोग

**ताइपे।** ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप के तीन दिन बाद शनिवार को भी 600 से अधिक लोग फंसे हुए हैं. ताइवान में बुधवार को आए भूकंप को बीते 25 वर्ष में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप माना जा रहा है, जिससे कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं. इस भूकंप के कारण 12 लोगों की मौत हो गई. बचावकर्मी पत्थरों के नीचे दबे शाकाडांग मार्ग पर दो शवों को निकालने के लिए भारी उपकरण लाने की योजना बना रहे हैं.

### तीन दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे पंचनाथन

**वाशिंगटन।** 'नेशनल साइंस फाउंडेशन' (एनएसएफ) के निदेशक सेतुरमन पंचनाथन तीन दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे, जिसमें बोस्टन में 'नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी' में एक भाषण भी शामिल है. पंचनाथन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन में उच्च पदस्थ भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अधिकारी हैं. पंचनाथन स्नातक कक्षाओं में भाषण देंगे और तीनों विश्वविद्यालयों में से प्रत्येक में 'डॉक्टरेट' की मानद उपाधि प्राप्त करेंगे.

## भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-

# केंद्र में फिर भाजपा को चुनेंगे लोग

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है और उन्होंने भरोसा जताया कि लोग पार्टी को केंद्र में एक और कार्यकाल के लिए चुनेंगे, ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए तैयार की गई नींव को मजबूत किया जा सके. मोदी ने भाजपा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने की भी क्षमता रखती है.

उन्होंने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है, जबकि दशकों तक शासन करने वाले दलों ने इसी राजनीतिक संस्कृति को देश की पहचान बना दिया था. मोदी ने कहा कि नए भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन होने से विकास का लाभ आज अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है.

### भाजपा की सबसे बड़ी ताकत पार्टी के कार्यकर्ता

मोदी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति इसके कार्यकर्ता हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में दिन-रात जुटे रहते हैं. देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने में सक्षम है.



### 2014 में भाजपा को पहली बार पूर्ण बहुमत मिला

भाजपा ने 1984 में लड़े गए अपने पहले राष्ट्रीय चुनाव में केवल दो लोकसभा सीट जीती थी. बाद में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में यह पार्टी तेजी से मजबूत हुई और यह 90 के दशक में एक गठबंधन का नेतृत्व करते हुए सत्ता में आई. इसके बाद मोदी के नेतृत्व में 2014 में पार्टी को पहली बार पूर्ण बहुमत मिला और फिर 2019 में उससे भी बड़ा जनादेश मिला.

### जनता-जनार्दन नए लोकसभा सदस्य चुनने को तैयार

मोदी ने आगामी आम चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि देश की जनता-जनार्दन एक नई लोकसभा चुनने को पूरी तरह से तैयार है. मैं आश्वस्त हूं कि देशभर के मेरे परिवारजन हमें एक और कार्यकाल का आशीर्वाद देने जा रहे हैं, ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए जो नींव तैयार की गई है, उसे नई मजबूती दी जा सके. भाजपा की स्थापना 1980 में पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के नेताओं ने की थी. भारतीय जनसंघ ने आपातकाल के बाद 1977 के चुनावों में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए जनता पार्टी बनाने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ विलय कर लिया था.

### हमारा राजग के साथ गठबंधन और मजबूत होगा

पीएम ने कहा कि हमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का अभिन्न अंग होने पर भी गर्व है, क्योंकि यह गठबंधन देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर भारत को आगे ले जाने में विश्वास रखता है. राजग एक ऐसा गठबंधन है, जो देश की विविधता के खूबसूरत रंगों से सजा है. हमारी यह साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे पक्का विश्वास है कि आने वाले समय में हमारा यह गठबंधन और भी मजबूत होगा.

### आज सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है

पीएम ने कहा कि आज भाजपा की उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है. मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है. उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए गौरव की बात है कि भाजपा अपने विकासवादी दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति हमेशा समर्पित रही है.

### बोले पीएम

- भाजपा भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है
- हाशिए पर रह रहे लोगों की आवाज बनी है भाजपा

### हर देशवासी का जीवन आसान बना है

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है. हमारी योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित भाई-बहनों को एक नई ताकत दी है. जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे थे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी. भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई. उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समग्र विकास के लिए काम किया है, जिससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है. मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के मेरे कर्मठ और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं.

# पश्चिम बंगाल में एनआईए की टीम पर हुआ हमला

## 2022 में हुए विस्फोट के दो साजिशकर्ता गिरफ्तार



भाषा। पश्चिम बंगाल

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से 2022 के एक विस्फोट मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया है. सुरक्षा एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि दो आरोपियों बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया. इससे पूर्व छापेमारी के क्रम में भीड़ द्वारा एनआईए की टीम पर हमला कर दिया गया.

एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि मनोब्रत के घर की भी तलाशी के दौरान स्थानीय लोगों ने एनआईए टीम के काम में बाधा डालने की कोशिश की. इसमें टीम के एक सदस्य को मामूली चोट आई है और एजेंसी का एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है. बता दें कि भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को एक कच्चे घर में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी. इस मामले की जांच बाद में एनआईए को सौंप दी गई थी. जांच के दौरान एनआईए ने मामले में आरोपियों की भूमिका को उजागर किया था, जिनमें नरूबिला गांव का मनोब्रत जाना और निनारुया अनलबेरिया का बलाई चरण मेइती शामिल था. प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों को कोलकाता में एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा.

**एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया: ममता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में ग्रामीणों ने एनआईए की टीम पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया. मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जांच एजेंसी का दल '2022 में पटाखे फोड़ने' की एक घटना की जांच के सिलसिले में तड़के ग्रामीणों के घरों में गया था. ममता ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में एक चुनावी रैली के दौरान कहा, भूपतिनगर की महिलाओं ने नहीं, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने हमला किया था. उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं पर हमला होगा, तो क्या महिलाएं शांत बैठी रहेंगी? उन्होंने कहा कि दिसंबर 2022 की घटना को लेकर एनआईए अधिकारियों का उनके घरों में जाने का उन्होंने केवल विरोध किया था.

### समुद्र में फेंका गया 4.9 किलोग्राम सोना बरामद



**रामनाथपुरम।** तटरक्षक बल और सीमा शुल्क विभाग के एक संयुक्त अभियान में राजस्व आसूचना निदेशालय ने श्रीलंका से तस्करी करने के बाद समुद्र में फेंका गया तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है. शनिवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि तटरक्षक बल और रामनाथपुरम की सीमा शुल्क इकाई के साथ एक संयुक्त अभियान में डीआरआई ने मंडपम के वेदलाई तट के निकट समुद्र से 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया.

# रूसी मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत, 11 हुए घायल

- रूस ने यूक्रेन पर 32 शहीद ड्रोन और छह मिसाइलें दागीं

भाषा। कीव

रूस की सेना द्वारा यूक्रेन पर शुक्रवार रात किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण खारकीव में छह लोगों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए.

खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि शहर पर मिसाइल हमलों के कारण आवासीय इमारतें, एक गैस स्टेशन, एक बालवाड़ी, एक कैफे, एक दुकान और कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं. वायुसेना कमांडर के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर कुल मिलाकर ईरानी निर्मित 32 शहीद ड्रोन और छह मिसाइलें दागीं. लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी वायु रक्षा बलों ने तीन क्रूज मिसाइल और 28 ड्रोन को मार गिराया. उन्होंने कहा कि रूसी हत्यारे यूक्रेनियों को आतंकित करना और खारकीव एवं अन्य शांतिपूर्ण शहरों पर हमला करना जारी रखे हुए हैं. रूसी सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा है कि यूक्रेन ने शनिवार सुबह रूस पर 'वैम्पायर' रॉकेट दागे. रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उस पर दागे गए सभी 10 रॉकेट को रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया.

### सीबीआई ने बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय राजधानी में बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर दो शिशुओं को बचाया है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. बाल तस्करी गिरोह के बारे में जानकारी मिलने पर संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में कई स्थानों पर तलाशी ली. उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान दोनों शिशुओं को केशवपुरम में एक स्थान से बचाया गया. जांच एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि शिशुओं को बेचने वाली एक महिला और उन्हें खरीदने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि बाल तस्करी गिरोह के अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है.

## धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए थे भारतीय कामगार

# लाओस से 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश

भाषा। नयी दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है. विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है. लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं. उन्होंने कहा कि लाओस में भारतीय दूतावास ने अच्छा काम किया. सुरक्षित वापसी में मदद के लिए लाओस के अधिकारियों का धन्यवाद. विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था. मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में नौकरी के अवसर तलाश रहे भारतीयों से भावी नियोक्ता की पृष्ठभूमि की अच्छी तरह से जांच करने का आह्वान किया था. परामर्श में कहा गया था, ऐसा पता चला है कि कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं.

## आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देने के लिए की प्रशंसा

# मालदीव ने भारत का जताया आभार

### खास बातें

- यह वास्तव में दीर्घकालिक मित्रता का संकेत है
- भारत ने कुछ वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाया था



भाषा। माले

भारत के मालदीव को आवश्यक वस्तुओं के निर्यात की अनुमति देने पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने शनिवार को आभार जताया. उन्होंने कहा कि यह फैसला दीर्घकालिक द्विपक्षीय मित्रता और व्यापार एवं वाणिज्य को बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है. भारत ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के दौरान मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी और दाल जैसी कुछ वस्तुओं की निर्दिष्ट मात्रा के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया था. भारतीय उच्चायुक्त ने शुक्रवार को यहां कहा कि मालदीव सरकार के आग्रह पर भारत ने 2024-25 के लिए जरूरी वस्तुओं की निर्दिष्ट मात्रा में निर्यात की अनुमति दी है. भारतीय दूतावास ने एक अधिसूचना में कहा कि साल 1981 में इस व्यवस्था के लागू होने के बाद से निर्यात के लिए स्वीकृत मात्रा सबसे अधिक हैं.

### भारत अपने पड़ोसियों के लिए प्रतिबद्ध है : एस जयशंकर

जमीर ने इस कदम के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भारत को धन्यवाद किया. मालदीव के विदेश मंत्री ने लिखा कि मैं वर्ष 2024 और 2025 के दौरान मालदीव को भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम बनाने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारत सरकार को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं. यह वास्तव में एक संकेत है, जो हमारे दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और द्विपक्षीय व्यापार एवं वाणिज्य को और अधिक बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत अपने पड़ोसियों को सर्वाधिक महत्व देने लिए प्रतिबद्ध है.

विश्व स्वास्थ्य दिवस

ESTD 2002 MOB 8434827161/9835334526
NIDAN SEVA SADAN
Spon's : NIDAN SEVA TRUST
Dr. ANAND KUMAR
MD
STROKE & NEUROPATHY MANAGEMENT
हमारे यहां इन सभी रोगों का इलाज होता है, जैसे लकवा, गठिया, मिर्गी, नस रोग, कमर दर्द गर्दन दर्द, घुटना दर्द, हाथ-पैर का झिनझिनाना एवं शुगर (डायबिटीज)
नोट : फिजियोथेरापिस्ट द्वारा एक्सरसाइज एवं सेकाई होता है।

NEW BORN & CHILD CARE CENTRE
An ISO Certified 9001-2015 Child Clinic


Facilities :
- OPD
- PHARMACY
- VACCINATION
- PLAY AREA
- NEBULISATION SERVICES
- DIETICIAN SERVICES



Dr. Anitabh Kumar
MBBS (RIMS) MD (Pediatrics)
MIAP MNNF
Ex- Senior Resident
(Lady Hardinge Medical College & Kalawati Saran Children Hospital, New Delhi)

New Born & Child Specialist
Res. & Clinic
C-126, Harmu Colony, Ranchi-02, Ph : 9931175744

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)